Dedicated Respectfully

to

Our beloved **Amiji,**

the noble lady whose life of **Sadhan** *and service has been a living example of the vitality and the vigour of the faith of* **Nava-Vidhan** *in Sind.*

(ब्रह्मानंद केशव चंद्र सेन)

Keshub Chunder Sen

The Founder of Nava Vidhan (Harmony of Religions)

प्रस्तावना.

एक साधक का वचन है के, "संगीत द्वारा ही मनुष्य प्रभु के चरण सहज से छू सकता है." यह वचन यथार्थ है; क्योंके मन प्रभुको खोजना में इधर उधर भटकता है, लेकिन प्रभुकी तरफ जो रस्ता जाता है उस पर चलने के लिये पहिला कदम येही है के अपने आप को भुल जाना.

और जब हम संगीत गाते या सुनते है तो अपने आप की सुध बुध नहीं रहती. इस कारण से ही भारत वर्ष में हमेशा कीर्तन पर ज्यादा जोर दिया गया है.

यह "प्रेम माला" जिसके संगीत बहुत सारे साधु और साधकाओं के भजनों से संग्रह किये गये हैं: सो हृदय भरे प्रेम से पाठक गणों की सेवा में भेटा की जाती है.

इस "प्रेम माला" का एक विशेष गुण यह है के, इसमें कुछ बंगाली भजनों का अनुवाद हिन्दी में दिया गया है, और जिन्होने बंगाली भजन कभी सुने हैं उन को मालूम है के वह कैसे रस भरे सुर से गाये जाते

हैं. इस लिये उन भजनें का सुर और ताल बंगाली भजनें का ही रखा है. जिस तरह से पाठकगण उस रस को भी लाभ कर सकें

आशा है के इस "प्रेम माला" को पाठकगण प्रेम और आदर से स्वीकार करके, साधन का उपाय बनावेंगे और अपने जीवन की उन्नति करेंगे.

अब ईश्वर से प्रार्थना है के पाठकगणें के दिलों में अपना प्रेम प्रकाश करके उसी भाव को प्रसिद्ध करें जिससे भरकर साधक गणों ने यह भजन उच्चारण किये थे.

प्रकाशक
प्रेमदास

नवविधान ब्रह्म समाज
मीशन रोड, कराची (सिंध)
२–अक्टोबर १९२७

अनुक्रमणिका.

ब्रह्मोत्सव निकट आगया था और सारा पुस्तक उस समय तक नहीं छप सका, इसलिये एक भाग पहिले छपवाके सज्जनों की भेट किया गया था, और दूसरा भाग पीछे छापा गया, इस लिये अनुक्रमणिका भी दो भाग में लिखी गई है.

☞ *This book can be had from :—*

1. PREMDAS (Dr. Reuben), N D BRAHMO SAMAJ, Mission Road, KARACHI.
2. Messrs. N. H. Punjabi & Co. BUNDER ROAD, KARACHI.

☞ *This book can be had from —*

1. PREMDAS (Dr. Reuben), N D BRAHMO SAMAJ, Mission Road, KARACHI.
2. Messrs N. B. Punjabi & Co. BUNDER ROAD, KARACHI

द्वितीय अनुक्रमणिका.

श्लोक

सुविशालमिदं विश्वं पवित्रं ब्रह्ममन्दिरम् ।
चेतः सुनिर्म्मलस्तीर्थं सत्यं शास्त्रमनश्वरम् ॥
विश्वासो धर्म्ममूलंहि प्रीतिः परमसाधनम् ।
स्वार्थनाशस्तु वैराग्यं ब्राह्मैरेवं प्रकीर्त्यते ॥

Pandit Gour Govind Roy

ये विशाल विश्व पावन ब्रह्म निकेतन ।
नित्य शास्त्र सत्य, तीर्थ निर्मल ही मन ॥
है विश्वास धर्म मूल, प्रीति ही साधन ।
स्वार्थ नाश है वैराग, कहें ब्राह्मगण ॥

प्रेम माला

प्रथम अध्याय

उद्बोधन

१. वरहंस ताल धमाल (तर्ज—नाथ तेरी रचना)

चलो मन हरि संग वास करो रे ॥ टेक ॥
सुंदर जगमें व्यापी रह्यो प्रभु, वामें आश धरो रे ।
सरल भावसें हरिगुण गाओ, पल पल शांति भरो रे ॥ १ ॥
दृढ विश्वास श्रोर प्रेम उनपर, हर प्रसंग धरो रे ।
अटल रहो हरि के चरणन में, कबहुँ न उनसे टरो रे ॥ २ ॥
प्रभु राज में आय के प्योर, क्यों न आनंद करो रे ।
सबही आत्मा प्यासी इसी का, क्यों नहीं पान करो रे ॥ ३ ॥

२. भैरवी—ठुमरी

धन्य होगा मानव जनम, गाओ रे ब्रह्म नाम ।
गाओ नाम उथलेगा सुधासिंधु, पियो रे भाई अविराम ॥गाओ॥टेक॥
नाम करो ध्यान, नाम करो गान, नाम से ही होगा परित्राण ।
नाम प्रभाव से ही हृदय मे, देखोगे तुम स्वर्गधाम ॥ गाओ ॥ १ ॥
दुखी का है संबल ये नाम, पापी तापी का प्राणाराम ।
ये नाम देवों को है प्यारा, बोलो रे मन अविराम ॥ गाओ ॥ २ ॥

३. खमाच, ताल दादरा

आओ बहिनो भाईयों मिलके, करें हरि भजन को ॥ टेक ॥
हरि तात मात भाई, और सखा बंधु सहाई ।
करें वो सदा भलाई, भूलो नहीं उनको ॥ १ ॥
महिमा उसकी देख, जरा तो करो विचार ।
ज्योति देके सूर्यको, दूर कियो अंधार को ॥ २ ॥
चंद्र तारे किस तरहें, रहते हैं गगन मे ।
पशु पची फूलों में, देखो उसके दीदार को ॥ ३ ॥
अन्न जल देके, रखता है हमको अदिन ।
ऐसे हरिको छोडके, क्या ढुंढें हम और को ॥ ४ ॥

---

४. विभास. (तर्ज—आनंदे गान करो)

प्रभु तेरा सखा, प्रेम जाका भरा, आज देखो यहा, आख खोलो खोलो।
सब पाले वही, पूर्ण जाकी दया, देख सारी भया, प्राण मेरो मेरो ॥टेक॥
विधाता हरि, सृष्टि सारी करी, ध्याव याही घडी नींद तोडो तोडो ।
नर नारी सभी, आज आओ अभी, देर लावो नहीं ध्यान जोडो जोडो ॥१॥
भवसिंधु तरी एक वोही हरि, और नाहीं कोई साथ जानो जानो ।
जग याके बिना शांति देगाहि ना, क्यों तुं भूला मना बात मानो मानो ॥२॥
अब आओ हरि देर कोइ करी, नाव टूटी पडी सिंधु माहीं माहीं ।
प्रभु तारो अभी, नहिं तो डुबे सभी, एक तुंही गति, और नाहीं नाहीं ॥३॥

---

५. कालंगडा. (तर्ज—अब हरि की धूम)

मन पांखी चलो चले घरकों रे, अब त्यागें यह देह पिंजरको रे ॥टेक॥
विष खाया सदा यहां रहके रे, नहीं भोगा कभी सुधारस को रे ॥१॥
बहु पाखी सुखी रहे जिसमें रे, चल जावें उसी हरिपुरको रे ॥२॥
चल खावें वहा भमि फल को रे, जल पीवेहि प्रेम सागरको रे ॥३॥
अब कुंडी खुले ही पिंजरकी रे, हम भागे तजें अडम्बरको रे ॥४॥

६. पीलु. ताल पोस्त (तर्ज—हमन आशक दिवाने)

हमें उद्धार करने का, प्रभुही एक आला है ।
दिया जिसने हमें जीवन, जगत से जो निराला है ॥टेक॥
न लाके ध्यान में कुछ भी, हमारे इन गुनाहों को ।
हमें जिसने हमेशा हि, मुसीबत से निकाला है ॥१॥
रहा करता है जो हरदम, हमारे साथ दुनियां मे ।
रहम जिसका सभीने हि, हमेशा देखा भाला है ॥२॥
हमारे और उसके ही, न कोई बीच मे आता ।
हमारी जान की है जान, गो जाहिर निराला है ॥३॥
इसीसे छोड दो सारे, दुनियावी वसीलो को ।
चलो सीधे दरेहक को, खुला देखोहि ताला है ॥४॥
लगती है कुंजी प्रेम की, खोलो तुम वह अभी चाहो ।
सभी हादी पैगम्बर ने, इसीसे खोला ताला है ॥५॥

७. झींट खयरा.

नित्य नए सुर मधुर मधुर, नूतन विधान गान ।
विविध राग रागिनी मिलके, अनंत मिलन तान ॥टेक॥
दर्शन विज्ञान, आगम्य पुराण, गाओ सब सम स्वरे ।
गाओ सभी मिलि भक्तों की संग ले, हरे नाम हरे हरे (हिंदु मुसलमान)॥१॥
सुन के यह गीत, होएगा मोहित, गलके कठोर प्राण ।
उठेंगे बजके हृदय यंत्र, नाम सुधा कर पान ॥२॥
कहत है केशव, नहीं सुना ये कब ओर नहीं था अनुमान ।
(यह न दूसरे मुख से सुनी हुई कथा)
ब्रह्म कृपा से ही देखा हुं जाना हुं, करता हुं यह साक्ष दान ।
जीवने मरने करता हुं यह साक्ष दान ॥३॥

---

८. भैरवी. (तर्ज—मिल मिलके प्रभू तव)

राम बिना को नाही रे साधो, राम बिना को नाही ।
आगे रामा पाछे रामा, रामा बोले मांही ॥टेक॥
उत्तर रामा दखन रामा, पूरब पछन रामा ।
स्वर्ग पाताल महियल रामा, राम सगल बिसरामा ॥१॥
ऊठत रामा बैठत रामा, सोवत जागत रामा ।
राम बिना को ओर न दीसे, सगल राम को कामा ॥२॥
कहत कबीरा रामके परसे, आपा ठहर न पावे ।
एक राम मिल भजे निरंतर, एक राम मिल गावे ॥३॥

---

९ गजल. ताल धमाल (तर्ज—शरण में आ पड़ा)

प्रभु सबको बुलाते है, यही संवाद पाया है ।
सभी को प्रेम रस देंगे, इसीका न्योता आया है ॥ टेक ॥
चलो सब देवगण जल्दी, काहे को देर लाई है ।
प्रभु ने द्वार खोला है तभी डंका बजाया है ॥१॥
पिपासा दूर हो सारी, मिले जब प्रेम की बारी ।
यही तो जान कर प्रभु ने, हमें सबको बुलाया है ॥२॥
अभागी कौन है ऐसा, रहे इस दम भी जो प्यासा ।
भला ऐसा समय फिर घोर, जग में कौन आया है ॥३॥
हुए हैं मग्न देखो सभी, प्याले ही हरि रस के ।
तभी तो नाचना गाना, हरि यश का सुहाया है ॥४॥

१०. खमाच. दादरा (तर्ज—आओ बहिनो भाईयो)

आओ प्राण खोलें, प्राणपति को पुकारें जी ।
आवेंगे हमारे प्रभु, प्राण के मझारे जी ॥ टेक ॥
सारी त्याग चिंता आज, प्रभुको धियावे जी ।
पावें शांति सारे जन, जाय दुःख सारे जी ॥ १ ॥
पावें प्रेम बारी आज, सब एक बारी जी ।
होवें पाप ज्वाला सब, शांत ही हमारे जी ॥ २ ॥
जावें दुःख जीना हो, सुफल ही हमारे जी ।
प्राणों में बसावें प्रभुको हि, आज हम सारे जी ॥ ३ ॥
कैसा जिया जावे कहो, प्रभु को बिसारें जी ।
ताही को पुकारें भर, प्राण आज प्यारे जी ॥ ४ ॥

११ वेहाग. त्रिताल.

प्राणी हरि शरणाई आरे ।
सद् चित् आनन्द रूप है जिनका, सकल जीवन आधारे ॥ टेक ॥
जाकी महिमा कीर्त्ति श्रवण से, उतरे नर भव पारे ।
माया मोह अंधार जगत् में, ज्योतिर्मय उजियारे ॥ १ ॥
सर्व ज्ञानमय अन्तर्यामी, परिपूरण जग सारे ।
दीनदयाल परम करुणामय, कभी किसे न विसारे ॥ २ ॥
हे सब भ्रात और भगिनीगण, चलो हरि दरबारे ।
छोड वासना सकल जगत् की, करो भक्ति उपहारे ॥ ३ ॥

१२. तोडी.

प्रीति प्रभु से जोड रे मन, प्रीति प्रभु से जोड ॥ टेक ॥
कोई बिना हरि मीत नहीं है, ना मुख उनसे मोड ॥ १ ॥
सुफलित जीवन पूर्ण मनोरथ, होवत कहां है और ॥ २ ॥
अमृतरूप जगत बिहारी, संकट काटे तोर ॥ ३ ॥
आय बसे प्रभु भीतर तेरे, पकड उन के गोड ॥ ४ ॥

१३. सोरठ. (तर्ज—अंतर्यामी प्रभु प्रकृ)

हरि नाम सिमर दम दम से, तेरा काम नहीं चिंता गम से ॥ टेक ॥
जो हरदम हृदय हर ध्यावे, उस का काम नहि कभि जम से ॥ १ ॥
तूं हरि का तो हरि है तेरा, तेरा काम नहि आलम से ॥ २ ॥
हरि का प्यारा तो कुल का प्यारा, जिस पे करम किया है रहम से ॥ ३ ॥
सुरत भज ले बिहारी को हर दम, हर श्वास श्वास दम दम से ॥ ४ ॥

—— o ——

१४. गजल—ताल धमाल.

अगर है पेम मिलने का, तो दुनिया से क्युं शरमावे ॥ टेक ॥
पिता प्रल्हाद को मारा नाम हरि का न छोडा है ।
प्रभु रक्षा करे जिनकी, तो मन में कौन डर पावे ॥ १ ॥
चला बन में तपस्या को, मना ध्रुव का किया राजा ।
लगन जिस को लगी पूर्ण, उसे फिर कौन अटकावे ॥ २ ॥
सभा के बीच द्रुपदी ने, पुकारा नाम माधव का ।
भरोसा है जिसे हरि का, क्यों दूजे की शरण जावे ॥ ३ ॥
सदा सत्संग में जाकर, करो हरि का भजन प्यारे ।
वो ब्रम्हानंद आता है, वकत फिर हाथ ना आवे ॥ ४ ॥

१५. ठुमरी

ब्रम्हध्यान ब्रम्हज्ञान, ब्रम्हानंद रस पान, ब्रम्हनाम करो यह सार (भाई रे)।
ब्रम्हकृपा ही केवल, जीवन का सबल, नाम बिना गति नाहिं ओर ॥ टेक ॥
बर्से ब्रम्हकृपाबिंदु, उच्छले आनंदसिंधु, हावे नव जीवन रो पार (भाई रे)।
पाषाण हृदय गले, मरुभूमी जल से भरे, नाश होत वासना बिकार ।
सारे जनम लिये नाश होत वासना बिकार ॥ १ ॥
मुक जन संगीत गाये, बाहिरा सुनत पाये, अंधा देखे पंगुल गेडा जाय।
मृत होय संजीवित, शुष्क तरु प्रफुल्लित, निमिष पतित तारा जाय ।
हरि हरि बोले निमिष पतित तारा जाय ॥ २ ॥
प्रेमदाता प्रेमचखे, देखे स्वर्ग ब्रम्हबचे, आशावाणी कहे बारम्बार ।
नाहिं रहे भेदा भेद, सुर नर मिले अभेद, एक ही में हागे एकाकार ।
परिनामें एक ही में हाग एकाकार ॥ ३ ॥

१६. कसूरी त्रिताल (तर्ज—सुकृत करले राम)

भक्त मिलि आज आनंद रोही, गाओ हरिगुण गान ॥ टेक ॥
शुद्ध करो चित्त आय सबही, पाके कृपा रसपान रे ।
दर्शन लो आज धाय हरि का, लेओ जड़ा सब प्राण रे ॥ १ ॥
ताप हरें प्राण शांति कराबे, भक्ति भरे करें ध्यान ।
आय हरि आज ज्योति प्रकाशे, दीसें प्रभु मुख भान ॥ २ ॥

---

१७. बाहार. झांपताल.

अचल, घन, गहन गुण गावे तुम्हारे ।
गावे आनंदे रवि शशि चन्द्र तारे ॥ टेक ॥
सकल तरुराजि साजी फुल फल गावे रे ।
विहंग कुल गावें आजि मधुर तान सारे ॥ १ ॥
गावे जीव जंतु आजि जो जिस ठिकाने ।
जगत पुरवासी सब गावें अनुरागे ॥ २ ॥
मेरे हृदय गाले तू भी सबके साथ पुकारे ।
बोलो नाथ नाथ बोलो नाथ प्राण हमारे ॥ ३ ॥

---

१८. सोरठ. (तर्ज—तेरी शरण में आयके)

गाओ रे जगपति जगवन्दन, पूर्ण पुरुष निरंजन रे ॥ टेक॥
जगत विषय चिन्ता सब त्यागो, प्रेम करो अवलम्बन रे ।
अन्तर बाहर इस मन्दिर के, देखो मूर्ति मोहन रे ॥ १॥
स्नेहमयी जगजननी है प्रस्तुत, करने को आलिङ्गन रे ।
प्रेम से पुलकित हो नरनारी, करो सब आत्म समर्पण रे ॥ २॥
शोभा राशि पुष्प लता तुम, गाओ भृग पक्षीगण रे ।
साधु भक्त ऋषि मुनि सकले, गाओ राजा त्रिभुवन रे ॥ ३॥
सकल संग हम भी सब मिल करें, भक्ति प्रीति निवेदन रे ।
जाके नाम दयामय गुण से, पाप ताप होवें भञ्जन रे ॥ ४॥

---

१९. मुल्तानमल्लार—एकताल.

चलो भाई चलो मा के पास जाई ।
नींद में माया रखे, मा का मुख देखे, सुने मिष्ट रूप कथा उस ठाई ॥ टेक॥
कितनी मिट्ठी कथा जाने जननी, सुनत सुनत बीत जाय रजनी ।
सुधामाखा है यह श्रीमुख बाणी, देवगण होत मोहित सदाई ॥ १॥
देखो कोई नींद में न पड़ा रहे, जाग रहके चित्त में हु हुं दीजिये ।
संसार विमाता भले मेरे पुकारे, कौन सुने उसकी कथा दुखदाई ॥ २॥
सुनेंगे हम सब जाग के यामिनी, अपरूप नवविधान कहानी ।
प्रेमदास बोले अमृत भाषिणी, मां बिना हमारा और नहीं कोई ॥ ३॥

---

२०. झिंझिट. ठुमरी.

रखो रे मन हरि चरणन में ध्यान, जो है प्राणों का प्राण ॥ टेक॥

इस देही के मंगल कारण, अन्न जल दीनो दान ।
ओर जीव के मंगल कारण, आप प्रभु देत ज्ञान ॥ १ ॥
अपना बोझा प्रभु पर डालो, आज्ञा प्रभु की मान ।
भक्ति भाव से विश्वास धारो, प्राण करो कुर्बान ॥ २ ॥
बालक होय के परम पिता का, सदा रहो सावधान ।
उठत बैठत सोवत जागत, करो आनंदे गान ॥ ३ ॥

---

२१. झिंझिट—एकताल.

दयामय हरि दयामय हरि, जपो रे मन रसना ।
हरि नाम अमृत पान करिले, घुचिबे पाप यातना ॥ टेक ॥
हृदय करो हरि रूप ध्यान, चिदानन्द प्राणाराम ।
हरि पाद पद्मे शरण लईले, थाकिबे रहे भय भावना ॥ १ ॥
शयने सुपने बोलो रे नित्य, एकत्र असार हरि नाम सत्य ।
होवे नामे गति, नामे मुक्ति, नामे पूर्ण कामना ॥ २ ॥
असार वासन सब परिहरि, दिवानिशी मुखे बोलो हरिहरि ।
विपदे संपदे हरि नाम मंत्र, भुलोना कभू भुलोन ॥ ३ ॥

---

२२. गजल. (तर्ज़—तुं चातक क्यों समझे)

प्रभु प्रेमानंद धारा, जग में जाती है बही ।
आओ सभी नरनारी, नैन जुड़ावे तो सही ॥ टेक ॥
आनंद से सब बन, फूल रहा घन घन ।
आनंद से बाहें नदी, हरि गुण गाया कहीं ॥ १ ॥
हरि केरे प्रेम स्रोत, भरे विश्व पोत पोत ।

आओ यह अमृत धारा, रखो तो हृदय माहीं ॥ २ ॥
करो आनंद रस पान, प्रेम मग्न होवे प्राण ।
जलावें न जग ताप, सुखसवाद है यहीं ॥ ३ ॥

२३. कीर्तन (घघरा).

हरिरस मदिरा पिये मन मानस मातें रे ।
(एक बार लुटह अवनितल, हरि हरि बोले कांदे रे
गति कर कर बोजे, कांदे रे ॥ टेक ॥
गभीर निनादे हरि-नामे गगन छाओ रे ।
नाचो हरि बोले,-दु बाहु तुले, हरिनाम विलाओ रे ॥ (लोकेर द्वारे द्वारे)
हरि प्रेमानंद रसे, अनुदिन भासें रे ।
गाओ हरिनाम, हँओ पूर्ण काम, नीच वासना नाश रे ॥ १ ॥

२४. सोरठ. (तर्ज—भज मन प्राण)

शरण गहो प्रभु केरी प्यारे ॥ टेक ॥
जो प्रभु सब जग प्रति पालक, पापीन अधमोद्धारे ॥ १ ॥
जो प्रभु सब का दुख हरता, सबहीके दुख टारे ॥ २ ॥
जो प्रभु देत अनन्त पदार्थ, अगनित डूबत तारे ॥ ३ ॥
जो प्रभु नितही रहत साथ हि, देत है अमिट सहारे ॥ ४ ॥
जो प्रभु हि शक्ति युक्त है जाके, धर्मीन में सब हारे ॥ ५ ॥
जो प्रभु एक अकेला न्यारा, रचन करत जग सारे ॥ ६ ॥
जिस प्रभु के जग भीतर, शोभित अद्भुत ज्ञान हैं न्यारे ॥ ७ ॥

२५. देस—एकताल.

राम भजो नरी नारी (रे भाई) ॥ टेक ॥
जो है सब का प्राण आधारा, सकल जीवन सुखकारी ।
प्रेम का जिसके अन्त न आवे, थकित बुद्धि हमारी ॥ १ ॥
हरि भजन बिन कठन है तरना, यह भवसागर भारी ।
एक प्रभु का सिमरण करके, तर गई गनका नारी ॥ २ ॥
तुम भी उससे प्रीति करके, लेओ जन्म सुधारी ।
घट घट में जो व्यापक सब के, हौं दास पर बलिहारी ॥ ३ ॥

२६. रागिनी खमाच—चौताल.

गाओ रे प्रभु ही का नाम, रचा जिसने विश्व धाम ।
दया का जांके नहीं विराम, झरे अविरत धारे ॥ टेक ॥
ज्योति जांकी गगने गगने, कीर्त्ति भांति अतुल भुवने ।
प्रीति जांकी पुष्पित बने, कुसुमित बन सारे ॥ १ ॥
जाका नाम पारस रत्न, पापी हृदय ताप हरण ।
प्रसाद जाका शान्ति रूप, भक्त मन में आवे ॥ २ ॥
अन्त हीन निर्विकार, महिमा जांकी है अपार ।
जिसकी शक्ति वर्णन से, बुद्धि वचन हारे ॥ ३ ॥

२७. कालंगड़ा. (तर्ज़—प्रभु तुम बिना)

चलो चलो नर नारी हरि के निकट चलो रे चलो ।
वह देन सुख है तुमको अतिहि भलो रे भलो ॥ टेक ॥
दुख पावे हि तुम जितही विपद पड़े रे पड़े ।

तज आसा तुम क्यों रे अब हस्त मलो रे मलो ॥ १ ॥
नहिं त्यागे प्रभु उसे रे, जो उसकी शरण गहे रे ।
तब द्वारे उनके पड़न, नहिं टला रे टलो ॥ २ ॥
यदि तुम चाहो, भवसिंधु तरन को ।
तब उसमें प्रभु के बिन, कदहुं न हलो रे हलो ॥ ३ ॥
प्रभु देखो अब तुमरे पास हि है खड़े ।
करुणा से जग पालत वही सकलो रे सकलो ॥ ४ ॥

---

२८ प्रभात. (तर्ज—जाग जाग मन)

हरि महिमा गुण गाओ रे साधो, सब मंगल जासे हावे रे ।
त्रिभुवन पालन ब्रह्मसनातन, सच्चिदघन पद ध्याओ रे ॥टेक॥
प्रेम भक्ति से पुन्य तीर्थ में, तन मन सेही नहाओ रे ।
परमामृत पद प्राप्त करन को, हरि शरणों में आओ रे ॥ १ ॥
नीच कर्म को त्यागन करके, मंगल मार्ग हि जाओ रे ।
परमात्म परब्रह्म पदाब्जे, प्रीति पुष्प हि चढाओ रे ॥ २ ॥

---

२९. पीलू.

शरण गहो उस प्रभु की भाई, जासु दया वरणी नहिं जाई ॥ टेक ॥
एक वही सब को प्रतिपालक, महिमा जासु रही जग छाई ॥ १ ॥
राम कृष्ण जाकी स्तुति कीनी, नानक ने वरणी प्रभुताई ॥ २ ॥
जाहि उपास्य महम्मद मान्यो, ईसा भक्ति करि चितलाई ॥ ३ ॥
जासु विशुद्ध भक्ति के कीने, पापी भवसागर तरजाई ॥ ४ ॥

---

३०. आलेया—कवाली.

अंदर के अंदर जो है, वह भूलो ना रे भाई ।
संग उसी के रहने से, पाप ताप दूर हो जाई ॥ अंदर ॥ टेक॥
हृदय का वह प्रिय धन, समान कोन सहाई ।
इस प्राण सखा बिना, सुख शान्ति देगे कोन भाई ॥अंदर॥ १॥
इतनी जिसकी है करुणा, उसे हम कैसे भूला जाई ।
उसको छोडके, भवसागर में केसे थाग पाई ॥ अंदर॥ २॥

३१. सिंधुखमाच एकताल.

गाओरे आनंदे सबे "जय ब्रह्म जय" ॥टेक॥
अनंत ब्रह्मांड ओरे, गाईछे अनंत स्वरे ।
गा'य कोटी चन्द्रतारा "जय ब्रह्म जय" ॥१॥
जय सत्य सनातन, जय जगत कारण ।
ज्ञानमय विश्वाधार विश्वपति जय ॥२॥
अच्युत आनंदधाम, प्रेमसिंधु प्राणाराम ।
जय शिव सिद्धिदाता मंगल आलय ॥३॥
भुवन विजयी नामे, च'ले जावो शांतिधामे ।
"ब्रह्मकृपा हि केवलं' कि भय कि भय ॥४॥
हे प्रभु दीन-शरण, पाप-संताप-हरण ।
अधम सताने नाथ, देओ पदाश्रय ॥५॥

३२. कस्तूरी. (तर्ज—सुकृत करले राम)

अमृत धारा बहे रे प्यारे ।

पीला तात प्यास भर अपनी, आनंद जीव लह रे ॥ टेक ॥
शीतल ज्ञान गात जिय केरे, पापाग्नि न दहे रे ।
जग तृष्णा बिन प्रेम प्याला, कैसे तात सहे रे ॥ १ ॥
अमरराज जगनाथ रैन दिन, लोक परलोक करे रे ।
अगनित रूप प्रकाशित सबही, हरि कृपा दरस रहे रे ॥ २ ॥
हृदय राज में प्रेम सहित प्रभु, शान वचन ही कहे रे ।
अतुल भक्ति के श्रोत उघारो, कृपा शब्द भये रे ॥ ३ ॥

३३ तिलंग

करो ध्यान सदा शुभ भाई होवे जीवन सुफल सदाई ॥ टेक ॥
भव भव भावे प्रेम अनुरागे, गाओ यश प्रभु का सुजागे ।
परम सुंदर चरणों में लागे, करो जतन तन मन लाई ॥ १ ॥
हृदय भूषण हे परमेश्वर, हृदाधार है हृदेश्वर ।
सदानंद हैं जगत गुरु रहो वाके शरणाई ॥ २ ॥
मिले शांति सरोवर याहि, अब पी लो प्राण लगाई ।
भक्ति भावे प्रेम से गाई, रहे प्यास सदा तृपताई ॥ ३ ॥

३४. गज़ल (तर्ज़—खुदा के सिवा)

ऐ दिल तेरी बुराई को, कब तक सहा करूं ।
मर्ज़ी खुदा की छोड के, किस का कहा करूं ॥ टेक ॥
हुक्मे खुदा को तोड़ के, दुनिया में बिस्मिला ।
बाहिरी फ़ना के मौज में, कब तक बहा करूं ॥ १ ॥
अब चाहता हूं छोड़के दुनियवी ख्वाहिशात ।

याद इलाही में ही, मैं हरदम रहा करूं ॥ २ ॥
बन के मैं अन्दलीब हि, बागे अरम में आ ।
हर शाखे गुल पे बैठके, मैं चहचहा करूं ॥ ३ ॥

---

३५. ख़यरा.

दे देयो यह प्राण, प्राणनाथ के चरण में ।
विवेक वैराग्य होंगे, सहाय साधन में ॥ टेक ॥
छोड़ो जाहिरी धर्म करो, आत्म बलिदान रे ।
रखो नहिं पाप छुपा के, अपने हृदय में ॥ १ ॥
पवित्र हृदय लेके, प्राण में प्राण मिलाके ।
चलो भाई आये सभी, शांति निकेतन में ॥ (उसी अमर भवन में) ॥ २ ॥
जहां है अमर वृंद, देवेंद्र केशवचंद्र ।
है वहां सदा आनंद में, अनंत के ही संग में (चिर प्रेम सम्मिलन में) ॥ ३ ॥

---

३६. सोरठ. (तर्ज—शरण में आ पड़ा)

प्रभु कृपाल सुमर लो प्यारे, संकट क्लेश हरैया हरैया ॥ टेक ॥
पाप दुखित हो हरि हि पुकारो, वहि मन शांत धरैया धरैया ।
दुःख सुख माही वही एक साथी, वही तेरो काम बनैया बनैया ॥ १ ॥
वाही पर तुम राखो भरोसा, तन मन दोष मिटैया मिटैया ।
दुखहारक सुख दाता रे प्यारे, वही है मुक्ति देवैया देवैया ॥ २ ॥
तन मन शांति वही से मिली है, निज बल कुछ न होवैया होवैया ।
वही सब का आश्रय प्रिय मेरे, वही तेरी आस पुरैया पुरैया ॥ ३ ॥

---

३७. धनाश्री. त्रिताल.

जननी जननी अविराम, पुकारो मन ॥ टेक ॥
जननी बिना मुझे आश्रय नाहीं, पाऊं कहां विश्राम ॥ १ ॥
जननी गोद परम सुख शांति, जननी पद स्वर्ग धाम ॥ २ ॥
जननी बिना मेरी को सुध लेवे, जननी है पूर्ण काम ॥ ३ ॥
जननी प्रभु आनंद जननी, जननी है प्राण आराम ॥ ४ ॥
जननी नाम से प्रेम है जागे, मत भूलो यह नाम ॥ ५ ॥

---

३८. आसा. (तर्ज—अंतर्यामी प्रभु एक)

तेरे मात पिता औ सहाई, वही एक जगत में है भाई ।
वही जगद्गुरु जगत्राता, वही अधमोद्धारक दाता ॥ टेक ॥
वही अलख निरंजन देवा, वही जानत सबका भेवा ।
वही नर्ककुंड से तारे, वही पापीन को उद्धारे ॥ १ ॥
वही जगत का है उत्पादक, वही सारी सृष्टि का पालक ।
वही पालत है जग सारा, वही एक जगत आधारा ॥ २ ॥
वही अक्षय अपार कहावे, कोई वाही का पार न पावे ।
करो भक्ति उसीकी प्यारे, भवसागर पार उतारे ॥ ३ ॥

---

३९. कालंगड़ा. (तर्ज—अब हरि की धूम)

किस सोच विचार में बैठे हो, मन शुद्ध करो भाई इक छिन को ॥ टेक ॥
जग चिंता को तुम दूर करो, अरु त्यागो ध्यान विषय धन को ॥ १ ॥
प्रभु पूजा में अनुराग करो, चलो नित शांति निकेतन को ॥ २ ॥
परिवार के भक्ति सब व्याकुल हो, तुम व्याकुल हो हरि दर्शन को ॥ ३ ॥

भक्ति और प्रेम के फूलों से, भरपूर करो हृदय कानन को ॥ ४ ॥
एकांत सुधा रस पान करो, और शांत करो अपने मन को ॥ ५ ॥

४०. जिल्हा काफी. (तर्ज—लगन है प्रेम का)

भजो रे भज भज भगवंत, जांको आदि नहीं अंत ॥ टेक ॥
ध्यावत जो नरनारी प्रभु को, चित होते उनका शांत ॥ १ ॥
निवारें आर्त्त जनोंका ताप, नित्य जो है दयावंत ॥ २ ॥
शरण आय भजो हरि नाम, पावो सुख वह बेअंत ॥ ३ ॥

४१. गजल. (तर्ज—ऐ दिल तेरी बुराई)

खुदा के सिवाय किससे भला मैं विनती करूं ।
ऐसा तबीब छोड़के किसकी दवा करूं ॥ टेक ॥
भावों से मेरे दिल के जब वाकिफ है वह खुदा ।
क्यों फिर न अपने भेद को मैं उससे कहा करूं ॥ १ ॥
ज़ाहिर है कुल जहां पै है करना रहम खुदा ।
मेरी जबां कहां है कि उसका बयां करूं ॥ २ ॥
ख्वाहिश न मालोजर कि इच्छा है बस यही ।
दिन रात दर पर उसके सेवा किया करूं ॥ ३ ॥
मरता है उस बगैर हमेशा यह दिल मेरा ।
क्या खाक ज़िंदगी है जो उस बिन जिया करूं ॥ ४ ॥
पक्का इमान देवे मुझे रहम कर खुदा ।
नामे खुदा को दिल से मैं हरदम जपा करूं ॥ ५ ॥

४२. गज़ल. (तर्ज—या रब तेरी जनाब)

हृदय में बस रहा है तुझे दिखता नहीं ।
फिरता है क्या रे मन तूं मेरे बैठता नहीं ॥ टेक ॥
यत्ने सहस्र कीं है किन्तु क्या हुआ भला ।
हरि प्रेमरस पिये बिना कुछ सिद्धता नहीं ॥ १ ॥
अंधा बना हुआ है जगत धंधों में पड़ा ।
क्यों ज्ञान नेत्र को है प्यारे तूं खोलता नहीं ॥ २ ॥
हरि ज्योति का प्रकाश तुझ में है हरा भरा ।
क्यों पाप ओट आगे से हैं टालता नहीं ॥ ३ ॥
हरि कृपा वाटिका है तुझ अंदर बनी हुई ।
क्यों पुष्प अतुल भक्ति के तूं सूंघता नहीं ॥ ४ ॥

---

४३. भैरवी

तूं काहे मन अब बौराना रे ? तूं काहे मन अब बौराना रे ?
प्रभु है तुझ में तूं है प्रभु में, तूं काहे मन अब बौराना रे ॥ टेक ॥
जो प्रभु है रे विश्व विधाता, दीन दुःखी पापी जन त्राता ।
जल भोजन के एक हि दाता, ऐसे प्रभु को भुलाना रे ॥ १ ॥
जो है सर्व विश्व को राजा, प्रेम भरा जिन का है काजा ।
जिस ने तन मन तेरा साजा, तूं ने उनकों न जाना रे ॥ २ ॥
ज्ञान शक्ति तुझ को जो देवें, हर पल तेरी सुध प्रभु लेवें ।
अब तो शरण प्रभू की ले रे, योही है एक ठिकाना रे ॥ ३ ॥

---

४४. गजल काफी. (तर्ज—सफल यह विश्व है)

दयामय नाम भूलो ना मन, यही चिरकाल शान्ति का धन ॥टेक॥
करे परित्राण पापी का नित, यदि हरिनाम जानो रे जन ।
रहे नाहि भार पापों का जब, करे हरि नाम उच्चारण ॥१॥
पियो नरनारी आशा का जल, करो हरि भक्ति आस्वादन ।
नर स्नेह देखें सदा प्रभु हि, करे निज क्रोड़ मे आलिंगन ॥२॥

४५. भजन, राग सोरठ.

भज मन प्राण-नाथ विमल को ॥टेक॥
जो प्रभु सब जन की सुध लेवे, पाले है सृष्टि सकल को ॥१॥
जो प्रभु संकट क्लेश निवारे, देत है शान्ति विकल को ॥२॥
निर्धन के धन जो प्रभु प्यारे, धीरज बल निरबल को ॥३॥
जो प्रभु सब की आश पुजावे, देवे आनंद सकल को ॥४॥
जो हरि विश्व विधाता कहिये, त्राता अधम अखिल को ॥५॥

४६. सारंग विंद्रावनी (तर्ज—आओ जगवासी हरि)

अब तुम शरण प्रभु की आओ ॥टेक॥
धीरज मन मे अपने धारो, मन चंचल ठहराओ रे ।
सारे जग का जो है स्वामी, उससे प्रीति लगाओ ॥१॥
एक उसी पर निश्चय राखो, क्यों मन को भरमाओ ।
हृदय नगर में करो खोजना, मत कहीं आवो जावो ॥२॥
काम क्रोध और लोभ मोह में, चित मत कभी फसाओ ।
सच्चे भक्त बनो ईश्वर के, ब्रह्मतत्व को पाओ ॥३॥

वैर भाव को मन से त्यागो, सबको मित्र बनाओ ।
केवल सुख को पाया चाहो, गुण ईश्वर के गाओ ॥४॥

४७ झिंझिट ठूमरी. (तर्ज—रखो रे मन हरि)

लगाओ मन हरि चरनन में ध्यान ।
परम पिता का सिमरन करले जो हैं प्राणके प्राण ॥टेक॥
उठत बैठत सोवत जागत, राख उसी का ध्यान ॥
प्रेम पियाला पीकर निश दिन कर हरि के गुण गान ॥१॥
ज्ञान ध्यान की धूनी रमाले, प्रेम के तम्बू तान ।
विश्वासी परम देव से ही तेरा असल कल्यान ॥२॥

४८. जंगला (तर्ज—मन मोहन ने मोह)

हरि नाम भजो मन बारंबारा, जो सब का है प्राण आधारा ॥टेक॥
जो कर्ता सृष्टि का स्वामी, सब के संग सदा रखवारा ।
महिमा जिसकी वर्णन कर के, वेद पुराण कहत हैं अपारा ॥१॥
घट घट बासी है अविनाशी, सब में चमक रहा एक तारा ।
जिस की करुणा पतित उधारे, पापी तारे लाख हजारा ॥२॥
जिस के ध्यान और ज्ञान भजन से होय जन्म सफल हमारा ।
प्रेम भक्ति और भजन से जिस के, होत जगत का मंगल चारा ॥३॥

४९ भैरवी. तिताल (तर्ज—संगत संतन की कर)

चलत मना वहीं चलत, अब ही कर जीवन सुफल रे ।
प्रेमिक जन प्रीतम के प्यारे, जहां रहत रल मिल रे ॥टेक॥
प्रेम ही का जहां अमृत बरसे, रहत सदा मंगल रे ।

तू भी मंगल भाव से भर अब प्रभु पद कर हासिल रे ॥ १ ॥
रूह को भूल ना जिस्म के कारण, सोच विचार संभल रे ।
सच मुच अब विश्वासी बनकर हो इन में दाखिल रे ॥ २ ॥

५०. दोहे

श्वास खजाना जात है, साकी साधी नाहिं ।
सहजू खर्चों कहा रह्यो, कर हिसाब घर माहीं ॥ १ ॥

कबीर तासूं प्रीति कर, जाको ठाकुर राम ।
पंडित राजे भूपति आव कौने काम ॥ २ ॥

दरिया दुजे धर्म से, संशय मिटे न मूल ।
सत्त नाम रटत रहे, सर्व धर्म का मूल ॥ ३ ॥

साथ न चाले बिन भजन, बिखिया सगली छार ।
हरि हरि नाम कमावना, नानक इह धन सार ॥ ४ ॥

घट घट में हरजू बसे, संतन कह्यो पुकार ।
कहु नानक तहि भज मना, भवनिधि उतरे पार ॥ ५ ॥

एक घडी का मोल ना, दिन का कहा बखान ।
सहजू ताहि ना खोइये, बिन भजन भगवान ॥ ६ ॥

पतित उद्धारण भव भय हरण हरि अनाथ के नाथ ।
कहु नानक तेही जानिये सदा बसत तुम साथ ॥ ७ ॥

प्रथम अध्याय समाप्त

आराधना.

मंत्र.

सत्य ज्ञानमनंतं ब्रह्म, आनंदरूपममृत यद्विभाति ।
शांतं शिवमद्वैतम्, शुद्धमपाप विद्धम् ॥

१. झिंझिट. दादरा. (तर्ज—हरि समान दाता)

तुमहीं तो हो सच दिल, आराम हमारे ॥ टेक ॥
बाल अवस्था जसे माके सहारे ।
आत्म विश्वास धारे, तुमहिं को निहारे ॥ १ ॥
अब हृदय एक क्षण, तुम्हें न बिसारे ।
झूठे दिल आराम और, दृष्टि भी न मारें ॥ २ ॥
प्रेम सहित नित्य श्रम, सदाय निसारे ।
जीवन व्यतीत करें, संग ही तुम्हारे ॥ ३ ॥
सूना दिल रहता नहीं, कबहु बे सहारे ।
प्रेम दे पवित्र करो, परम प्रभु प्यारे ॥ ४ ॥

२. कसूरी. (तर्ज—सुरत करले)

तूं मेरा है प्राण प्रभु जी, तू मेरा है प्राण ॥ टक ॥
तुम ही सब कुछ हमरे स्वामी, तुम ही हो धन मान जी ।
प्राणाधार तुम्हीं त्रिभुवन में, तुम से लागी मेरी तान ॥ १ ॥

सुख शांति धन संपद तुम हीं, बुद्धि बल और ज्ञान जी ।
तुम्हीं गुरु मेरे प्रिय स्वामी, तुम ही देवो मोहे प्राण ॥२॥
करते हो हे विश्व विधाता, मंगल नित्य विधान जी ।
हम सब तुम को ही आराधें, प्रेम सुधा कर पान ॥३॥

---

३. मद्दीसूरी भजन—एकताल.

आनंदलोके मंगलालोके, बिराजे सत्य सुंदर ॥टेक॥
महिमा तब उद्भासित महा गगन माझे ।
विश्व जगत मणिभूषण वेष्टित चरणे ॥१॥
ग्रह तारक चंद्र तपन व्याकुल द्रुत वेगे ।
करिछे पान् करिछे स्नान् अक्षय किरणे ॥२॥
धरणी पर झरे निर्झर मोहन मधुर शोभा ।
फूल पल्लव गीत गंध सुंदर वरणे ॥३॥
वहे जीवन रजनी दिन चिर नूतन धारा ।
करूणा तब अविश्राम जनमे मरणे ॥४॥
स्नेह प्रेम दया भक्ति, कोमल करे प्राण ।
कत सान्त्वना करे वर्षण संताप हरणे ॥५॥
जगते तब कि महोत्सव वंदन करे विश्व ।
श्री संपद भूमास्पद निर्भय शरणे ॥६॥

---

४. झिंझिट—पोस्त

कौन हो तुम साथ बैठे, रहते हो संग हमार ।
स्वभाव प्रकृति रीति अति मिठि, क्या है नाम बोलो तुम्हार ॥टेक॥

प्रति दिन जो इतना प्यार करत हो हमार ।
दया में ही तुम मस्त होके, करत केवल उपकार ॥१॥
रूप गुण में अनुपम, ऐसा कोई देखा न हम ।
मधुर है यह आकर्षन, प्राण लाये, तुम्हारी ओर बार बार ॥२॥
नाहि अलाप न परिचय, देखते ही मन मोहित होय ।
अब देखूं तोभी नहीं पहचानूं, कोन है यह चमतकार ॥३॥
कोन सबंध है तुम्हारे साथ, हो तुम पिता या जननी ।
जो तुम होवे सो होवो किन्तु, हम तुम्हारे तुम हमार ॥४॥

---

५. काफी.

जय जय हरि प्रेमसिंधु, लीलारस बीहारी हो ।
हृदय रमण भकत जीवन, दीनन हितकारी हो ॥टेक॥
दीनन के गहो हाथ, ले चलो प्रभु अपने साथ ।
शरण गहे की राखो लाज, मुझे तो आशा तुम्हारी हो ॥१॥
विमल चरण कमल छाया, प्रभु हारो मोह माया ।
विश्वास बल से सबल करो, हरो ईस्यदर सारो हो ॥२॥
हम तो नाथ तुम्हरे चेरो, तुम हमारो हम तुम्हारो ।
जय जय हरि शांति सदन, पूर्ण इच्छा तुम्हारी हो ॥३॥

---

६. शाम कल्याण. (तर्ज—आनंद दाता आनंद)

प्राणों के साथ पे जिया करूं, प्राण तजूं प्रभु तुम्हें न बिसारूं ॥ टेक ॥
मेरे तो प्राणों के प्राण तुम्हीं हो, प्राणों के स्वामी मैं कैसे बिसारूं ॥१॥
तुम्हारे दर्श नयन हों शीतल, हृदय दृष्टि से तुम्हें ही निहारूं ॥२॥

तुम्हरी प्रेम अग्नि के द्वारे, नीच मलीन भावों को जारूं ॥ ३ ॥
दृढ़ विश्वास और प्रेम के द्वारे, जीवन दाता मैं तुम्हें ही पुकारूं ॥ ४ ॥

७. रेखता, दादरा.

ईश्वर तेरी दयालुता जगत में छा रही ।
हर बात में मुझको तेरा परचा दिखा रही ॥ टेक ॥
भूमी में बीज डालते होता है सौ गुणा ।
रस चाद से पड़ता है सूर्य से पका रही ॥ १ ॥
पानी अधार जीव का मिलता है सब जगह ।
गले न कोई वस्तु पवन से सुका रही ॥ २ ॥
भूतल में जीव जो बसे जल में अकाश में ।
सब को हिसाब से सदा भोजन खिला रही ॥ ३ ॥
पापी वा नीच जीव जो तुझ शरण में पड़े ।
ब्रह्मानंद तिनको मोक्ष का मारग बता रही ॥ ४ ॥

८. सोरठ. (तर्ज—भज मन प्राण)

तूहीं प्रभु मेरा पूरण धन है ॥ टेक ॥
प्राण का प्राण तुही परमेश्वर, तुही मन का मन है ।
आखों की ज्योति तुही प्रभु मेरी, कानों का तू श्रवण है ॥ १ ॥
बुद्धि बल ज्ञान में तुमहिं विराजो, तू सब का जीवन है ।
अन्तर बहार देश देशान्तर, तूहीं परिपूरण है ॥ २ ॥
सत्य तुही शिव सुन्दर तूही, तू एक मेवाद्वितायं है ।
अधम उधारण पातकी तारण, तूही तूही तूही तू है ॥ ३ ॥

९. भैरवी, दादरा.

हमारे तो हरिजी एक तुमहि मान के पाति ।
यह चित्तवृत्ति पाए कहा ? बिना तुम्हारे निवृत्ति ॥ टेक ॥
मातू के तुल्य चहाते हो, ले गोद में बिठाते हो ।
आनंद में नचाते ज्ञ, प्रेरी हो शुद्ध सन्मति ॥ १ ॥
कुमार्ग से हटाते हो, सुमार्ग पे चलाते हो ।
शिक्षा वचन सुनाते हो, करी हो आत्म उन्नति ॥ २ ॥
हो सपद बिपद माहीं, तुमहीं एक मात्र सहाई ।
तुम हीं मात, तात, भाइ, तुम हीं सर्व सम्पति ॥ ३ ॥
इसी लिये तुम्हें पुकार, जीवनधन ! प्रानाधार ! ।
कहते हैं जगत के उद्धार ! ऋषि मुनि यति सति ॥ ४ ॥

---

१०. भैरवी. (तर्ज—अब किस पै)

प्रभु मे राखों तिहारी ही आसा ॥ टेक ॥
तुम हो स्वामी मित्र हमारे, मात पिता अरु भ्राता ।
तुम बिन नाहीं सखा सहाई, अधमोद्धारक दाता ॥ १ ॥
तुमहीं रामचंद्र सग दीन्हों, कीन्हों बन में बासा ।
नानक और कबीर हि प्रभु जी, कीन्हों प्रेम अनुराता ॥ २ ॥
ऐसे हि और और भक्तों को, करत रहे निज ज्ञाता ।
बाध पाप से अब प्रभु खींचो, प्रीति रसन से हाथा ॥ ३ ॥

---

११. शाम कल्याण. (तर्ज—आनंद दाता अनंद)

ज्ञान तुम्हीं प्रभु प्राण तुम्हीं हो, मय तुम्हीं अरु त्राण तुम्हीं हो ॥ टेक ॥

आदि नहीं तब अन्त नहीं है, व्याप्य सभी तुम विभु मही हो ॥ १
नित्य अपार आधार तुम्हीं हो एक कृपाल दयाल तुम्हीं हो ॥ २॥
अमृत सेतु सुहेतु सभी के, मंगल हो तुम नित्य सुखी हो ॥ ३॥
ज्योति स्वरुप अनुप अपार, अनंतकारण एक तुम्हीं हो ॥ ४॥
मूल आधार प्रभु सब ही के, विश्व सभी रचना तुमरी हो ॥ ५॥

---

१२. बनजारा-त्रिताल.

प्रभु कैसा है अपरंपारा, जग बनाया सुख भंडारा ॥ टेक॥
जिनके गुन रवी सकारे, शशि वायु अग्नि सितारे ।
षट ऋतु और बन सारे, गा गाके नेति पुकारे ।
गए सुभर अनन्त महंत, योगि सुर संत अन्त न निकारा ॥ १॥
जल थोर जमीन बनाके, आस्मान अधर लटकाके ।
विश्व विश्व में सारे लगाके, सब नियमित रहे चलाके ।
कई कोटि कोससे दूर, चमक रहा सुर, हुकुम के द्वारा ॥ २॥
क्या अद्भुत खेल बनाया, पथ्थर से पानी बहाया ।
काटोंमें फूल समाया, लकड़ी से फल उपजाया ।
कुदरत से मानव जैसे, पुतले कैसे, बनाये हजारा ॥ ३॥
पुतले के देखा तनको, क्या दी ताकत नैननको ।
जिव्हा नासिका श्रवण को, दी विचार शक्ति मनको ।
चल रहे अमित नार, बलुन लख पार, जिनके आधारा ॥ ४॥
पृथ्वी यदि पत्र बनावें, सागर दवात हो जावें ।
बन वृक्षकी कलम चलावें, गुन लिखते पार न पावें ।
सब हो कर रोम जबान, करें यदि गान, न लगे शुमारा ॥ ५॥

---

१३. आसा. (तर्ज़—तेरो मात पिता)

अंतर्यामी प्रभु एक तू है, मेरा स्वामी प्रभु एक तू है ॥ टेक ॥
तुझ बिन किस से मैं दिल को लगाऊं, जीवन लक्ष जिसे मैं बनाऊं ।
तेरे सिवा किस के दर जाऊं, मेरा स्वामी प्रभु एक तू है ॥ १ ॥
तुझ बिन और नहीं कोई मेरा, करे दूर जो दिल का अंधेरा ।
आश तूं ही केवल एक मेरा, मेरा स्वामी प्रभु एक तू है ॥ २ ॥
तुझ से जूं ही दिल को लगाया, हाजरां हजूर नजर तूं आया ।
तुझ को ही मैंने अपना पाया, मेरा स्वामी प्रभु एक तू है ॥ ३ ॥

१४. श्यामटा.

आनन्द रूपमनूनम मूरति मोहन, प्राणाराम शान्तिदाता हृदय रञ्जन ॥ टेक ॥
तुम्हीं सुख शान्ति सुधासिन्धु प्रेमघन, ऐसा कौन है रे रूप गुण में (ऐसा)
आनन्द धामें, मस्त हो तव नामें, भक्तगण सदानन्द रहते हैं मगन ॥
क्या यह शोभा बलहारी रे, भक्तगण सदानन्द रहते हैं मगन (क्या यह) ॥ १ ॥

१५ सारग—एकताल.

योगी जन वन्दन अलख निरञ्जन, भक्त हृदय विहारी ।
प्रेम घनरूप आनन्द स्वरूप, मोहन मूर्ती धारी ॥ टेक ॥
अनादि अशेष पुराण महेश, सर्व जन हितकारी ।
एक तेरी शरण कीये अवलम्बन, सब दु ख ताप विसारी ॥ १ ॥
तात मात धाता गुरु ज्ञान दाता, तुमही त्रिताप हारी ।
जगत जननी पतित पावनी, देखो देखो शांति की बारी ॥ २ ॥

१६. रेखता ताल—दादरा

ईश्वर तेरे दरबार की महिमा अपार है।
बन्दा न सके जान तेरा क्या विचार है ॥ टेक ॥
धरती आकाश बीच में किस आसरे खड़ी।
तारा वा चाँद घूमते किसके आधार है ॥ १ ॥
सागर न तीर लाघते सूरज देह नहीं।
चलती हवा मर्याद से किस के करार है ॥ २ ॥
कुदरत से पैदा किया यह देह जीव का।
खाता है बोलता फिरे किस के सहार है ॥ ३ ॥
पंडित हकीम ज्योतिषी करते बड़े जतन।
ब्रह्मानन्द तेरी शक्ति का पाया न पार है ॥ ४ ॥

---

१७ पहाड़ी. (तर्ज—मैंने प्रभु से नेह)

प्रभु दयाकी अजल धारा, बहे रही है आठों जाम।
जग सारा मरेही लिये, कर रहा है गोया काम ॥ टेक ॥
सोनेको बिस्तर हराई का, धरती बिछा रही है।
चांद की चांदनी ऊपर उजली, चदर उड़हा रही है ॥ १ ॥
सूर्य किरन प्रत्येक पकाके, अन्न हमें खिलाता है।
भर भर शीतल प्याला जलका, मेघ हमें पिलाता है ॥ २ ॥
दम दम वायुका लहेरा, नव नव जीवन लाता है।
कुदरत नक्शा खोल जहाकी, राह हमें बताता है ॥ ३ ॥
कितनेही सन्त महन्त और, कितनेही तत्त्व ज्ञानी है।

मेरे लिये बरसा रहे हैं, अपनी अमृत बानी है ॥ ४ ॥
एक एक चींटी बिन तिनकों, भी वो रहा सभारा है ।
तू तो है प्रिय पुत्र आत्मा, दे क्यों तुझे बिसारा रे ॥ ५ ॥
निश्चिन्त होकर नाच कर तूं नाच तक ले मत आफत का ।
शुकर बजाता रह तूं हर पल, उनके ही रहमत का रे ॥ ६ ॥

---

१८ बरहंस, धमाल. (तर्ज—चलो मन हरि संग)

नाथ तेरी रचना अचरज भारी, जाको दर्शन कर सब हारी ॥ टेक ॥
कुदरत से यह देह बनाई, तामें नर अरु नारी ।
हाथ पांव सब अंग मनोहर, भीतर प्राण संचारी ॥ १ ॥
नभमें नभचर जीव बनाये, जलमें रचे जलचारी ।
वृन्त लता बन पर्वत सुन्दर, सागर की छबी न्यारी ॥ २ ॥
चांद सुर्ज दोउ दीपक कीने, रात दिवस उजियारी ।
तारागण सब फिरत निरन्तर, चहुंदिश पवन सवारी ॥ ३ ॥
ऋषि मुनि निशदिन ध्यान लगावें, लख न सके गति सारी ।
ब्रह्मानन्द अनन्त महाबल, ईश्वर शक्ति तुम्हारी ॥ ४ ॥

---

१६. झिंझिट खाम्बाज—ठुमरी

तुम आत्मा के हो ऐसा परमात्मा, तुम जैसा कवन संसार में है ॥ टेक ॥
पिता माता जाया करे सब ही दया, तुम जैसी दया कौन करत है ॥ १ ॥
करुणा का निधान प्रभु तुमही है, पापी पर करुणा तुम्हारी कितनी है ॥ २ ॥
सुरत साधन और शरीर मन, तुमरे करुणा का निदर्शन है ॥ ३ ॥
गृह तारक मण्डल नील नभ, धन्य धान्य भरा रमणीय धरा है ॥ ४ ॥

सुगम्भीर तरङ्ग की नीर निधि, हिम रंजित शोभन ऊँच गिरी है ॥ ५ ॥
सगल पुलकित समतान धरि, सब करे करुणा का तब कीर्तन है ॥ ६ ॥

२०. भैरव—ठुमरी.

हे जग माता विश्व विधाता, हे सुख शान्ति निकेतन हे ॥ टेक ॥
प्रेम के सिंधु दीन के बन्धु, दुःख दरिद्र विनाशन हे ॥ १ ॥
नित्य अखण्ड अनन्त अनादि, पूरण ब्रह्म सनातन हे ॥ २ ॥
जग आश्रय जग पति जग वन्दन, अनुपम अलख निरंजन हे ॥ ३ ॥
माता सखा त्रिभुवन प्रति पालक, जीवन के अवलम्बन हे ॥ ४ ॥

२१. काफी. (तर्ज़—प्रभु शरणों में लागो.)

तूंहे तूहे तूंहे तेरा, मैं नहीं मैं नहीं मैं नहीं मेरा ।
तूंहे तेरा जगत उपाया, मैं मैं मेरा धन्धे लाया ॥ टेक ॥
तूंहे तेरा खेल पसारा, मैं मैं मेरा कंद मरारा ।
तूंहे तेरा सब संसारा, मैं मैं मेरा तिन सिर भारा ॥ १ ॥
तूहे तेरा काल न खाई, मैं मैं मेरा मरी मरी जाई ।
तूंहे तेरा रहा समाई, मैं मैं मेरा गया बिलाई ॥ २ ॥
तूंहे तेरा तुमहीं माहीं, मैं मैं मेरा मैं कुछ नाहीं ।
तूंहे तेरा तूंही दाई, मैं मैं मेरा मिला न कोई ॥ ३ ॥

२२ आलेया—एकताला.

नाथ! तुम्हीं सर्वस्य हमार, प्राणाधार सारात्सार ।
नहिं तुम बिना, कोई भी त्रिभुवने, नहीं है हमार ॥ नाथ ॥ टेक ॥

तुम्हीं सुख शान्ति सगाई सबल, संपद ऐश्वर्य ज्ञान बुद्धि बल ।
तुम्हीं वासगृह आसन का स्थान, आत्मीय बन्धु परिवार ॥ नाथ ॥ १ ॥
तुम्हीं इहकाल तुम्हीं परित्राण, तुम्हीं परकाल तुम्हीं स्वर्गधाम ।
तुम्हीं शास्त्र विधि गुरु कल्पतरु, अनन्त सुख के तुम आगार ॥ नाथ ॥ २ ॥
तुम्हीं हो उपाय तुम्हीं हो उद्देश्य, तुम्हीं सृष्टा पाता, तुम्हीं हो उपास्य ।
दण्ड दाता पिता, स्नेहमयी माता, भवार्णव कर्णधार ॥ ३ ॥

---

२३. सारंग बिन्द्राबनी. (तर्ज—आओ जगवासी हरि)

प्रभु तेरा पूर्ण भरा भंडारा ॥टेक॥
अगणित वस्तु देत नितही प्रभु, दान तेरा का नहीं पारा ॥ १ ॥
क्या क्या वर्णन कहूँ मैं प्रभु जी, ज्ञान तेरा है सारा ॥ २ ॥
तव भंडार शक्ति से पूर्ण, सारे जगत पसारा ॥ ३ ॥
धर्म ज्ञान पूर्ण है प्रभु जी, अद्भुत रूप है न्यारा ॥ ४ ॥

---

२४. बिहाग (तर्ज—हे जगपति संकट)

हे विश्वपति ! तव महिमा अपार ॥टेक॥
जड़ चेतन अनन्त तव सृष्टि, गावें यश तेरा अनिवार ॥ १ ॥
असंख्य चन्द्र असंख्य सूरज, सब के तुमहीं हो आधार ॥ २ ॥
अतुल धन पूर्ण विस्तीर्ण वसुंधरा, करे तेरी जय जयकार ॥ ३ ॥
हे मंगलनिधी धन्य तव करुणा विधी, धर्म के तुम्हीं हो अवतार ॥ ३ ॥
पुण्य प्रेम धन करो सभी अर्पण, हे प्रभु अनन्त गुणाधार ॥ ५ ॥

---

२५. विभास-एकताल.

तुम ही मे जिस छिन, रमे मेरा मन, तबही यह भुवन, लागे सुधामय ।
प्राण में कितना हीत, स्नेह समागत, सबही दूर हो जाय, दुख और भय ॥ टेक ॥
तुमसे हम दूर होय, रहते जिस समय, कुछ भी आनंद नहीं पावें हृदय ।
सकल समय जो यातना होय, जानो हे अंतर्यामी अंतर का विषय ॥ १ ॥
येही भिक्षा नाथ, मेरी सर्वक्षण, सदा रहे मेरा मन, तुम ही में मगन ।
धन मान सुख से नहीं है प्रयोजन, तुम ही धन को लेके, जुड़ावें हृदय ॥ २ ॥

२६. भैरवी. (तर्ज—प्रीतम तुमहीं प्रीत के)

हरि तुम रहते हो हमरे पास (सदा) ॥ टेक ॥
प्राणों के प्राण तुहीं मेरा जीवन, देत हो तुम सहवास ॥ १ ॥
प्रेम का प्याला प्राण को दे कर, करावत अपना अभ्यास ॥ २ ॥
सुध बुध हमरे प्राणों को देकर, देते हो विश्वास ॥ ३ ॥
नाना रूप से दर्शन दे कर, मन की मिटावत प्यास ॥ ४ ॥
आशा भरोसा एक तुम्हारा, पूरण करो अब आश ॥ ५ ॥

२७. झिंझिट-दादरा. (तर्ज—हरि समान दाता)

एक मात्र तुम ही स्वामी, पूजनीय हमारे ॥ टेक ॥
प्रेममय पूर्णानन्द, सृष्टि रचन हारे ।
दया तेरी क्षण क्षण, झरे निर्झर धारे ॥ १ ॥
पृथ्वी जल अग्नि वायु, सूर्य और सितारे ।
करते सब को अपना काम, तुमरे ही सहारे ॥ २ ॥

एक एक पल में लालो, डूबत जन उबारे ।
विनय सहित झुकावे सिर, करें प्रणाम सारे ॥ ३ ॥

२८. भैरवी. (तर्ज—प्रभु हम आये तुम्हारे)

पिता तुम सबहीके पालन हार ।
तुमही नाथ अनाथ के नाथा, महिमा अपरंपार ॥ टेक ॥
जीव जंतु वृक्षादिक ऊपर, करुणा अतुल अपार ।
परिचय देत दया तेरी का, सरजन विश्व लगातार ॥ १ ॥
उत्तम देह मनुष्य की आयी, तामें जीवन सार ।
अगनित वस्तु अनेक पदारथ, भोग रहे नर नार ॥ २ ॥
दीनबन्धु करुणाकर स्वामी, दीनन सुजन हार ।
परम प्रसाद भोगें निशी बासर, नमत हम बारंबार ॥ ३ ॥

२९. तोड़ी. (तर्ज—प्रीति प्रभु से जोड़)

प्रभु तुम सम कवन स्नेह करे ॥ टेक ॥
जान को देवे अजान को देवे, वंचित कोई न रहे ॥ १ ॥
ऊंच को देवे तू नीच को देवे, कभी भूल न परे ॥ २ ॥
चोर को देवे तू साधु को देवे, नेह समान करे ॥ ३ ॥
भक्त को देवे तू जगत को देवे, सब को उदर भरे ॥ ४ ॥
दास तेरा हरि सकल चराचर, पीवें ही खांय चरें ॥ ५ ॥
ज्ञान ध्यान बल बुद्धि सकल गुण, नर नार को देत खरे ॥ ६ ॥
भक्ति प्रीति हरि निज चरणन में, देवो दान वरे ॥ ७ ॥
अटल आनन्द लिये सब प्राणी, भव सिंधु पार तरें ॥ ८ ॥

३०. भैरवी.

बन्धू हे तूं हीं मेरा प्राण, जीवन का जीवन तूं हीं, तूं ही प्राणाराम ॥ टेक ॥
देही में हो तुम ही शक्ति, आंखों मे हो तुम ही ज्योति ।
हो हृदय मे तुम ही भक्ति, भक्त प्राणाराम ॥ १ ॥
कंठ में हो तुम ही वाणी, श्रवण मे हो तुम ही ध्वनी ।
चिता में तुम चिंता-मणी, अचिंत्य हो ज्ञान ॥ २ ॥
तुम ही पिता तुम हीं माता, तुम ही गुरु ज्ञान दाता ।
सुख सागर के तुम ही कर्ता, कृपा के निधान ॥ ३ ॥

३१. बाऊल–ख्यामटा.

तुम को छोड़ के कहां जावें, ऐसा और कौन वो है ।
तुम हो जैसा पापी का बन्धु, ऐसा सुहृद कोन वो है ॥ टेक ॥
जब पाप सागर में हम, पड़े रहें अंधकार में ।
तब हमरा हाथ पकड़े ऐसा, उद्धार कर्ता कौन वो है ।
(बोलो ऐसा सहाई कौन वो है) ॥ १ ॥
जब शुन्य हृदय, बैठ रोवें निराश होवें ।
तब प्रेम से भरोसा देके, चक्षु जल तुम पूछ देवें ।
(ऐसा व्यथा का व्यथी कौन वो है) ॥ २ ॥
ऐसे कल्याणकारी को, पछाना नहीं है हमने ।
अब छोडूं ना छोडूं ना तुम्हें, रहो हमारे पासे पासे ॥ ३ ॥

३२. काफी.

मेरा मकान आला, जिने किये दर्सा बि तुं ॥ टेक ॥

चलो तो आस्मान वेखु, आगा हली पसुं ।
आस्मान मिडा ही तारा, तारन जो चंद वि तुं ॥१॥
चलों तो बाजार देखु, आगा हली पसुं ।
बाजार मिड़ा ही आदम, आदम जो दम वि तुं ॥२॥
चलो तो मंदिर देखु, आगा हली पसु ।
मंदिर मिडो ही मूरत, मूरत जी सुरत वि तुं ॥३॥
चला तो दरिया वेखु, आगा हली पसुं ।
दरिया मिडो ही लहरीयु, लहरीन जो लाल वि तुं ॥४॥
चलो तो किस्ती वेखुं आगा हली पसुं ।
किस्ती में रहे थो राहिब, राहिब जो रब वि तुं ॥५॥

---

३३. बेहाग–झांपताल.

जय प्राणपति जगपाता हे, जय दीनसखा शुभदाता हे ॥ टेक॥
जय विघ्नविनाशन त्राता हे, जय विश्वपिता जगमाता हे ॥१॥
हृदाधार प्रभु हृद ज्ञाता हे, भय ताप हरी भवत्राता हे ॥२॥
यह दीन करें तव सेवा हे, वर देहु यही परमात्मा हे ॥३॥

---

३४. पिलू वारोयां जत.

जीवन वल्लभ तुमी, दीन शरण (हे) ।
मानेरे प्राण तुमी प्राण रमण (हे) ॥टेक॥
सदानंद शिव तुमी, शंकर शोभन ।
सुन्दर योगी जन चित्त विमोहन ॥१॥

भवार्णव पार हतु, तुमी हे काडारी ।
दुर्द्दम पाप ताप शोक भय हारी ॥ २ ॥
तुमी नाथ प्राण मोर, तुमी हे जीवन ।
तुमी हे दयार ठाकुर करुणा निधान ॥ ३ ॥
तुमारे प्रसादे प्रभु, ए जीवन धारि ।
जय जय कृपामय महिमा तुमारि ॥ ४ ॥

३५. विभास—एकताल.

यह विश्व में जो कुछ रचा है, वह सब तुमने ही सजा रखा है ।
विविध वर्ण से विभूषित करके, उसपर अपने नाम का छाप दे रखा है ॥ टेक ॥
पत्र पुष्प फल में देखूं जो सब नक्श, लिखा दयाल नाम तेरा, नहीं है वह नक्श ।
सुंदर विहंग पै सौंदर्य है जो आंका, प्रेमानंद नाम तुमरा तुमने ही लिखा है ॥ १ ॥
चंद्र आदि दल गगन मंडल, दीप आलोक जो करे झल मल ।
उन में हे इन्दु, देत हं सुधा बिन्दु, सुधासिंधु नाम तुम अंकित किया है ॥ २ ॥
जल पे यह लिखे हो जगत जीवन, पवन हिल्लोलि होता दर्शन ।
ज्वलन्त चचर बादल पे लिखे हो, ज्योतिर्मय नाम जग में दिखाया है ॥ ३ ॥
पृथ्वी के सब चराचर में ही, सर्वव्यापी नाम है लिखा निज अक्षरे ।
लिखा देख तुमको, देखते इच्छा करे, लिखा हो जैसा क्यों नहीं हमें दिखाया है ४
हृदय में लिखे हो हृदय वल्लभ, प्रेम सूर्य उदय से होता है अनुभव ।
इस सब में है लेख तुमारा ही सो सब, हाय कलम से तुमको ही पकड़ा है ॥ ५ ॥

३६. सोरठ. (तर्ज—तेरी शरण में आय)

मेरा तुही प्रभु स्वामी है, तुं सर्व अन्तर्यामी है ।
तुमको हि मेरी नमामि है, बलि जाय तेरे नाम के ॥ टेक ॥
तुं जगत सृजन हार है, तुं सबके ही कर्त्तार है ।
तेरा ही नाम अपार है, बलि जाय तेरे नाम के ॥ १ ॥

तू सबका स्वामी साय है, तू पूर्ण और भगवान है ।
तूंहि बडा यक जात है बलि जाय तेरे नाम के ॥२॥
तु सत्य श्री भरपुर ह, तरा अटल दस्तुर है ।
नव रस बिना सब झूर है बलि जाय तेरे नाम के ॥३॥
मेरा तुझ परनाम है, तुझ ही से मेरा काम है ।
तेराहि दाता नाम है, बलि जाय तेरे नामके ॥४॥

---

३७ होरी (तर्ज—प्राणपति लेओ सार)

मेरे तो तुम्हीं एक प्राण अधारे हे प्रभु प्रान प्यारे ।
मेरे हो जीवन के तुम्हीं जीवन जीवा मैं तेरे सहारे ॥टेक
सब कुछ तुम्हीं स्वामी मेरे, मं आधीन तुम्हारे ।
प्राणों क प्राण मैं तेरा भिखारी, जावा किसके मैं द्वारे ॥१॥
तू मीठा जग खारा लागे, है मन मोहन हारे ।
तुमसे बढ़कर नहीं कोई मेरा ढूंढ फिरा जग सारे ॥२॥

---

३८. भैरवी—ताल लावनी

तू जग करता सकट हरता, भरता सकल पसारा है ।
जीव चराचर तेरी रचना, सब का तू ही सहारा है ॥टेक॥
तूं इक स्वामी अन्तर्यामी, अद्भुत ज्ञान भंडारा है ।
घट घट का प्रेरक हरि तू ही, तू ही तारण हारा है ॥१॥
सब संसार तव महिमा गावे रवि शशि मगन तारा है ।
स्वर्ग पाताल तेरे दर ढाढी, गावे पुकार पुकारा है ॥२॥

तुझ को छोड़ न जावें कितही, जावें तेरे बलिहारा है ।
निर्मल यश तुमरा प्रभु जी, सब के हृदय प्यारा है ॥ ३ ॥

३९. तोड़ी. (तर्ज—प्रीति प्रभु से जोड़)

करत दया काहे, इतनी करत दया काहे ।
क्षुद्र हृदय मम कहा समावे, उमड पड़ी है ताहे ॥ टेक ॥
जान सकल प्रभु अन्तर्यामी, महा पातकी मैं हूं ।
तौभी कभी तुम त्यागो नाहीं, पालत मोहि सदा है ॥ १ ॥
मैं तो भागत निशिदिन जगमें, विष खाके जी देने ।
पकड़ पकड़ तुम प्राण बचावत, अद्भुत करुणा है ॥ २ ॥
तुमरे प्रेम के सन्मुख प्रभुजी, मातृ स्नेह क्या है दे ।
प्रेम डोरी में बांधा सब जग, व्यापक हो सब जग है ॥ ३ ॥

४०. गज़ल.

बरणे महिमा कौन तुम्हारी ॥ टेक ॥
आनन्द सुख भोगत सृष्टि में निशि बासर नरनारी ।
जीव जन्तु की रक्षा करते, दुख उनके तुहीं हारी ॥ १ ॥
पापी सकलो पावित प्रभु तु, दया हरि तव न्यारी ।
औषध आदि अनन्त गुणों से, करें सुखी नरनारी ॥ २ ॥
साधु जन ध्यावत हैं सारे, जगत पिता जगधारी ।
ऋषि मुनि सब गाय थके यश, निर्बल जीभ हमारी ॥ ३ ॥
अद्भुत शक्ति दियो बाणी को, सब दर्शन मे हारी ।
कर जोड़े तेरा यश गावें, धन्य धन्य हे अघहारी ॥ ४ ॥

४१. सोरठ. (तर्ज—तेरी शरण में)

रसना तुम्हारे बिन हरि, और क्या करे उचार है ।
तुम बिन हरि कौन है, हृदय का आधार है ॥टेक॥
जगत है असार अनित्य, तुम सत्य सारात्सार है ।
तूं न्यायी निष्कलंक नित्य, निराकार निर्विकार है ॥१॥
तूं आदि अनन्त अटल अचल, अद्वितीय अमर है ।
विभु भक्त वत्सल स्वयंभु, तूंही साक्षात्कार है ॥२॥
तूं दीनन शरण हरि, अभय चंदन हरि है ।
तारन तरन तुम, सदा संगी सहायकार है ॥३॥
पल पल श्वास श्वास पाए, सहवास तुम्हार है ।
है मा आज उल्हास युक्त, हम करें जय जय कार है ॥४॥

---

४२. धनाश्री—एकताल.

जय विश्वेश्वर, भयहर शंकर, प्राणेश्वर शिव सुन्दर जी ।
सत्य सनातन, नित्य निरंजन, चित्त-विनोदन प्रभु जी ॥टेक॥
मंगल आलय, परम आश्रय, प्रजा-पति भूत भगवान जी ।
करुणा-सागर, प्रेम के आकर, जगदीश जग-वंदन जी ॥१॥
सिद्धि-विधाता, कल्याण-दाता, दीन-जन-त्राता पिता जी ।
पतित-पावन, अधम-तारण, विघ्न-निवारण ठाकुर जी ॥२॥
संताप-हरण, अनाथ-शरण, विपद-भंजन दयाल जी ।
हृदय-रंजन शांति-प्रसरण, प्रेम-घन प्राणाराम जी ॥३॥
पिता माता सखा, सुहृद बांधव, पति गति त्राता गोपाल जी ।
ज्ञान बुद्धि धन, चरम संरन, तुही प्राण मन धन जी ॥४॥

गाड् खुदा हरि, बहु नाम-धारी, एक अखंड जिहोवा जी ।
तुहि आदि अन्त, अनादि अनन्त, बहु रूपी नट नागर जी ॥ ५॥

४३. झिंझिट—एक ताल. (तर्ज—दयामय हरि दयामय)

आहा क्या अमृतधाम यह है जग तुम्हारा ।
जग तुम्हारा यह मंदिर सुख का भंडारा ॥ टेक ॥
सारे ही मानव पाय के यह शांति धारा ।
तुम्हारी कीर्त्ति का गान गाते हैं सारा ॥ १ ॥
सारा ही आकाश असीमकर तेरे धारा ।
तुम्हारी शक्तिही साजा सकल संसारा ॥ २ ॥
जहा देखें चमत्कार तव विश्व अपारा ।
देखे से लगातार जन हो सुखारा ॥ ३ ॥

४४. आसा. (तर्ज—अंतर्यामी प्रभु एक)

प्रभु तूं है मेरा प्यारा, मैं तो तेरा ही तेरा ही तेरा ॥ टेक ॥
तूं है जीवन का आधारा, तुझ बिन कोई नहीं और प्यारा ॥ १ ॥
तूं ही सुख का है भंडारा, मेरा हृदय में है ने पसारा ॥ २ ॥
सदा तू हमरा रखवारा, धन्य धन्य प्रभु दातारा ॥ ३ ॥

४५. भैरवी. (तर्ज—प्रभु हम आये)

प्रीतम तुमही प्रीतके धाम ॥ टेक ॥
जगसे प्रीति करी बहुतेरी, कहिं न मिला आराम ॥ १ ॥
तुमरा अजस्र प्रेम प्रवाह ओ, बहे रहा शुभु व शाम ॥ २ ॥

तापित हृदय बैठ उनके तल, लहें शांति विराम ॥ ३ ॥
तुमरे प्रेम प्रसादसे जननी, पोषित विश्व तमाम ॥ ४ ॥
स्वच्छ समीर मेघ जल वृष्टि, सकल है प्रेमके काम ॥ ५ ॥
एकहीं बार तुम्हारा जिसने, पिया प्रेम का जाम ॥ ६ ॥
सकल जीवन में प्रेम हीं प्रेमने, कायम किया है मुकाम ॥ ७ ॥
डूबा तुमरे प्रेम सिन्धु में, जोगी जनक अरु राम ॥ ८ ॥
डुबी गार्गी मैत्री मीरा, चतन्न और तुकाराम ॥ ९ ॥
अपरिमित उस सागर में, हमे ले चलो हे राम ॥ १० ॥
पाए अमोलक रत्न यहाके, कर लें हम पूरण काम ॥ ११ ॥

---

४६ समाच—एकताल. (तर्ज—आओ बहिनो भाई)

तोमारे गेहे, पालिछे स्नेह, तुमई धन्य धन्य हे ।
आमारे प्राण, तोमारे दान, तुमई धन्य धन्य हे ॥ टेक ॥
पितारे बत्ते रेखेछे मोरे, जनम दियेछे जननी क्रोडे ।
बेंधेछे सखार प्रणय डोरे, तुमई धन्य धन्य हे ॥ १ ॥
तोमारे विशाल विपुल भुवन, करेछे आमार नयन लोभन ।
नदी गिरि-वन सरस शोभन, तुमई धन्य धन्य हे । २ ॥
हृदये बाहिरे स्वदेशे विदेशे, युग युगान्ते निमेषे निमेष ।
जनमे मरणे शोके आनन्दे, तुमई धन्य धन्य हे ॥ ३ ॥

---

४७ जोग. (मन मोहन ने)

मेरे मन मोहन ने, क्या क्या मोहनी रूप बनाया ॥ टेक ॥
फूलो मे रंग और बू बन बैठा, फल में रस हो समाया ।

डाल डाल और पात पात में, जहां देखा तहां पाया ॥ १ ॥
गगन मंडल में चन्द्र सूर्य और, तारा गन बन आया ।
दिन की ज्योति रात्रि की शोभा, बन कर मोहि लुभाया ॥ २ ॥
ज्ञानी में ज्ञान प्रेम प्रेमी में, भगत हृदय में दया ।
मंगल भाव पुण्य कार्यों में, मन मोहन ही नजर आया ॥ ३ ॥
सूक्षम और स्थूल दोनों हैं उस के ही रूप की छाया ।
विश्वासी बन देखो तो दीखे, नाहीं तो जाये भुलाया ॥ ४ ॥

४८. गज़ल—धमाल. (तर्ज—प्राण में विराजो)

तव नाम दयाल सुना जग में, प्रभु आश धरी तेरे चरणों की ।
तेरी रक्षा प्रभु रक्षा करे, धन्य भाग स्वामि तेरे शरणों की ॥ टेक ॥
तेरा दया अपार कृतार्थ करे, मन शांत करे तेरे भक्तों की ।
तेरी करुणा प्रभु जग पाल करे, मन शुद्ध करे जग रमनों की ॥ १ ॥
तेरा ज्ञान अपार प्रकाश करे, अन्धकार हरे मन कयनों की ।
अब कृपा करो इस दास ऊपर, अतुलानन्द देत तव रसनों की ॥ २ ॥

४९. कालंगड़ा. (तर्ज—मन तृत हो

प्रभु तुझ बिना मेरा कोई नहीं, इस जग मे दाता ।
चींटि आदि सबको पाले, जगत की तूं माता ॥ टेक ॥
धरती जल और वायु अग्नि, सबका हि तूं रचता ।
सारी सृष्टि रचनहार तूं, प्रीतम प्यारा पिता ॥ १ ॥
रवि शशि और तारा मण्डल, जो ग्रह हैं सब भ्रमता ।
नदि नाले सागर रचिया, वनस्पति तुम कर्ता ॥ २ ॥

राव पालें रंक पाले, सब को तुम ही दाता ।
दयादान ही दान देत तुम, और नहीं कोई दाता ॥ ३ ॥
हे मन तू धर ध्यान धनी का, जो है विश्व विधाता ।
दयालु है वह देव सदाही, सारे जगत का ताता ॥ ४ ॥

५०. सोरठ.

तेरे दर्शन के दीदार ऊपर बलिहार धणी ।
देखो करुणा के भंडार से, हम कर्तार कणी ॥ टेक ॥
ऋषि मुनि और पीर पैगम्बर, तेरे दर के मंगता मंगन भिखारी बणी ॥ १ ॥
लाख मींड सूरज चन्द्र, तुमरी ज्योति अपार चढन वह हजार धणी ॥ २ ॥
जलधर बनधर मोर परींदा, हो मोहित दरदार नचन ललकार मनी ॥ ३ ॥
गुल फुल बन में सन्त समाधी, सेवा तुम दातार की करत वह चाणीचणी ॥ ४ ॥

५१. खयु—एकताल.

धन्य देव पूर्णब्रह्म, प्राणेश्वर दीनबन्धु ।
दयासिन्धु करुणानिधि व्याकुल-चित धारि हो ॥ टेक ॥
भगवज्जन-हृदि-भूषण, पावन जगज्जीवन,
प्रभु परम शरण पापि-गति, आश्रित भयहारी हो ॥ १ ॥
अच्युत आनन्दधाम, सत्याश्रय सत्यकाम ।
जाग्रत जीवन्त देव सेवक-कांडारी ॥
ज्ञानानल दीप्यमान, हृदाधार हृदयेश्वर ।
हित-कारण हरि कृपारु, भक्तमन-मनोविहारि हो ॥ २ ॥
अविनश्वर पुराण पुरुष, भगवान भक्तवत्सल ।
कल्याण अमर त्रिभुवनधारी ॥

जीवितेश हृदयरतन, परमायन सत्य पुरुष ।
सहजानन्द जगतगुरु जगजनहितकारी हो ॥ ३ ॥

५२. दोहे.

कबीर सात समुद्र मस करूं, कलम करूं बनराय ।
वसुधा कागद जु करूं, हरि यश लिख्यो न जाय ॥ १ ॥
आपनी जानो आप गति, और न जाने कोय ।
सिमर सिमर रस पीजिये, दादू आनन्द होय ॥ २ ॥
(दरिया) आखो सो दिखै नहीं, शब्द न पावे जान ।
मन बुद्ध तहा पहुंचे नहीं, को कहे अं राम ॥ ३ ॥
पतित उद्धारण भवभय हरण, हरि अनाथ के नाथ ।
कहु नानक तेहीं जानिये, सदा बसत तुम साथ ॥ ४ ॥
तुलसी राम ही नाम ते, होत पाप का नाश ।
जियुं चिंगारी आग की, परे पुराने घास ॥ ५ ॥
सब घट व्यापक राम है, देहि नाना भेस ।
राव रक चंडाल घर, सहजु दीपक एक ॥ ६ ॥

ध्यान.

सामिरन ऐसा कीजिये, दूजा लखे न कोय ।
ओट न फरकत देखिये, प्रेम राखिये गोय ॥ १५ ॥

माला जपौ न कर जपौ, जिभ्या कहौं न राम ।
सुमिरन मेरा हरि कर, मैं पाया बिसराम ॥ १६ ॥

दादू सबही गुरु किये, पशुपन्छी बन राय ।
तीन लोक के जीवजंत, सबही मांहि सुदाय ॥ १७ ॥

(२) उषा कीर्त्तन.

१. प्रभाति.

जाग जाग जाग प्यारे, पंछी बन वाले।
पंछी बन वाले, लाल चिडियां बन बोले ॥ टेक ॥
प्रात भानु प्रगट भयो, रजनी को तिमिर गयो।
अति सुगंध मंद मंद पवन डोले ॥ १ ॥
तुलसीदास अति आनंद, निरखत मुखारविंद।
दीन को प्रभु देत दान, आनंद अमोले ॥ २ ॥

२. प्रभाति. (तर्ज़—राम सिमर प्रभात.)

नाम सिमर प्रभात (मेरे मन) ॥ टेक ॥
जैसे माता सुत का पाले, रक्षा करे निज हाथ ॥ १ ॥
मीठी नींद नयनों में दीनी, दिया है दुख बिसरात ॥ २ ॥
निशभर तेरी रक्षा कीनी, उठायो आति जब रात ॥ ३ ॥
प्रभु की प्रीति अति ही भारी, सुखमय उषा अब आत ॥ ४ ॥
भोर ही उठ के शीश नमायो, सृष्टि सगल गुण गात ॥ ५ ॥
भक्ति भाव से करो सभ उद्दम, करो प्रभु ही की बात ॥ ६ ॥
रतन अमूल अब जीवन दिया है हमको, धन्य है पिता सुंदर तात ॥७॥

३. प्रभाति (तर्ज—प्राणेरे दुवार खुले)

सुखप्रद ऊषा तुम्ह, कियो किसने प्रेरन ।
लगाई माथे पे बिन्दी, लाल किसने यह मन हरन ॥ टेक॥
हँस रही हो मृदु मृदु, जगतमय मधु मधु ।
सिखाई यह हसी किसन, कौन ऐसा सुदर्शन ॥ १ ॥
हे विहंगमगन सुन्दर, गाय गाय गीत मधुर ।
करो जा सुयश कीर्त्तन, कौन वह जग मोहन ॥ २ ॥
उठाये सुख कमल दल, नयन किये सब सजल ।
दखल है रूप किसका, कौन ऐसा सुशोभन ॥ ३ ॥
एक बार दिखाओ हमें, हम भी देखें आज उन्हें ।
जिनकी शक्ति संजीवनी, दान करे नव जीवन ॥ ४ ॥

४. प्रभाति.

भोर भयो पच्छी गण बोले, उठ जन प्रभु गुण गाओ रे ॥ टेक॥
लखि प्रभात प्रकृति की शोभा, बार बार हर्षाओ रे ॥ १ ॥
प्रभु की दया सिमर निज मन में, सरस भाव उपजाओ रे ॥ २ ॥
होके लीन प्रेम मे उन के, नयनन् नीर बहाओ रे ॥ ३ ॥
ब्रह्म-रूप सागर मे मन को, बारंबार डुबाओ रे ॥ ४ ॥
निर्मल शीतल लहरें ले ले, ध्यानम ताप बुझाओ रे ॥ ५ ॥

५. प्रभाति.

जाग जाग मन नींद न कर ये, अब सो जीवन होवा रे ॥ टेक॥
जो जागा तिन अमृत चाखया, जो सोया तिन खोया रे ॥ १ ॥

लाख लाख को घड़ी जात है, क्यों डान पलंग तूं सोया रे ॥ २॥
हीरे जैसा जन्म अनोलक, कौड़ी बदले खोया रे ॥ ३ ॥
कहे वनीराम संतन संग में, मन मैला क्यों न धोया रे ॥ ४॥

६. प्रभाति.

मायेर दुवार खुले, मधुर संगीत तुले ।
आय रे आय बोले, के डाकिछे आमारे ॥ टेक॥
कि जानि कि आछे स्वरे, हृदय आकुल करे ।
प्राण पाखी जाय उड़े, अनंत गगनेपरे ॥ १॥
सुनेछि संगीत कते, मधुर नंदन एते ।
एते स्नेह प्रेम गले, केहते डाकेना मोरे ॥ २॥
मायेरे अधिक करे, के डाकिछ बोले मोरे ।
मा किगो डाके तुमि, दया करे आमार ॥ ३ ॥

७. प्रभाति.

उठो रे प्यारो करो तयारी, नाम जपण का है यह बारी ॥ टेक॥
सब से मिठा है नाम हरि का, श्वास श्वास सिमरो नर नारी ॥ १॥
लाल नयन देखो जग-मानी, वर्षा रही है अमृत वारी ॥ २ ॥
भर भर प्याला पीओ नर नारी, प्राण आनंदित हो बलिहारी ॥ ३॥

८. माड़. (तर्ज—करो हरि का.)

उठो जपो अपने प्रभु को, उसीने रात संभाला है ।
आनंदसे सुलाय के, नयन साथ मिटाया है ॥ टेक ॥

धन्य धन्य दयाघन जो, ऐसा यह कृपाला है।
ध्याय ब्रह्म पीओ रस, योगानन्द में डुबाया है ॥ १ ॥

९. भयरों—ठुमरी.

जय भवकारण जगत जीवन, जय जगदीश जगत तारण हे ॥टेक॥
अरुण उदित भुवन भासित, तुमरे अतुल प्रेम हे ॥ १ ॥
विहगमगन मोहिये भुवन, कानने तव यश गाय हे ॥ २ ॥
सबके ईश्वर, तुमि परात्पर, तव भाव के बुझेंगे हे ॥ ३ ॥
हे जगतपति, तव पदे प्रणति, तुम दीन हीन के जन हे ॥ ४ ॥

१०. भैरवी—ठुमरी.

जागो जागो प्यारा, रात गई बीत, दयामय नाम, करो हे गान ॥टेक॥
आलस्य त्यजिये, हृदय भरिये, दयामय नाम, बोलो अविराम ॥ १ ॥
भजो हे दयामय, पूजो हे दयामय, दयामय रूप, सदा करो ध्यान ॥२॥
भूनले गगने, अरुण किरणे, देखो हे दयामय, विराजमान ॥ ३ ॥
तरु लता निरखे, पशु पक्षी मानवे, गाते हे सकल दयामय नाम ॥ ४ ॥

११. भैरव—ठुमरी.

रात गई प्रभात भई अब, उठो उठ होओ चपन रे ।
सरल चित्त और मधुर भाव से गाओ सबही हरिगुण रे ॥ टेक ॥
लोहित वर्ण अरुण की शोभा, देखो श्यामल उपवन रे ।
विहगम राव करें मधुर रव, कर पर शयन विसर्जन रे ॥ १ ॥
जग-शोभा दाता विश्व-विधाता, जो प्रभु नित्य निरंजन रे ।
भक्ति भाव से करो तिन्हें सब, बारंबार अभिवंदन रे ॥ २ ॥

१२. भैरव—एकताल.

प्रभात आरति, करत प्रकृति, निभृत निकुंज कानने ।
हां एक एक उठे, सब ही जागे, हरि हरि बोले वदने ॥ टेक ॥
थरों थर कई कुसुम डाली, वन-फूले शोभि-वन माली ।
गुन गुन गुन गावत अलि, झंकारे ओंकार समाने ॥ १ ॥
तरु-लता करे प्रात-स्नान, शिशिर-सिक्त देहायमान ।
नाचे कर सिर करे प्रणाम, जय जय जग-वंदने ॥ २ ॥
भाव से विभोर होय समीरण, हिल के डुल के करत भ्रमण ।
लता पत्ता फूलों को दे आलगन, जय जय मन-मोहने ! ॥ ३ ॥
देव-कन्या उषा देख यह घटा, धीरे धीरे उठावे मुख घुंघटा ।
पूर्व गगने अरुण छटा, जय जय हृदि-शोभने ॥ ४ ॥
सहसा विहग निद्रा होय गुम, देखे चारोंदिक लगी जो धुम ।
अब कैसा रहा जाय निझुम, गावे ललित पंचमे ॥ ५ ॥
ले उल्लाह से सुरु की वत्ति, भाई भगी करे मंगल आरति ।
जय जय जय जगत-पति, प्रणमि तुम्हारे चरणे ॥ ६ ॥

---

१३. टोडी. (तर्ज—प्रीति प्रभु से.)

गाओ रे प्यारे मेरे एकतारे, मिल के संग प्यारे एकतारे ॥ टेक ॥
अमृत मधुर हरिरस गाने, मानव को है जगाना रे ।
आनन्दमय के चिदानंद में, नये नये भावे गलाना रे ॥ १ ॥
मधुर ताने हरि रस गाने, शुष्क हृदय है भिजाना रे ।
सब ही निराशा छुड़ा के सब को, रतन रज्ज है देना रे ॥ २ ॥

प्रेम की धूनी लगा के सब मे, प्रेमी प्रभु का बनाना रे।
पड़ा रह कर हरि चरणन में, आप को भूल जाना रे ॥ ३ ॥

---

१४. प्रभाति. (तर्ज—करो हरि का.)

तूंही तूंही गावना महाराज (तूंही)।
रैन दिवस प्रभात, तूंही तूंही गावना महाराज ॥ टेक ॥
सन्त जना के संग, पाप गंवावना महाराज ॥ १ ॥
तूं दाता दातार, तेरा दिया खावना महाराज ॥ २ ॥
गा नानक सद बलहार, बस बल जावना महाराज ॥ ३ ॥

---

१५. कालंगड़ा. (तर्ज—अब हरि की.)

मन जाग के हरि गुण गाओ रे, गाय गाय सभी को जगाओ रे ॥ टेक ॥
ओंड़क नाम कली, भक्तिभाव माला भली, नरनारी सकल पहराओ रे ॥१॥
एकचित एकतान, गाओ हरिगुण गान, नाम गा के भुवन भुलाओ रे ॥२॥
अमृतहै वेला अब, नव भान भरी सब, घर घर अमृत लुटाओ रे ॥३॥
नर नारी जने जने, बाधो हरि नाम गुण, प्रेम सागर मे डुबाओ रे ॥४॥

---

१६. प्रभाति.

अब भई भोर भजो हरिनाम, करो प्रभु को प्रणाम ॥ टेक ॥
हरि चरणामृत पुण्य-गंगा में, करो मन अब इशनान।
धरो ध्यान जो चिद्घन मूरत, योगीजन पावे आराम ॥ १ ॥
गाउं सतजन चरित सुधारस, पियो भाई अब अविराम।
पान भोजन ज्यों सहज साधन तैसा ही धरम-विधान ॥ २ ॥
कहे प्रेमदास प्रेमसे निशिदिन, गाओ प्यारे अब हरिनाम।
हरि भज जन तेज बुद्धि बल, हरिपद ही स्वर्गधाम ॥ ३ ॥

---

(३) उपदेश.

१. धनाश्री. (तर्ज.—जननी जननी.)

संगत कालो सार, सज्जन संगत कालो सार ॥ टेक ॥
उत्तम कुल की संगत कीजे, कंचन काच विचार ॥ १ ॥
पथ्थर नाका पकडत प्रेमे, कैसे उतरै पार ॥ २ ॥
पय पानी दोऊ संग मिलावे, हंस करत पय न्यार ॥ ३ ॥
गुरुदेव तज कन्क माला, धर मुक्ता मणी हार ॥ ४ ॥

२. गजल—त्रिताल.

ईश्वर को जान बन्दे, मालिक तेरा वही है।
करले तु याद दिलसे, हरजा में वो सही है ॥ टेक ॥
भूमी अगन पवन में, सागर पहाड बन में।
उसकी सभी भुवन में, छाया समारही है ॥ १ ॥
उसने तुझे बनाया, जग खेल दे दिखाया।
तुं क्यों फिरे भुलाया, क्या चिता रहा है ॥ २ ॥
विषयों को छोड भाया, सब झुठ है तमाशा।
दिन चार का दिलासा, माया फसा रही है ॥ ३ ॥
दुनिया से दिल हटाले, प्रभु ध्यान में लगाले।
ब्रह्मानंद मोक्ष पाले, जनका पता नहीं है ॥ ४ ॥

३. काफी. (तर्ज़—मुझे इस प्रेमी उत्सव.)

इस आत्मा में परमात्मा को, जो न पाया तो क्या पाया ।
रखा इस को दूजा जान, जो आया तो क्या आया ॥ टेक ॥
कर के दृष्टि बाह्य बंद, खोलो नयन आत्मा के ।
आत्मा को प्रभु साक्षात, नहीं भाया तो क्या भाया ॥ १ ॥
बंसी मधुर स्वर से जो, है बज रही सभी अन्दर ।
आत्मा को उसी धुन में, न लगाया तो क्यों आया ॥ २ ॥

४. कसूरी—त्रिताल. (तर्ज़—सुकृत करले.)

राम रहीम न जुदा करो, दिल को सच्चा राखो जी ।
हाजी हाजी करते रहो, दुनियादारी देखो जी ॥ टेक ॥
जब जैसा तब तैसा होगा, सदा मगन में रहना जी ।
मिट्टी से यह बदन बनी है, याद हरदम रखना जी ॥ १ ॥
दुश्मन तेरा साथ फिरत है, देखो भाई सब सिखा जी ।
दुश्मन के बचाने वाले, बिन नहीं एको जी ॥ २ ॥

५. सारंग—एकताल.

जोकोई इसबिध मनको लगावे मनको लगावे प्रभुपावे ॥ टेक ॥
जैसे पनहरिया दो दो गगरिया, सिर से डुलन नहीं पावे ।
बाट चलत बातन सखीयन से, सुरत घड़ा पर लावे ॥ १ ॥
जैसे नटवा चढत बांस पर, ढुलिया ढोल बजावे ।
आपस में देही को साधे, सुरत बरत पर लावे ॥ २ ॥
जैसे कपिला चरत बगर में, बगर बगर फिर आवे ।
बगर बगर फिर आवे कपिला, सुरत बछा पर लावे ॥ ३ ॥
कहत कबीर सुनो भाई साधो, या विध मन ठेहरावे ।
या विध मन ठेहरावे, परम पद कैसे न वो पावे ॥ ४ ॥

६. भैरवी.

भक्ति मुले हरि मिले, भक्ति नॅहिले हरि मिले ना ॥ टेक ॥
भक्ति जार आछे हरि तार काछे, वैकुंठ छाड़िये चलिये आसे ।
भक्ति हीन जन कुसुम चंदन, जनेन दाले हरि मिले ना ॥ १ ॥

७. सारंग विंद्रावनी. (तर्ज—अब तुम शरण.)

हरि रस ऐसो हेरे भाई, जाके पिये अमर होजाई ॥ टेक ॥
ध्रुवपिया प्रल्हाद हे पिया, पिया है मीरा बाई ।
बल्ख बुखारे के मीया पिया, छोड़दी बादशाही ॥ १ ॥
हरि रस महींगा मोलका रे, पीवे विर्ला कोई ।
हरि रस महिंगा वह पीये, जाके धड़ पर सीस न होई ॥ २ ॥
आगे आगे दून जले रे, पाछे हरया होई ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, हरि भज निर्मल होई ॥ ३ ॥

८. भैरवी—त्रिताल. (तर्ज—संगत सनन की.)

तुं तो उड़ता पंछियार, तेरा कोन करे इतबार ॥ टेक ॥
ना खिड़की का पिंजरा तेरा, खुले पड़े दश द्वार ।
आना आना मुश्किल तेरा, जाना सहज शुमार ॥ १ ॥
तेरे कारण महल बनाये, संचे सुन धन दार ।
सबको छोड़जाय तुं पल में, निर्मोही निरधार ॥ २ ॥
सुंदर भोजन नित्य खिलावुं, पहरावुं सिंगार ।
मलमल अतर फुलल लगावुं, नहि माने उपगार ॥ ३ ॥

कोट बनाउं किले बनाउं, बाधुं बंध हजार ।
ब्रह्मानंद रहे तुं नाहि निफल जाय बलधार ॥ ४ ॥

९. वरहंस—धमाल. (तर्ज—चलो मन हरि.)

राम भजो नर नारी (रे भाई) ॥ टेक ॥
जो है सब का माया आधारा, सफल जीवन सुखकारी ।
प्रेमका जिसके अन्त न आवे, चकित बुद्धि हमारी ॥ १ ॥
हरिभजन बिन कठन है तरना, यह भवसागर भारी ।
एक प्रभु का सिमरण करके, तर गई गनका नारी ॥ २ ॥
तुम भी उससे प्रीति करके, लेओ जन्म सुधारी ।
घट घट में जो व्यापक सबके, हो दास पर बलिहारी ॥ ३ ॥

१०. मालकंस.

बनजा हरिदासा हरिदासा, मन छोड पराई आसा ॥ टेक ॥
सुधा सिंधु के समीप बस के, मूरख रहत क्यों प्यासा ।
दीन होत क्यु दुख पावत है, बसत पारस के पासा ॥ १ ॥
कामधेनु कल्पतरु चिंतामणी, ईश्वर अखिल निवासा ।
वाको छोड आरन को धावे, सो तो व्यर्थ प्रयासा ॥ २ ॥
शरणागत वत्सल विश्वम्भर, क्यो मन रहत उदासा ।
दयाराम सतगुरु बताया, है मनसुबा खासा ॥ ३ ॥

११. गजल. (तर्ज—हमें उद्धार करने.)

तुमें य क्या पड़ा लागो, या श्री जाने या मैं जानु ॥ टेक ॥

वो मुझको याद करता है, मैं उसके दिल में रहता हूं।
इलाही शान अकबर की, या वो जाने या मैं जानुं ॥ १ ॥
वो मेरी आंख का तारा, मैं उसके दर्द का मारा।
फिरूं जंगल में बावरा, या वो जाने या मैं जानुं ॥ २ ॥
वो दिल मांगे तो दे दिल हूं, सिर मांगे तो दे सिर हूं।
जबां पलटूं तो काफिर हूं, या वो जाने या मैं जानुं ॥ ३ ॥

१२. जोग. (तर्ज—मन मोहनने.)

राम नाम आधार (मेरे), राम नाम आधार (अब) ॥ टेक ॥
राम नाम जपो निशदिन ही, यही जगत में सार ॥ १ ॥
राम को नाम सदा सुखदाई, बरतावे मंगल चार ॥ २ ॥
सुख कोई और बात में नाहीं, राम हि सुख भंडार ॥ ३ ॥
तुलसी दास प्रभु बिनती करत है, चरण कमल चित्त डार ॥ ४ ॥

१३. आलेया—एकताल.

प्रभु तोमा तरे, व्याकुल अन्तरे, फिरे नाना स्थाने नरनारी गण।
पराणेर टाने, धाय तोमा पाने, नाहि जाने तुमि किरूप केमन ॥टेक॥
केहँ नदी सरस्वती सिंधुनीरे, प्रसन्न सलिला जान्हविर तीरे।
केहँ गिरिशिरे मसजिदे मन्दिरे, प्रकृतिर द्वारे करे अन्वेषन ॥ १ ॥
केहँ ज्योतिर्मय तपनदर्पणे, निरखिते चाय तोमारे नयने।
केहँ तीर्थवासे छुटे उर्द्धश्वासे, केहँ करे प्रतिमा गठन ॥ २ ॥
केहँ साधु भक्तजन पाय धरि, बले "तुमि मम इष्टदेव हरि"।
पागलेर मन, भ्रमे ईतस्थत नाहि पाय तबु केहँ दरशन ॥ ३ ॥

सहजे ना यदि दिवे तुमि देखा, विश्वमाझे लुकाईये रबे एका एका ।
केन तबे प्राण कांदाईले सखा, भुलाईले मानवेर मन ॥ ४ ॥
एई जे रयछे ! हृदयकुठरे, भितरे बाहिर चारिधारे घिरे ।
उर्द्ध अध शुन्य तोमातेई पुर्ण, तुमी आमि दुजनें एकजन ॥ ५ ॥

१४. खेमटा. (तर्ज—नवविधान का उत्सव)

पुरुषार्थ को करो सदानर, कर्म कर्म तुं क्या गावे ।
ऐसा वस्तु नहि दुनिया में पुरुषार्थ सें नहीं पावे ॥ टेक ॥
पुरुषार्थवाले पुरुषोंने, तोड़ तोड फल खाया है ।
मूढ आलसीं बैठे देखें, बिरथा मन ललचाया है ॥ १ ॥
पुरुषार्थ करनेसें ध्रुवनें, राज्य पिताका पाया है ।
गंगा नदी भगीरथ राजा, पुरुषार्थ से लाया है ॥ २ ॥
पुरुषार्थ करनेसें भी जो, काम नहीं बन आता है ।
उसको फिर फिर कर शोचकर, अंतवही बनजाता है ॥ ३ ॥
बालपणे में विद्या सीखो, जीवन करो कमाइ है ।
मातपिता नारीसुत बांधव, सबके बनो सहाइ है ॥ ४ ॥

१५. पीलू ताल पोस्त. (तर्ज—हमें उद्धार करने.)

प्रभु को याद कर प्यारी, वही तेरा सहारा है ।
वही माता वही पिता, वही मित्र प्यारा है ॥ टेक ॥
सबही के बस रहा अन्दर, सब से वह न्यारा है ।
जगत में होरहा जो कुछ, उसी का चमत्कारा है ॥ १ ॥

वही दाता सब जगत का, खुला कैसा भंडारा है ।
उसी के गुणों को गावोरी, वही प्रीतम प्यारा है ॥ २ ॥
उसी की शरण आई हूं, भरोसा मुझको भारी है ।
उसी को याद कर प्यारी, वही तेरा सहारा है ॥ ३ ॥

१६. आसा (तर्ज—असानु साहेब लगदा.)

पिलाओ हरि वही प्रेम पियाला ॥ टेक ॥
जिसको ईसने सूली चढ़कर, दीना असल हवाला ॥ १ ॥
जिसको पीकर मस्त हुवाया, चेतन नदियावाला ॥ २ ॥
पीकर जिसको मीराबाई, पाया देश निकाला ॥ ३ ॥
देकर वही बिहिश्ती मदिरा, करो मोहे मतवाला ॥ ४ ॥

१७ झिंझिट

राम सिमर राम सिमर, यही तेरो काज है ॥ टेक ॥
माया को संग त्याग, प्रभु जी की शरण लाग ।
जगत् सुख मान मिथ्या, झूटेही सब साज हैं ॥ १ ॥
सुपने ज्यों धन पछान, काहे पर करत मान ।
बालु की भीत जैसे, बसुधा को राज है ॥ २ ॥
नानक जन कहत बात, बिनश जाय तेरो गात ।
छिन छिन कर गयो काल तेसे जात आज है ॥ ३ ॥

१८ सोरठ. (तर्ज—शरण में आ)

हम बिगरे बिगरया मत कोग, दुनिया चतुर हमीं भए बारा ।

हे प्रभु तुम्हारे द्वार, भिक्षा यही हमारी ।
देव जीवन या शिशु यह, सेवा करे तुम्हारी ॥ २ ॥

४. पद,

सारे आपण थोर आणि लहान, स्मरूं घडिभर नारायण ॥ टेक ॥
जेणे केली सृष्टी निर्माण, तृण काष्ट तरु पाषाण ।
चन्द्र सूर्य तारका गगन, करूं त्याचे भजन ॥ स्मरूं ॥ १ ॥
जो करी पापाचे मोचन, शरणागता अभय देऊन ।
अनुतापि करी कृपादान, जाऊं त्या शरण ॥ स्मरूं ॥ २ ॥
संकटी साह्य जो करितो, भाव धरिता सनिध येतो ।
भक्तिच्या शाकेस "फो" देतो, गाऊं त्याचे गुण ॥ स्मरूं ॥ ३ ॥
किति आठवुं त्याच्या उपकारा, देई कन्या सुत धन दारा ।
रक्षति सर्व परिवारा, देऊं त्याला मान ॥ स्मरूं ॥ ४ ॥
जे का पडे त्याच्या इच्छेनं, अनुसरूं त्या सन्तोषाने ।
त्याची इच्छा तेंच कल्याण, समजुं ही खूण ॥ स्मरूं ॥ ५ ॥
ज्याचे गुणगान पारावार, किति वर्णु आपण पामर ।
सदा मानू त्याचे आभार, होऊनि कृतज्ञ ॥ स्मरूं ॥ ६ ॥
जो पालक ह्या जड देहाचा, आदि जनक सर्व वस्तूंचा ।
मायबाप आपुल्या सर्वांचा, करूं त्यास नमन ॥ स्मरूं ॥ ७ ॥

(२) मंगलाचार.

१. भैरवी—ठुमरी.

मंगल हरी को नाम उचार ।
मंगल वदन भजन कर मंगल, मंगल प्रीति हृदय में धार ॥ टेक ॥

नवां अध्याय.

अनुष्ठान के संगीत.

(१) नामकरण.

१. लखनऊ ठुमरी

प्रेम स्नेही पिता धन्य तुम हो, जग-कारण जग वंदन तुम हो । टेक॥
धन्य मंगल हाथ तुम्हारा, निश दिन मंगल करत हमारा ।
जो कुछ विघ्न पड़ें सब टारो, निश्चय विघ्न विनाशन तुम हो ॥१॥
तुम ने माता पिता के हृदय में, कैसा स्नेह संचार कियो है ।
धन्य मान यो करें शिशु पालन, जीवन रक्षक एक ही तुम हो ॥२॥

२. जिल्हा.

हम सन्मुख आज तुम को, हरि कृपा-घन ।
करते हैं धन्यवाद तेरा, पा के शिशु जन ॥ टेक ॥
तव सेवक जान निज को, करें इस का पालन ।
तुम्हारी सेवा में कटे, इस का भी जीवन ॥ १ ॥
करो आशीर्वाद प्रभु जी, हे आनंद घन ।
दीर्घ जीवी शिशु होए, तेरा करे पूजन ॥ २ ॥

३. झिंझिट.

मंगल आनंद ध्वनी, करो नर नारी ॥ टेक ॥
धन्य धन्य धन्य प्रभु, हृदय विहारी ।
रक्षित भयो शिशु, पाय तव प्रसाद वारि ॥ १ ॥

हे प्रभु तुम्हारे द्वार, भिक्षा यही हमारी ।
देव जीवन का शिशु यह, सेवा करे तुम्हारी ॥ २ ॥

४. पद.

सारे आपण थोर आणि लहान, स्मरूं घडिभर नारायण ॥ टेक ॥
जेणे केली सृष्टी निर्माण, तृण काष्ट तरु पाषाण ।
चन्द्र सूर्य तारका गगन, करूं त्याचे भजन ॥ स्मरूं ॥ १ ॥
जो करी पापाचे मोचन, शरणांगता अभय देऊन ।
अनुतापि करी कृपादान, जाऊं त्या शरणा ॥ स्मरूं ॥ २ ॥
संकटी साह्य जो करितो, भाव धरिता सन्निध येतो ।
भक्तिच्या हाकेस "ओ" देतो, गाऊं त्याचे गुण ॥ स्मरूं ॥ ३ ॥
किति आठवुं त्याच्या उपकारा, देई कन्या सुत धन दारा ।
सांगती सर्व परिवारा, देऊं त्याला मान ॥ स्मरूं ॥ ४ ॥
जे का घडे त्याच्या इच्छेने, अनुसरूं त्या सन्तोषाने ।
त्याची इच्छा तेंच कल्याण, समजुं ही खूण ॥ स्मरूं ॥ ५ ॥
उदाचे ज्ञान पारावार, किति वर्णु आपण पामर ।
सदा मानूं त्याचे आभार, होऊनि कृतज्ञ ॥स्मरूं ॥ ६ ॥
जो चालक ह्या जड देहाचा, आदि जनक सर्व वस्तूंचा ।
मायबाप आपुल्या सर्वांचा, करूं त्यास नमन ॥ स्मरूं ॥ ७ ॥

(२) मंगलाचार.

१. भैरवी—ठुमरी.

मंगल हरी को नाम उचार ।
मंगल वदन भजन कर मंगल, मंगल प्रीति हृदय में धार ॥ टेक ॥

भावत मंगल ध्यावत मंगल, गावत मंगल सरस उदार ।
मंगल श्रवण कथारस मंगल, मंगल नाम जगत आधार ॥ १ ॥
भीतर मंगल बाहर मंगल, मंगल जीवन जगत मझार ।
मंगल गान बान सब मंगल, मंगल यश गावत नर नार ॥ २ ॥

२. पिलु.

आओ हे गृह देवता, इस भवन ।
कर दो पवित्र, भरो नव जीवन ॥ टेक ॥
विराजो हे जननी, दिखावो स्वदर्शन ।
गृहवासी तुझ मे, लावे अपना मन ॥ १ ॥
दया क्षमा ही होवें, उन के लक्षण ।
भक्ति से बितावें, यह सारा ही जीवन ॥ २ ॥
दुःख मे पावें धैर्य, तेरे ही चरणन ।
प्रति दिन करें, तेरी सदा पूजन ॥ ३ ॥

३. रेखता. दादरा. (तर्ज—ईश्वर तेरे दरबार.)

गाओ भाई बोलो भाई, जय ब्रह्म जय ।
जिनकी कृपाने दिखाया, आज यह समय ॥ टेक ॥
जय शिव सिद्धि दाता, जय प्रभू परित्राता ।
जय पुण्य शांति दाता, मंगल आलय ॥ १ ॥
प्रभु जाके है सहाई, नहिं है वह निरुपाय ।
ब्रह्म कृपाहि केवलम्, फिर कहो क्या भय ॥ २ ॥

४. झिंझिट.

गाय के हरि नाम गान, करो वास भाई ॥ टेक ॥
हृदय थाल पात्र माहि प्रेम भक्ति पुष्प पाई ।
चरण हरि के अबहिं, सभी मिल चढ़ाई ॥ १ ॥
धन्य गृहस्थी सुखी सोई, हरि स्वामी जाने आई ।
हृदय धन्यवाद से ही, प्रभु गीत गाई ॥ २ ॥
ब्रह्म ज्ञान ब्रह्म ध्यान, ब्रह्मानंद रस पान ।
ब्रह्म पूर्ण ज्योतिमान, इस घर में सोई ॥ ३ ॥

---

५. भैरव.

मंगल है नाम तेरा, मंगल है धाम तेरा ।
मंगल है काम तेरा, त्रिभुवन नाथ तू ॥ टेक ॥
मंगल है तेरी सेवा, मंगल है तेरी पूजा ।
मंगल है तेरी शोभा, मंगल है नाथ तू ॥ १ ॥
मंगल है तेरे सेवक, मंगल है तेरे पूजक ।
मंगल है तेरे बालक, रख दे के हाथ तू ॥ २ ॥
ऐसो प्रभु तू महान, सकल विराजमान ।
जानता सभी हमरी, अंतर की बात तू ॥ ३ ॥

---

६. बेहाग—झंपताल

प्रभु मंगल शांति सुधामय है, जय कल्याणमय करुणामय है ॥टेक॥
जय विघ्न विनाशन पावन है, जय पूर्ण ब्रह्म कृपायन है ॥ १ ॥
जय नित्य सत्य गुण सागर है, जय मंगलकर्ता सभीका है ॥ २ ॥

---

७. कीर्तन—खेमटा.

मस्त करो हे आनंदमयी, एकबार मस्त हो जायें।
प्रेमसुधा तुमरा पान करके, सदानंद में नाचें गायें ॥ टेक ॥
जो सुधापान करतें उनकी, माया बुद्धि चली जाये।
महाभाव हो जिनका उदय, वोही सुधापान करना पाये ॥ १ ॥
भक्तजन को जुगों जुग में, मस्त किया तुम सुधापान में।
वोही करें हम सुधापान, मस्त होकर मस्त करायें ॥ २ ॥
तेरे यह नवविधान में, नये ही प्रेम के सुधा पान में।
मत वाला यह जगत देखके, हम तो परलोक जायें ॥ ३ ॥

---

८. धनाश्री—चौताल.

मंगल गुण गान करें,
मंगल गुण दीन शरण, भव भय हरण, भाव बल से कर जोड़े।
प्रेम से सुखद प्रभु दीन उद्धार ॥ टेक ॥
करें सज्जन की संगत, पाप ताप नाश।
सकल वासना दूर करें ॥ मंगल ॥ १ ॥

---

९. बाहार—एकताल.

प्रकाशे सब प्रेम राज्य तेरे प्रेमपरिवार।
दीखती है स्वर्ग की शोभा, मिट गया पाप अंधार ॥ टेक ॥
देवमंदिर देखूं घर घर में, पूजा की वेदी हर जन के अंतर।
है भावना कामना तुम्हारी ही पूजा, है सब नाम करारदार ॥ १ ॥

(श्रीते) तव इच्छा पूर्ण हुई जीवन में, हुआ साधन घरके तपोवन में।
हद बारंबार, रखु श्री चर्ण में, करूं सदा नमस्कार ॥ २ ॥

१०. सारंग विंद्राबनी. (तर्ज—आओ जगवासी.)

अब हरि यश गाओ रे भाई ॥ टेक ॥
हृदय थाल भरि पुष्प भाई पाई, जीवन सफल कराई ।
नव नव राग रचित मणि माला, प्रभु चरणन पे चढ़ाई ॥१॥
महिमा है जिसकी परावर, यश गावे बनराई ।
कोटि कोटि यदि मुख हम पावें, तौभि बरनी नहिं जाई ॥२॥
जगपाता जगमाता स्वामी, घाता सबही का वोई ।
जगत गुरु हरि ज्ञान सिखावे, परम पिता सुखदाई ॥ ३ ॥

११. सारंग विंद्राबनी. (तर्ज—आओ जगवासी.)

आओ हरि गुण गाएं साथी, आओ हरि गुण गाएं ॥ टेक ॥
मन को पवित्र करें ध्यान से, कान पवित्र प्रेम अमृत पान से ।
जिह्वा पवित्र करें गुण गान से, गाएं और हर्षाएं ॥ १ ॥
हरि गुण गान अमर रस धारा, भजन सुधारस अतिहि प्यारा ।
लिये स्वाद होय निस्तारा, पिये अमर बने जाए ॥ २ ॥
दीन बंधु दीन हितकारी, दीनानाथ दीन दुखहारी ।
सच्चिदानंद रूप जिनकारी, चरणन में चित लाएं ॥ ३ ॥

१२ कीर्त्तन सिंधु—एकताल.

मचाओ धूम, नवविधान की जय की रे ।
जिस गुण से हुआ, सब धर्म सम्मिलन रे ॥ टेक ॥

सत्य सत्य का भेदाभेद, मिट जाये येही बार रे ।
प्रेमानल से गलके सभी, हुए एकाकार रे ॥ १ ॥
योग भक्ति कर्म ज्ञान ने, त्यागा विवाद रे ।
वेद बाईबेल कुराण पुराण, गायें एकहि सुर रे ॥ २ ॥
ईशा महम्मद जनक नानक, आलिंगन करत रे ।
शाक्य मुनि श्री गौरंग, गले मिलें नाचें रे ॥ ३ ॥
सत्य का विजयडंका, बजा है जगतमें रे ।
नवविधान झंडा उड़ा, भारत आकाश में रे ॥ ४ ॥
नवविधानसूत्र से बना, भक्त रत्नहार रे ।
पायें गले में सबहि अब तो, बोलें जय जननी रे ॥ ५ ॥
भुत भविष्यत काल, हुआ वर्तमान रे ।
नवविधान में मिल गये, सब प्राचीन विधान रे ॥ ६ ॥

१३. झिंझिट.—दादरा.

हे दयाल दीनानाथ, सर्व सुखदाई ।
परम करुणा तेरी से, मिले हैं सभी भाई ॥ टेक ॥
कृपा तेरी से तुम्हारी, पुत्र कन्या आई ।
कर बद्ध शुभ विवाह में इन को, आप दो बधाई ॥ १ ॥
गृहस्थधर्म दम्पति में, होवो तुम सहाई ।
उच्च प्रेम में इन्हों के, हृदय दो जुड़ाई ॥ २ ॥
दोनों हृदयों में इन्हों के, प्रीति दो समाई ।
जिस से धर्म पथ में जीवन, नित्य बढता जाई ॥ ३ ॥
नये दम्पति तुम्हारे परम, स्वर्गीय सुख को पाईं ।
आशिर्वाद पाय तेरी, ओर करें धाई ॥ ४ ॥

१४. कीर्त्तन पयरा (तर्ज—बाजन मधुर)

अखड सच्चिदानंद विश्वजनवन्दन ।
नित्य विभु पूर्ण ब्रह्म एक मेवाद्वितीय ॥ टेक ॥
अखिल ब्रह्माडपति, विपद भय भजन ।
सर्वसिद्धिदाता कल्पतरु परमात्मन ॥ १ ॥
तुमहीं गाड्, खुदा, हरि, जिहोवा जनार्दन ।
पिता माता सखा बन्धु तुमहीं अनन्य शरण ॥ २ ॥
(हमरा और कोई नाहि) (तुमरे बिना) ।
(तुमहीं आदि तुमहीं अन्त, तुमहीं सिद्धि साधन) ॥ ३ ॥

१५. दोहे.

वासुदेव सर्वत्र में, सर्वत्रमय उन न कतहू ठाय ।
अतर बाहिर संग है, नानक कहे दुराय ॥ १ ॥
भक्ति दान मोहे दीजिये, हरि देवन के देव ।
और नहीं कुछ मागती, निशदिन तेरी सेव ॥ २ ॥
बार बार बार मागहू, हर्ष देहु श्रीरंग ।
पद सरोज अन्न पावना, भक्ति सदा सत्सग ॥ ३ ॥
दया करो मेरे साईंया, देवो प्रेम की दात ।
दुख यहा व्यप्या रहे, सतोष रहे दिन रात ॥ ४ ॥
तुलसी जग में आयके, कर लीजे दो काज ।
देवो को टुकड़ा भला, लेवे को हरिनाम ॥ ५ ॥
साई जन साचे सो सती सोई साधक सुजान ।
सोई ज्ञानी सोई पडिता, जे राते भगवान ॥ ६ ॥

(३) दीक्षा.

१. जोग.

आज आनंद महा मंगलकारी, लियो है बाला हमरा उबारी ॥ टेक ॥
नित नित बढे तुम्हारे धर्म में, बने नमूना जग कार्यन में ॥ १ ॥
इस को देख होवें बलिहारी, जग के सब ही नर अर नारी ॥ २ ॥
जिस कृपा से इस को उठाया, उसी की दिखी प्रभु सब पर छाया ॥ ३ ॥

२. इमन—दादरा. (तर्ज—ईश्वर तेरे दरबार.)

सच्चे तुम्हारे शिष्य अब बनाओ हे गुरु ।
दो हाथ बांध सन्मुख बिठाओ हे गुरु ॥ टेक ॥
सब लेख दिल की पट्टी से मिटाओ हे गुरु ।
सिर्फ पट्टी अपने नाम की लिखाओ हे गुरु ॥ १ ॥
इस आत्म-आरसी में हे परमात्म गुरु ।
तुम्हारी मूर्ति मोहिनि करें दर्शन हे गुरु ॥ २ ॥
कर ले प्रेम पुष्प करें चरन पूजन हे गुरु ।
सेवा सिखाय करो सफल जीवन हे गुरु ॥ ३ ॥

३. कीर्त्तन. एकताल.(तर्ज—नित्य नए.)

यह महासिंधु में जननी कैसे शोभे, क्या यह रूप जाऊं वारी ॥टेक॥
प्रेम का प्रतिमा आनंदमयी मा, दिया दिखा दया करी ।
(अबोध—संतान को) दिया दिखा दया करी ॥ १ ॥

विश्व की विधाता, स्नेहमयी माता, ली है गोद में जीवगणी ।
देकर अन्नजल ज्ञान धर्म बल, पालत हो बच्चे अपने ।
(निज दया करे) पालत हो बच्चे अपने ॥ २ ॥

---

४. झिंझिट—दादरा. (तर्ज—दयामय हरि दयामय.)

तू विधाता, तू विधाता, तू विधाता मेरा ।
मैं हूं बन्दा, मैं हूं बन्दा, मैं हूं बन्दा तेरा ॥ टेक ॥
एक रोटी और धोती, द्वार तेरे पाऊं ।
भक्ति और प्रेम सहित, नाम तेरा गाऊं ॥ १ ॥
बाहर अंतर देख तुझको, सत्य नित्य जाऊं ।
तव आदेश सुखी मन से, सार कर के मानूं ॥ २ ॥
सत्य शिव सुन्दर ही तेरा, परम लक्ष्य होवे ।
जग के उपकार ही में, जीवन यह जावे ॥ ३ ॥

यही रही मेरी अभिलाषा देवी मा दया करो।
करूं सदा सेवा अब तेरी श्रद्धा और भक्ति भरी ॥ ४ ॥

---

८. भिंभिट.—दादरा. (तर्ज—हरि समान दाता)

ब्रह्म कृपा हि केवलम्, सभी बोलो भाई ॥ टेक॥
ब्रह्म कृपा बिन और कोई, जीवन की गति नाहिं ।
मधुर ब्रह्म नाम गाये, हृदय शान्ति पाई ॥ १॥
ब्रह्म की सदाहि जय हो, ब्रह्म हि हो सहाई ।
ब्राह्मधर्म्म की जय धुनि, दे चारों ओर सुनाई ॥ २॥
अपार ब्रह्म कृपा से कहो, द्वारे द्वारे जाई ।
पाप ताप शोक मिटें, यही नाम गाई ॥ ३॥

९. जयजयंती—एकताल.

आई है ब्रह्मनाम की नौका, जो जाना चाहे जल्दा आओ रे आय ।
जीवनअंधकारे खड़ा है क्यों रे, व्यर्थकाज मे व्यर्थ समय जाय॥टेक।
जगत भरा है मधुर सुर से, आनंद लहरी छुटा आकाश से ।
ब्रह्मकृपा अभीबुलावे सबको. पापीतापी जल्दा आओ रे आय ॥ १॥
क्याधनीक्यानिर्धनक्याज्ञानीक्याअज्ञानजोनाहिंदेखताकछुमानिकुलमान।
वही जा सकता है भवनदीपार, व्याकुल हृदय से जो हीं जाना चाय॥२॥

१०. दोहे.

सहजु प्रभु कृपा करी, कहां कहुं मे खोल ।
रोम रोम फुल्लित भए, मुखे न आवे बोल ॥ १॥
आगा धंधा पीछे धंधा, धंधे मा ये धंधा ।
धंधे मा ये ध्यान लगावे, वो साहिब का बंधा ॥ २॥
सोई जन साधु सिधसो, सोई सतवादी सूर ।
सोई मुनिवर दादु बदे, सन्मुख रहाणि हजुर ॥ ३॥

यही रही मेरी अभिलाषा, देखो मा दया करी ।
करूं सदा सेवा अब तेरी, श्रद्धा और भक्ति भरी ॥ ४ ॥

६. रेखता—दादरा. (तर्ज—ईश्वर तेरे दरबार.)

किस देवताने आज मेरा दिल चुरा लिया ।
दुनियां की खबर ना रही तन को भुला दिया ॥ टेक ॥
रहता था पासमें सदा लेकिन छुपा हुआ ।
करके दया दयालने पड़दा उठालिया ॥ १ ॥
सूरज वो या न चांद था बिजली न थी वहां ।
यकदम वो अजब शानका जलवा दिखादिया ॥ २ ॥
फिरके जो आंख खोलकर ढूंढन लगा उसे ।
गायब था नजर से सोई फिर पास पा लिया ॥ ३ ॥
करके कसूर माफ मेरे जन्मजन्म के ।
ब्रह्मानंद अपने चरण में मुझको लगा लिया ॥ ४ ॥

७. स्तव—झंपताल. (तर्ज—ब्रह्मध्यान ब्रह्मज्ञान.)

विपदभंजन तुम्हि, नयन अंजन तुम्हि, तुम्हि हो हृदय रंजन ।
तुम्हि ज्ञान में, तुम्हि कर्म में, तुम्हि ध्यान मे तुम्हि सभी मे ।
तुम्हि मन में करते रमन ॥ टेक ॥
गाड् खुदा हरि तुम्हि, बहुनामधारी तुम्हि, एको रूप विचित्र महान ।
तुम्हिशक्ति तुम्हिमंत्र, तुम्हिशास्त्र तुम्हितंत्र, तुम्हि विधि तुमही विधान ।१।
तुम्हि मक्का काशीधाममें, तुम्हि जरूशालममें, गध्यामें तुम्हि भगवान ।
चिरधन्य तवनाम, पूर्णकाम प्राणराम, तुम्हि हमरे प्राणोंका है प्राण ।२।

८. झिंझिट.—दादरा. (तर्ज—हरि समान दाता.)

ब्रह्म कृपा हि केवलम, सभी बोलो भाई ॥ टेक ॥
ब्रह्म कृपा बिन और कोई, जीवन की गति नाहि ।
मधुर ब्रह्म नाम गाये, हृदय शान्ति पाई ॥ १ ॥
ब्रह्म की सदाहि जय हो, ब्रह्म हि हो सहाई ।
ब्राह्मधर्म्म की जय धुनि, दे चारों ओर सुनाई ॥ २ ॥
अपार ब्रह्म कृपा से कहो, द्वारे द्वारे जाई ।
पाप ताप शोक मिटें, यही नाम गाई ॥ ३ ॥

---

९. जयजयंती—एकताल.

आई है ब्रह्मनाम की नौका, जो आना चाहे जल्दी आओ रे आय ।
जीवनअंधकारे खड़ा है क्यों रे, व्यर्थकाज मे व्यर्थ समय जाय ॥टेक ।
जगत भरा है मधुर सुर से, आनंद लहरी छुटा आकाश से ।
ब्रह्मकृपा अभीबुलावे सबको, पापीतापी जल्दी आओ रे आय ॥ १ ॥
क्याधनीक्यानिर्धनक्याज्ञानीक्याअज्ञानजोनाहिंदेखताकछुजातिकुलमान।
वही जा सकता है भवनदीपार, व्याकुल हृदय मे जो ही जाना चाय ॥२॥

---

१०. दोहे.

सद्गुरु प्रभु कृपा करी, कहां कहूं मै खोल ।
रोम रोम फुल्लित भए, मुखे न आवे बोल ॥ १ ॥
आगे धंधा पीछे धंधा, धंधे मा ये धंधा ।
धंधे मा ये ध्यान लगावे, वो साहेब का बंधा ॥ २ ॥
सोई जन साधु सिधसो, सोई सतवादी सूर ।
सोई मुनिवर दादु बदे, सन्मुख रहाणि हजुर ॥ ३ ॥

---

(४) शोक शांत्वन.

१. सोरठ.

रे मन देखो यह प्रभु दयाला, प्रभु दयाला प्रभु कृपाला ॥ टेक ॥
प्रेम से भर कर आय खड़ा है, पिलावत प्रेम पियाला ॥ १ ॥
दुःख न ठहरें उस के आगे, व्यापे सुख तत्काला ॥ २ ॥
आनंदमय की यह सुनो वार्ता, "(तुं) मनगा बाल गोपाला" ॥ ३ ॥

दोहा.

मेरा मुझ में कुछ नहीं, सब ही कुछ है तेरा ।
तेरा तुझ को सौंपते, क्या लागे है मेरा ॥ १ ॥

---

२. सोरठ. (तर्ज—तेरी शरण में.)

प्रभु दुख में जो तुं मिले, तो सुख ना चाहिये हरि ।
तेरा मुखड़ा देखने हि, जावे सब व्याधी टरी ॥ टेक ॥
तेरे होते रोग कहां है, कहां विपद क्लेशाता ।
तेराहि नाम लेने से, होवे आनंद प्रफुल्लता ॥ १ ॥
निर्धनियोंका धन तुहिं, निराधारों का आसरा ।
शोक भय रहत कहां जब, बने तेरे दासरा ॥ २ ॥
प्राण मन है तेरा दिया, तन भी तेरा है दिया ।
जो कुछ तुमहीं करत है, सबही में है हमारा भला ॥ ३ ॥
जिधर जहां तुं जैसा राखे, रहे हम उसमें संतुष्ट हो ।
सुख दुख में तुझको हि, देखें ऐसे जीवन अंत हो ॥ ४ ॥

---

३ भैरवी.

दयाघन तुम बिन को हितकारी ॥ टेक ॥
सुख दुख में दूजा बंधू कौन है शोक ताप भय हारी ॥ १ ॥
तुमरे प्रसाद से दूर हो संकट, देख करुणा तुम्हारी ॥ २ ॥
मम चित्त और दग्ध हृदय को, तुंहि देत है शीतल वारी ॥ ३ ॥
आपत काल जब सब कोइ त्यागे, तू लेवत गोद पसारी ॥ ४ ॥

४ सोरठ. (तर्ज—भज मन प्राणा)

राम ज्यों राखे त्यों रहिये ॥ टेक ॥
जो प्रभु करे भला सो मानो, दुख ते बुरा न कहिये ।
हरि अनहोनी होनी कर दे, सो सब सिरपे सहिये ॥ १ ॥
करे कृपा निज नाम जपावे, सो अंतर लै गहिये ।
मेहरदार हरि आज्ञा माने, यह सेवक को चाहिये ॥ २ ॥

५. सिंधु भैरवी—पोस्त.

याकबे ना आर ए पापराज्ये, ब्रह्म लोके जाबे च'ले ।
सुखे वास करिबे सदाय, ब्रह्मकल्पतरु मूले ॥ टेक ॥
प्रेमेर बीज करिये रोपण, भक्तिनीर उपकूले ।
हृदय-भांडार पूर्ण, करिबे पुण्य-संबले ॥ १ ॥
अमर हबे अमृत, पान करिबे कुतूहले ।
भक्त-वृंदेर संगे सदा, भासिबे प्रेम हिल्लोले ॥ २ ॥
असार नीच वासना, सकलई जाईबे भुले ।
ए ये अनुरागी प्रेम बेरागी, बिलाबे प्रेम हृदय खुले ॥ ३ ॥

६. रेखता—दादरा. (तर्ज़—ईश्वर तेरी दयालुता.)

मां सफ़र मेरा अब ख़तम हुआ, मैं अपने घर को आता हूं ।
जहां रोग नहीं और शोक नहीं, जहां तव दर्शन मे रोक नहीं ॥टेक॥
तुम प्रेम पलक से बुलाती हो, मैं आज्ञा पाकर आता हूं ।
कुछ सम्बल मेरे साथ नहीं, तेरे चरनों शीस निवाता हूं ॥ १ ॥
मुख बन्द हुआ कुछ कह न सकूं, पर हृदय के स्वर से नाम जपूं ।
तेरा नाम बड़ा मुझे प्यारा है, अब तुझ बिन कौन सहारा है ॥ २ ॥
तेरी इच्छा पूरनहो जिस से, मैं आखर तक निष्काम रहूं ।
मां बहुत थका हूं दुनिया से, तेरी गोद में अब विश्राम करूं ॥ ३ ॥
तेरी गोद में है ईसा मूसा, नानक चैतन और रविदासा ।
तेरी गोद बहुत विस्तीर्ण है, एक कौने की है मुझे आशा ॥ ४ ॥
मैं भूलूं अपने को तुझ में, और डूबूं अमृत सागर में ।
सब मोह माया से विहीन करो, और निज ज्योति में लीन करो ॥ ५ ॥

७. पहाड़ी. (तर्ज़—नाम निरंजन गाओ.)

तुम ही हो जीवन की गति, इस लोक और परलोक में ।
तुम ही हो जीवन आश्रय, मंगल विपद भयशोक में ॥ टेक ॥
हो विश्वप्रकाशक तुमही, जगदाधार और जग आश्रय ।
तुमही हो हृदय ज्योति प्रभु अंधकार और आलोक में ॥ १ ॥
तुमही प्रेममय प्रभु प्यारे हो, तुमही हृदय उज्यारे हो ।
तुमही एक मात्र सहारे हो, संताप में संतोष में ॥ २ ॥
तुमही एक जीवनदाता हो, तुमही एक विश्व विधाता हो ।
विश्वासी की तुमही आशा हो, इस लोक और परलोक में ॥ ३ ॥

८. राग कल्याण. (तर्ज—आनन्द दाता.)

जहां से आये अमर वह देसवा, ना वहां धरती न पवन आकासवा ॥टेक॥
ना वहां चांद सुरज परगसवा, ना वहां ब्राह्मण सुद्र न सेखवा ॥ १ ॥
ना वहां ब्रह्मा ना विष्णु महेसवा, ना जोगी जंगम ना दरवेसवा ॥ २ ॥
कहे कबीर जो आवन संदेसवा, सार सब्द गहि चलो वहीं देसवा ॥ ३ ॥

९. अर्दास.

तुम ठाकुर तुम पै अर्दास, जीवपिण्ड सब तुमरी रास ।
तुम मात पिता हम बालक तेरे, तुमरी कृपा में सुख घनेरे ॥
कोई न जाने तुमरा अन्त, ऊंचे से ऊंचे भगवन्त ।
सकल समिग्री तुमरे सूत्र धारी, तुम से होए सो आज्ञाकारी ॥
तुमरी गत मति तुम ही जाने, नानक दास सदा कुर्बाने ॥

१०. दोहे.

चिंता तां की कीजिये, जो अन होनी होय ।
यह मारग संसार को, नानक थिर नहीं कोय ॥ १ ॥
(कबीर) जिस मरने से जग डरे, मेरे मन आनंद ।
मरने ही से पाईये, पूरण परमानंद ॥ २ ॥
धैर्य नशावे शोक को, धैर्य उन्नति मूल ।
जो सुख चाहो सर्वदा, धैर्य धर्म न भूल ॥ ३ ॥
राखण हारा एक तूं, मारण हारा अनेक ।
दादू के दूजा नहीं, तूं आपे ही देख ॥ ४ ॥

नवां अध्याय समाप्तम.

दसवाँ अध्याय.

अनुभव और आदेश के भजन.

(१) अनुभव के भजन.

१. काफी. (तर्ज—एक भरोसा प्रभु.)

बिसर गई सब तात पराई, जब ते साधु संगत पाई ॥ टेक ॥
नहीं कोई बैरी नाहीं बिगाना, सकल संग हमरी बन आई ॥ १ ॥
जो प्रभु कीनो सो भला कर मान्यो, यह सुमति साधु ते पाई॥२॥
सब म रम रहा है प्रभु एको, देख देख नानक बिगसाई ॥ ३ ॥

---

२. बाहार—एकताल.

दखिल तुमार सेई, अतुल प्रेम-आनने ।
कि भय संसार-शाक, घार बिपद शासने ॥ टेक ॥
अरुण उदये आधार जेमन, जाय जगत छाडिये ।
ममानि दव तुमार ज्याति, मंगलमय बिराजिले ।
भक्त-हृदय वात-शोक, तुमार मधुर सान्त्वने ॥ १ ॥
तुमार करुणा तुमार प्रम, हृदये प्रभु नाविले ।
उथले हृदय, नयन-वारि, राखे के निवारिये ।
जय करुणामय, जय करुणामय, तमार गुण गाईये ।
जाय यदि जाक प्राण, तुमार कर्म साधने ॥ २ ॥

---

३. रामप्रसादी सुर.

क्या आसरा मिलता है, हरि नाम लेते लेते ।
मिलती अजब ज्योति, नाम हरि गाते गाते ॥ टेक ॥
निश्चा आता है अजब, काज सब बन आते ।
होना फ़लित हृदा, ध्यान में ही रहते रहते ॥ १ ॥
रक्खूं भरिभार तभी, चलूं उसी के पीछे ।
मिलूं उस नाथ से अब, प्रेम ही में बहते बहते ॥ २ ॥
हुवा हूं मतवाला, हरि हरि जप्ते जप्ते ।
करता हूं क़ुरबान सिर, अब तो मैं हंसते हंसते ॥ ३ ॥

४. सोरठ. (तर्ज़—तेरी शरण में.)

जहां देखुं वहां तुहि, तुहि तुहि भगवान है ॥ टेक ॥
महिमा तेरी अजब रंगीली, कैसे करें हम गान है ॥ १ ॥
जिसने दिल से तुझे पुकारा, हुई मुश्किल उस की आसान है ॥२॥
ना कोई मेरा संगी साथी, तुझ बिन भगवान है ॥ ३ ॥
भक्तनकी तुम रक्षा करते, रखते हैं जो ईमान है ॥ ४ ॥
दास मैं अब शरणे आयो, दीजे दया का दान है ॥ ५ ॥

५. कीर्त्तन—खयरा.

हरिपद भजे, हरिप्रेमे मॅजे, हॅबे आमि नरहरि ।
आमारॅ आमित्व, असार स्वामित्व, मनुष्यत्व परिहरि ।
हरिबोल बॅले, आबॅ स्वर्गे चॅले, भागवती तनु धरि ॥ टेक ॥
भेदाभेद ज्ञान, आत्म अभिमान, महायोगे सब हॅबे अंतर्धान ।

देहे देंहाकार, मिलन विहार, किया शोभा मरि मरि ॥ १ ॥
श्रीहरिदर्पणे रूप नरहरि, निरखि आनंदे दुनयन भरि ।
निज पदधूलि, निजमाथे तुलि, लइबे भकति करि (हरि हरि बॅल) ॥२॥

६. बाउले सुर—आडख्यामटा.

मानुषे ठाकुर बिहार करे, नरहरि रूप धरि ।
देखें दिव्यज्ञाने, प्रेमनयने, अभिमान परिहरि ॥ टेक ॥
कि भावे काहार सने, आछेन तिनि संगोपने ।
के ताहा जाने, कत युगधर्म प्रकाशिलेन नरहदे अवतरि ॥ १ ॥
न्याय सत्य साधुगुणे, दया धर्म प्रेम पुण्ये ।
देखें से धने, से ये हरि श्रेय हरिरुप, हरिधने अधिकारी ॥ २ ॥

७. आसा.

माई री मैं आतम दर्शन पाया ॥ टेक ॥
सहिज आनद कुशल भयो मेरे, घर घर मंगल गाया ॥ १ ॥
विषयानंद न भावे मनकों, ब्रह्मानंद समाया ॥ २ ॥
वैर विरोध निवारे मन तें, ताप कलेश मिटाया ॥ ३ ॥
देह अभिमान फुरे नहीं कबहु, अपना आप गंवाया ॥ ४ ॥
दोड़ मिटी तृष्णा सभ चूकी, ज्ञान भानु प्रगटाया ॥ ५ ॥

८ कीर्त्तन आलेया—जत.

आमार माके कि देखेछिस तोरा बॅल सत्य करे ।
जार नव नव रूपे नाना रूपे मन हरे ॥ टेक ॥

१२. विभास—एकताल. (तर्ज़—यह विश्व में.)

संसार मंदिर के सभी परिवार में, करती हो विराज ओहे मां जननी ।
परम जतनसे पुत्रकन्यागणको, पालत हो आदरसे दिन और रजनी ॥टेक॥
महाशक्तिरूप से नारीके हृदयमें, कोमल मातृभावको प्रकाश किया हय ।
छाया मोहित मानुषका चित्त, दिखाके अपनी मूरति जगतमोहिनी ॥१॥
हो माधुरी प्रकृतिरस का आधार, स्नेहकी हो मूरति और प्रेमका अवतार ।
तुमहि माता हो सबका मूलाधार शिशुभक्तसंतानकी हो हृदयविलासिनी ॥२॥

---

१३. कीर्त्तन.

मो लागन सिऊं अब प्रीत बनी ।
तोड़ी न टूटे छोरि न छूटे, ऐसी माधव खेंचतनी ॥ टेक ॥
दीनस रैन मन माहिं बसत है, तूं कर कृपा प्रभु अपनी ॥ १ ॥
बल बल जाऊं श्याम सुंदर किऊं, अकथ कथा जांकी बात सुनी ॥२॥
जन नानक दासन दास कहत है मोहे कर कृपा प्रभु अपनी ॥ ३ ॥

---

१४. छायानट—एकताल.

हे सखा मेरे हृदय रहत हो ।
संसार के सब कार्ज में, ध्यान ज्ञान में तुम्हि रहत हो ॥ टेक ॥
नाथ, तुमहो सुख दुख में, हासिमुख और अश्रु नयन में ।
(रहते हो हमारे जीवन को घेरे) ॥ १ ॥

---

१५. काफी. (तर्ज़—क्यों होता है.)

जिधर देखुं जहां देखुं, एक तूंही दिखा रहा है ॥ टेक ॥

आगे उसके प्रणाम करके, भक्ति पुष्पांजलि देके ।
जागके आनंद से बोलो, जय प्राणाराम ।
(जय प्राणाराम जय प्राणाराम बोलो जय प्राणाराम ॥ २ ॥

१०. आसा.

असा नूं साहिब लगदा प्यारा ॥ टेक ॥
घट ही में गंगा घट ही में जमना, घट ही में ठाकुर द्वारा ॥ १ ॥
घट ही में ब्रह्मा घट ही में विष्णु, घट ही में शिव का पसारा ॥ २ ॥
घट ही में चंद्रमा घट ही में सूरज, घट ही में नव लख तारा ॥ ३ ॥
कहे कलंदर सन मन अंदर, ढूंढ लधा मेरा प्यारा ॥ ४ ॥

११. कीर्त्तन—एकताल.

जागो जागो जागो रे भाई, अब तुम नींद करो ना ।
सघ शंखबजाहा, देवीवरोना (चलो चलो जल्दी करो) ॥संघ शंख ॥टेक॥
भगवती गाद में सब ही भक्त, संग में लेके देव देवी ।
अपरूपमाकारूप, देखतकयोंना (चिन्मयी आनंदमयी रूप) ॥ अपरूप॥१॥
रहो ना तुम अचेतन, होओ रे भाई अब चेतन ।
विश्वमाता नाम काहे मिल्के गाओ ना (सुर में सुर मिलाके) ॥ विश्व। २॥
कीचड़ काटे पथ में कितने, और विघ्न दुख है शत शत ।
यह सब देखके रे भाई, भय करो ना ॥
वैकुंठ भंडार अब देखो है खुला, "आओ अब आवो" मा रही बुला ।
पुकारत है मा स्नेह से, काहे सुनो ना (ब्रह्मानंद संगमिले) ॥ पुकारत ॥३॥

१२. विभास—एकताल. (तर्ज—यह विश्व में.)

संसार मंदिर के सभी परिवार में, करती हो विराज ओढे मा जननी ।
परमजतनसे पुत्रकन्यागणका, पालनहो आदर्श से दिन और रजनी ॥टेक॥
महाशान्ति रूप से नारीके हृदयमें, कोमल मातृभावका प्रकाश किया हय ।
कीया मोहित मानुषका चित्त, दिखाके अपनी मूरति जगतमोहिनी ॥१॥
हो माधुरी प्रकृतिरस का आधार, स्नेहकी हो मूरति और प्रेमका अवतार ।
तुम हैमातादो सभका मूलाधार शिशुभक्तसंतानकीहो हृदयविलासिनी ।२।

१३. कीर्त्तन.

मो लालन सिऊं अब प्रीत बनी ।
तोड़ी न तूटे छोडी न छूटे, ऐसी माधव खिचतनी ॥ टेक ॥
दीनस रैन मन माहिं बसत है, तु कर कृपा प्रभु अपनी ॥ १ ॥
बल बल जाऊं शाम सुंदर कीऊं, अकथ कथा जाकी बात सुनी ॥२॥
जन नानक दासन दास कहत है मोहे कर कृपा प्रभु अपनी ॥ ३ ॥

१४. छायानट—एकताल.

हे सखा मेरे हृदय रहा हो ।
संसार के सब काज में, ध्यान ज्ञान में तुम्हिं रहत हो ॥ टेक ॥
नाथ, तुमहो सुख दु ख मे, हासिमुख और अश्रु नयन मे ।
(रहते हो हमारे जीवन को घेरे) ॥ १ ॥

१५. काफी. (तर्ज—क्यों होता है.)

जिधर देखुं जहा देखुं, एक तूही दिखा रहा है ॥ टेक ॥

जिमी पे तूं गगन मे तूं, पानी मे तूं अगन में तूं।
चाद सूरज में है एक तूं, बिजली में तूं समा रहा है ॥ १ ॥
समुंद नदी जंगल में तूं, सबही जगा मे व्यापी तूं।
चराचर नरनारी मे तूं, स्वरूप तेरा सुहा रहा है ॥ २ ॥
कुरान पुरान वेद में तूं, मूरपी मुनी ओलीओ में तूं।
परम आनंद जगत म तूं अनंतकाल तूं छा रहा है ॥ ३ ॥

१६. दोलन. (तर्ज—तुमारे नित्यधामें.)

मा मा बोले पाषाण गले दोमयनों भरे जले, उठेगे हृदय में प्रेम लहर।
निराशअंधकारे मांमांबोलि तुम्हेपुकारे, होगा अंत करण आशाका संचार॥
विपदमें संपदमें जननी अभयपद में, एकांत में जोडि लेव उसकी शरण।
रहता वो सदानंद निरापद निर्भयमें, सुखसागर में करते वह तरण॥
मातृप्रेम सहज यह साधन सहस्र करोजोजन, जावे वो सहजही शांतीधामे।
कर्म्मज्ञान जोगयग्रमे नाहोवे शांतिप्राणमे मांकानामही भरोसापरिनामे॥

१७. भैरवी.

ईश्वर माझा न्याय करणें, ऐक तूं करों ॥ टेक ॥
सत्वपणे मी वर्त्तत आहें, हे मनीं तूं धरणें ॥ १ ॥
देवावर म्यां ठेवुनि भावा, भिजविली ही करणे ॥ २ ॥
झाणुनि माझा तोल न जाई, या शुद्धाचरणे ॥ ३ ॥
भावासह हें मन गालूनियां, शोध तूं मन पारखणें ॥ ४ ॥
तुझी दया मम नेत्रा पुढेंचीं, आहे पूर्णपणे ॥ ५ ॥
सत्या माजी वर्त्तलो तुझिया, देवा मज वर्त्तवणे ॥ ६ ॥

१८. दोहे.

जो तेरे घट प्रेम हैं, सो कहि कहि न सुनाय।
अंतर्यामी जानिहै, अंतर गत को भाव ॥ १ ॥
गुप्त प्रगट जती कहि, मेरे मन की खुम।
अंतर्यामी रामजी, सब तुमको मालुम ॥ २ ॥

---

(२) आदेश के भजन.

१. दोहे.

हरि दयामय कहत है, हू मैं सब का तात।
ध्यान लगाय सभी सुनो, कहता हू जा बात ॥ १ ॥

गजल (तर्ज—ईश्वर तेरी दयालुता)

मैं दिल के द्वारे आया हूं, तुम प्रसन होगे क्या?।
म मुक्ति ले के आया हू, तुम बढ के लोगे क्या? ॥ टेक ॥
मैं जीवन शक्ति लाया हूं, तुम दिल का दोगे क्या?।
मैं मरा मेरा कहता हू, तुम मेरे होगे क्या? ॥ १ ॥

---

२. बजारा.

तुम सकल सुना नर नारी, मैं सब में हू हितकारी ॥ टेक ॥
सुभ सब भक्तों के पुत्त हो, मेरे सब ही तुम बच्चे हो।

यदि हृदय मेन तुम खोलो, तुम भक्तों सा देखओ ॥ १ ॥
क्यों झूंठ बहाने बनाते, जनम अपना दुःखी बिताते ।
अब करो तुम शास्त्र तयारी, मुझ पाओ हृदय बिहारी ॥ २ ॥

३. जिल्हा पिलू.

माहे कहां तू ढूंढे बंदे, मैं तो तो पास में ॥ टेक ॥
म ही रहता रामेश्वर मे, मैं काशी कैलास में ।
मैं ही रहता मक्के मदीने, मैं ही हू अलमान में ॥ १ ॥
मैं ही सब क्रिया करम में, मैं ही योग सन्यास में ।
मैं ही सब मसजिद मंदर में, अधिक कर विश्वास में ॥ २ ॥
मैं रहता सब जीव जंत में, सब श्वासों के श्वास में ।
जो खोजो तुम सरल भाव से, पा लो अपने पास में ॥ ३ ॥

४. गजल. (तर्ज़—कैसी मधुर बंसरी.)

साफ दिल होके जो करता है मुहब्बत मेरी ।
रात दिन रहती है उस दिल में सकूनत मेरी ॥ टेक ॥
चश्मे दिल खोल के जो लोग मुझे देखत हैं ।
दिल में रखकर के शबो रोज मुहब्बत मेरी ॥ १ ॥
उनको हर शैमें नजर आता है जलवा मेरा ।
जर्रे जर्रे से नजर आती है क़ुदरत मेरी ॥ २ ॥
मुझ पे जो मरते हैं मैं उन पे फिदा होता हूं ।
मेरे आशक़ नहीं करते हैं शिकायत मेरी ॥ ३ ॥
खुद फना होके न मिल जाये तो मुझ में ख़ातिर ।
जान सकता नहीं जिनहार हक़ीक़त मेरी ॥ ४ ॥

५. आसा. (तर्ज—अंतर्यामी प्रभु)

भटकत भय्कत बिपन के बनमें, आया मधुर यह सुर श्रवन में ॥टेक॥
"मेरे पुत्र उदास न हो तूं, मर न अभु निज मैनन में ।
धर मस्तक मेरे उर पर, आके बैठ मेरे गोदासन में ॥ १ ॥
हृद निद्रा का करले भोजन, लग रही है जो क्षुधा मनमें ।
है जो प्यासा तू यह पील, अमृत जल जो है शुभ जीवन में ॥ २ ॥
भय कपोत मन है जो तेरा, आ लग जा तूं मेरे गल में ।
चल अब तूं आनंद बाग में, नृत्य कराउं आदि देवगण में" ॥ ३ ॥

६. भैरवी—पोस्त.

जे भविर भावुक, पथेर पथिक, सबे तो आपनार ।
देहेर संबंध जत क्षणिक असार ॥ टेक ॥
परलोकेर संगी जा'रा, आत्मार आत्मिय ता'रा ।
ना चिने सकाले मिछे केहँ नहे क'र ॥ १ ॥
विविध विषय कर्मे, एकमत एक धर्मे ।
मिशिनु जादेर संगे हवे ना आमार, (ताराओ) ॥ २ ॥
हाय तबे कोथा जाबे, मनेर मानुष का'रे पाबे ।
जे हवे मायेर सता आमि हवे जा'र ।
ता'र संगे प्राणे प्राणे, मिले एक लय ताने ।
हरिगुणगाने तिने हवे एकाकार ॥ ३ ॥

७. रेखता. दादरा. (तर्ज—ईश्वर तेरी दयालुता.)

जिस दिल को खुदा याद, वह आबाद हमेशा ।
आबाद हमेशा है, वह दिलशाद हमेशा ॥ टेक ॥

जिस दिल खुदा के नाम में, तन मन धन दिया ।
उस दिलका इलाही मिले, इमदाद हमेशा ॥ १ ॥
जिस दिलको गम अलाह के, मिलने का दम बदम ।
उस दिल के गम अलम सभी बरबाद हमेशा ॥ २ ॥
जिस दिल अपने काम सब, हरनाम पे रखे ।
उस दिलको सरजाम है, हरदाद हमेशा ॥ ३ ॥
सुरन बिहारी लाल में, चाहे सो लो ज्ञान ।
एतमाद जिसका पूरा है, एतकाद हमेशा ॥ ४ ॥

---

८. आलेया. कवालि.

भक्ति भावे डाकले आमि, रइते पारिक ।
आरे, जे डाके आमारे, आमि तारि ह'ये रइ ॥ टेक ॥
ज जन विश्वास करे, जीवन सँपेछे मोर ।
के आछे तार ए ससारे, बॅले आमि बॅइ ॥ १ ॥
आमि भक्तेर अधीन, आमाय जाने सब चिर दिन ।
भक्तके देखिले आमि आनंदित हॅइ ॥ २ ॥
दारा सुतधन प्राण, जे करे आमाय अर्पण ।
ताहार राकज भार, मायाय करे बॅइ ॥ ३ ॥
भजित चैतन्य मोरे, बॅधेछिल प्रेमडोरे ।
भजिर जोरे ध्रुव प्रल्हाद, ह लॅ अमनजयो ॥ ४ ॥

दसवां अध्याय समाप्त

विविध और साधु वचन के भजन.

१ झिंझि', एकताल (तर्ज—दयामय हरि दयामय)

ध्यान ज्ञान नवीन वस्त्र, प्रेम के हो पहिरिये ।
देव देव महादेव, महाराज पूजिये ॥ टेक ॥
परम भक्ति योग साय, प्रभु गुण आज गाय ।
बार बार नमस्कार, वही चरण कीजिये ॥ १ ॥
गाओ गाओ सभी गाओ, आज नव हृदय पाओ ।
प्राण मोहिं जांसे जावें, वाही हृदय धारिये ॥ २ ॥
धन्य धन्य दयाधार, दया तव है अपार ।
प्रेमराज्य भेज आज, भ्रातृभाव दीजिये ॥ ३ ॥
दूर होय चिंता भय, होय सब पाप क्षय ।
पाय नव प्रेम लव, प्रेमरस भींजिये ॥ ४ ॥

---

२ धमार्थी, तिताल (तर्ज—जननी जननी अविराम)

सब का करो कल्याण, (दयालु प्रभु) सब का करो कल्याण । टेक॥
नर नारी पखी पशु के साथे, जीव जंतु का तमान ॥ दया ॥१॥
जग के वासी सब सुख भोगे, आनंद रहे आठों जाम ॥ दया ॥२॥
सर्व जगत सुख शांति बढे नित, और बढे धन धाम ॥ दया ॥३॥
आपो अपन मति अनुसरे, सब कोई भजे भगवान ॥ दया ॥४॥

---

३. झिंझिट—दादरा (तर्ज हरि समान दाता.)

देखके तिहारो रंग, ढंग आज प्यारा ।
होत है हमारो दुरा, भंग अज सारा ॥ टेक ॥
आय आय तेरे धाम, नाम ले तिहारा ।
पाय मुक्ति मेरे स्वामी, काम ही हमारा ॥ १ ॥
काम क्रोध हिंसा द्वेष, पाप ताप सारा ।
भागके न पायों लेश, आप मानहारा ॥ २ ॥
ज्योति है प्रकाशी, दूर भागे अंधकारा ।
धन्य धन्य है संसार, लागे शांतिधारा ॥ ३ ॥

---

४. टोडी (तर्ज—प्रीति प्रभु से जोड.)

संतो ऐसा धुंध पसारा ॥ टेक ॥
इस घट अंदर बाग बगीचा, इसीमें सृजन हारा ।
इस घट अतर सात समुंदर, इसीमें बारा पारा ॥ १ ॥
इस घट अंतर हीरा मोती, इसीमें परखण हारा ।
इस घट अंतर चांद सूर्ज है, इसीमें बेहद तारा ॥ २ ॥
इस घट अतर अनहद गर्जे, इसीमें ऊठत फुआरा ।
कहे कबीर सुनो भाई साधु, याही में गुरु हमारा ॥ ३ ॥

---

५. काफी (तर्ज—तूंहै तूंहै तूंहै तेरा)

जो विश्वास प्रभु पर लावे, शुद्धि शक्ति शांति पावे ॥टेक॥

वो सब अपनी चाल सुधारे, तन मन चित लगावे ।
श्रेष्ठ वचन निज मुख से भाखे, प्रभुको शीश नवावे ॥ १ ॥
जो विश्वास प्रभु पर लावे, नया जनम सो पावे ।
मन में प्रेम सभन से राखे, प्रभुका दास कहावे ॥ २ ॥
अपने स्वार्थ की इच्छा टारे, पर हित भार उठावे ।
जगत सुखों की आशा छोडे, हर्ष सहित यश गावे ॥ ३ ॥
निशदिन टेक धरे प्रभु ऊपर, शांति रस वह पावे ।
प्रभु बनेंगे ताके नेता, भव निधी पार लधावें ॥ ४ ॥

---

६ भैरवी (तर्ज रुकमणी ब्रज) (सुकृन करले)

राम रस मीठा कहे सब कोई ।
नाम रस मीठा, मुखसे कहे क्या होई ॥ टेक ॥
मीठा रस यह जाने जोई, भर कर प्याला पिया जिन होई ।
दूजा जाने मिठास न कोई, मुखसें मीठा कहे क्या होई ॥ १ ॥
अन्न कहेसे सुधा किन खोई, सीत न मिटत कहत मुख लोइ ।
फूल कहे न आवे खुशबोई, मुखसें मीठा कहे क्या होई ॥ २ ॥
बिना मनन जो सुरत रहे सोई, रस नहीं पीवत मूर्ख चोई ।
मिले माखन छाछ बिलोई, मुखसें मीठा कहे क्या होई ॥ ३ ॥
जनक वृति जिस रस में भिगोई,
जिस माहीं सुखदेव आतमा डुबोई ।
रस को पी हो अमर पाप धोई, मुखसें मीठा कहे क्या होइ ॥ ४ ॥

धर्म बेली चित्त भूमी में होई, वामें रामरस सींचे सोई ।
जीना इहलोक परलोक दोई, मुरद में मीठा कहे क्या होई ॥ ५ ॥

७. झिंझिट—एकताल.

पकजदल गत जल मिव, चचलमीह जीवनम् ।
सश्यति नाहीं, वारयति कील, कुरु हरिपद चिंतनम् ॥टेक॥
कुसुमोपम मीह सीदति, तव सुदर यौवनम् ।
गर्व जही सर्व कुरु, सर्व ही भव बंधनम् ॥ १ ॥
स्वप्नोपम धन जन गेहे, दारादिक बांधवम् ।
संग त्यज रे भज रे, भज हरिप्राण वलभम् ॥ २ ॥
परिहर रे पाप जनक, भोगवच रोगास्पद ।
जोग पुरु जोगेन ही, प्राप्स्यसि चिर सम्पदम् ॥ ३ ॥

८ पीलू ताल पोस्त (तर्ज—हमें उद्धार करने का)

है दिल सो एक और उसकी खरीदारी कहीं चहाते ।
सुभु से शाम तक कितने ही, ग्राहक आके फुसलाते ॥टेक॥
एक तरफ से आये दौलत, अपना दास करने को ।
बना हाव भाव बहुतेरे, करे मीठीसी वह बातें ॥ १ ॥

फिर इजन उठ आय कहती अरे तुं चल आ मेरे साथ ।
बना दु खान साहेब के खुशामद सब करें आते ॥ २ ॥
कबीला कहना हम तुमको सदा वास्ते खरीदा है ।
बस अब तुम किसी औरके कभी होने नहीं पाते ॥ ३ ॥
चौतरफ यु घेरा दुनिया ने अब दिल दीजे किसे अपना ।
सुख की नींद छुरवाके वह दुख में मारने चहाते ॥ ४ ॥
मगर इन सब में बचके दिल क्यों न बेचें प्रभु जी के हाथ ।
जिनका नाम हृदय आराम, शांति धाम सब मुनि गाते ॥ ५ ॥

---

६. पीलू

आऊगा न जाऊगा, मरंगा न जिऊगा,
गुरुके शब्द का प्रेम रस पिऊंगा ॥ टेक ॥
कोई फेरे माला, कोई फेरे तसबी,
देखो यह लोको, दोनो है कसबी ॥ १ ॥
कोई जावे मक्के, कोई जावे काशी,
देखो यह लोको, दोनो गलफासी ॥ २ ॥
कोई पूजे मदर कोई पूजे गोरां,
देखो यह लोको, लुट गये चोरां ॥ ३ ॥
कहत कबीर सुनो री लोई,
ना हम किसीके ना हमारा कोई ॥ ४ ॥

---

१० भैरवी—त्रिताल (तर्ज—आज है धन्य भाग)

सगत संतन की करले, जनम का सार्थक कुछ करले ॥टेक॥
उत्तम नर देह पाया प्राणी, इसका हित कुछ करले ।
हरि के शरण जायके वागा, पाप ताप दूर करले ॥ १ ॥
कहां से आया कहां जावेगा, यह कुछ मालुम करले ।
दो दिन की जिंदगानी बदे, हुशीयार हो तु चल रे ॥ २ ॥
कौन किसी के जोरू लडके, कौन किसीके साले ।
जब लग अपनी ठीक बनी है, तब लग मीठा बोले ॥ ३ ॥
कहत कबीरा सुन भाई साधु, हरदम प्रभु गुण गाना ।
अपना हित कुछ करले प्यारे, आखर अकेला जाना ॥ ४ ॥

---

११. काफी. (तर्ज—सकल है विश्व)

क्यों होता है तु घबरा, क्यों डरता है तु ससारा ।
करना पर्योन जरा विचारा, नयन खोलके तुं हो खडा ॥
देख ब्रह्मांड विस्तारा, हरि कृपा का है सारा ॥ टेक ॥
यह विश्व है ऐसी सुदर, अति मनोहर शांती सुखकर ।
प्रकाशे करुणा सागर, असंदेह आत्मा है भरा ॥ १ ॥
बाबा करो स्थिर मानसा, धरो अब दृढ भरोसा ।
त्यागेगा वो तुझे कैसा, मानव पशु पक्षी ऐसा ॥
पालत है सभीको जैसा, विविध योजना में ऐसा ।
पालन है वो तुझे ऐसा, प्रभु अनत भडारा ॥ ३ ॥

तु कैसा परम जड़मति, न जाने उसकी कृति ।
न है जिसकी परिमिती, शरण में जा परात्परा ॥ ४ ॥

---

१२ सिंधु खांवाज—जत.

केनें रे मन भाविस एत, दीन हीन कांगालेर मत ।
आमि जे पेयेछि मायेर अक्षय धन अभयपद ॥ टेक ॥
एक वार यदि मा बॅले, डाकि तरि हृदय खुले ।
तखनि मा ल'ये कोले, मुखे तुले देय अमृत ॥ १ ॥
आमार मा ब्रह्मांडेश्वरी, दयामयी क्षेमंकरी ।
सुदर्शनचक्रधरि;(धनधान्य हाते करि) आछेन काछे नियत।२।
शोनरे मन तोरे बॅलि, आमि मायेर बले बॅली ।
देह मन प्राण सकलि; तांहारि अंघ्रे पालित ॥ ३ ॥
अन्य धने कि प्रयोजन, परशमणि मायेर चरण ।
हृदये राखिये से धन, करॅ सुखे काल गत ॥ ४ ॥

---

१३. गजल—धमाल.

मुझे है काम ईश्वरसे जगत रूठेतो रूठनदे ॥ टेक ॥
कुटुंबपरिवार सुतदारा मालधन लाजलोकनकी ।
हरिके भजन करनेमें अगर छूटे तो छूटनदे ॥ १ ॥
बैठ सगतमें संतनकी करू कल्याण मैं अपना ।
लोक दुनियाके भोगोंमें मौज लूटे तो लूटनदे ॥ २ ॥

प्रभुके ध्यान करनेकी लगी दिलमें लगन मेरे ।
प्रीत संसार विशयोंसे अगर टूटे तो टूटनदे ॥ ३ ॥
धरी सिर पापकी मटकी मेरे गुरुदेवने झटकी ।
वो ब्रह्मानंदने पटकी अगर फूटे तो फूटनदे ॥ ४ ॥

---

१४. तिलंग (तर्ज—करो ध्यान सदा शुभ)

चल चल प्यारे हरि गुण गावें, चल चल प्यारे हरि गुण गावें।टे।
जो हरि भव पाप का हरता, वाको जाय मनावें ।
सांझ भई अब छोड़े ये धंधे, प्रभु चरणों में सिर नावें ॥ १ ॥
यह विरीया हरि नाम जपन की, कबहुं न व्यर्था गमावें ।
हरि स्तुति ओ प्रार्थना करके, सुधानंद फल पावें ॥ २ ॥
मन मंदिर में वासा करके, भजन अखंड जगावें ।
प्रभु की विनती ऐसी निर्मल, कूर कपट भग जावें ॥ ३ ॥
प्रार्थना आदिक कार्य करके, घर अपने सब आवें ।
हरि पद प्रेम युक्त हो प्यारे, निशि वासर हरि ध्यावें ॥४॥

---

१५. मंगल—त्रिताल (तर्ज—मैंनें प्रभु से)

नाम निरंजन गावो रे साधो, नाम निरंजन गावो रे ॥टेक॥
नाम जहाज बैठकर दुस्तर भवसागर तर जावो रे ।
मानुष देह मिली है दुर्लभ, काहे व्यार्था गमावो रे ॥ १ ॥

रसकी जीभ नामबिनदासा, फिर क्यों देर लगावो रे ।
ऊठत बैठत सोवत जागत, मन से नहीं विसरावो रे ॥ २ ॥
ध्रुव प्रल्हाद बिभीषण नारद, सनकादि मन भावो रे ।
अजामेल गज गणिका तारे, दृढ निश्चय मन लावो रे ॥ ३ ॥
कलि केवल इक नामआधारा, दूजा भरम भुलावो रे ।
ब्रह्मानंद नाम बिन हरिके, कबहु न मोक्ष पावो रे ॥ ४ ॥

---

१६. आशागौरी (तर्ज—तुम पर तन मन)

चित चुनरिया रंगदो प्रभु मेरे, तुमरे नामके रंग (रे प्यारे)॥टेक॥
नाम रंग रहो नैनन छाए सदा, और वृथा सब ढंग ।
चटक चार दिन धन जोबन की, सो क्या करू रंग पतंग ॥ १ ॥
ऐसा रंग दो रंगरेजा मेरे, जो हो रहे सदा अभंग ।
उतरे न कबहु लगें यदि सहस्त्र आ, भव भय सिंधु तरंग ॥२॥
नाम रंग रंगि चुनरिआ, मैं पैहेनके पूर्ण उमंग ।
नाचु तुम संग ऐसे भाग्य कहां, बजावत प्रेम मृदंग ॥ ३ ॥
प्रेम मृदंग बजाऊ ऐसी, तन मन शुद्ध बुद्ध रहे न वैसी ।
बजाई ध्रुव, मुनि नारद जैसी, ईशा मूसा चैतन्य तसी ।
करके दया सोहे कर अब दोगे, हे हरि ऐसा प्रसंग ॥ ४ ॥

---

१७. बिहाग, गजल (तर्ज़—प्रभु प्रेममानद धारा)

तुं चातक क्यों समझे, प्रभु दूर है मनां ।
उससें समस्त जग है भरपूर है मनां ॥ टेक ॥
क्या अग्नि, पवन विद्युत, शशि सूर्य सितारे ।
उससे ही है सभोंका भनूर है मनां ॥ १ ॥
उनके संशोधन में क्यों तुं, दूर दूर भटकता ।
है छा रहा उसीका सब नूर है मनां ॥ २ ॥
कर वास सुधा सागर में तुं प्यास से मरे ।
मिसाल यह तुम्हारी है, मशहूर है मनां ॥ ३ ॥
वो तो नयनों का नयन है, श्रवणोंका श्रवन है ।
हृदय का हृदय करलो, मज़ुर है मनां ॥ ४ ॥

---

१८ हर्मी—छंद. (तर्ज़—करता हूँ वेनती.)

आहा आहा, सब जग तज प्रभु मन लाया ।
खाना पीना आना जाना, प्रभु बिन नहीं भाया ॥ टेक ॥
पाप ताप स्यापा छूटा, फिर निकट न आया ।
जागा मांगा पाया खाया, अब हरिरस मन भाया ॥ १ ॥
माता भ्राता भार्या जाया, प्रभु बिन न सुख पाया ।
पाके शोभा आत्मा मेरा, हरख हरख गुन गाया ॥ २ ॥

१९. पीलू. दीपचंदी. (जत.)

जिनका जगमें ना कोई सहारा, केवल तेराही नाम आधारा ॥टे॥
ध्रुवको पिता जब घरसें निकारा, वहांतेरा नाम हुआ रखवारा ॥१
राज्यपाट खोया हरिश्चंद्र, सो फिर मिला सत्त नाम के द्वारा॥२॥
यही नाम हुआ मीरांका संगी, गोपी चंद के हृदय का हारा ॥३॥
यह नाम वह मंसुर मसीहने, सूली चढ़ते तक न विसारा ॥४॥

२०. रेख्ता. दादरा (नर्ज़—ईश्वर तेरी दयालुता.)

वह झमक तेरे नाम की क्या कया दिखा रही ।
मुझ को सदा तेरी ही लीला बता रही ॥ टेक ॥
पड़ा जो आनंदके दरिया में जाकर ।
कृपा की धारा रात दिन मुझे मचा रही ॥ १ ॥
मिलते जहां फ़िरस्ते वह साधुओं का संग ।
सदा तेरे नाम की वह धुम मचा रही ॥ २ ॥
मिलाओ हमें सग वह जहां नाम तुम्हारा ।
सदा करे हम गान महिमा वह तुम्हारी ॥ ३ ॥

२१. बाउले सुर—एकताल.

प्रेमिकलोकेरस्वभाव स्वतंतर ओ तार थाकेनाभाइ आत्मपराटे॥
प्रेम एमनि रत्न धन, किछु नाइको तार मैतन ।
इंद्र-पद्के तुच्छ करे प्रेमिक हेय ये जन ।
ओ से हास्यमुखे सदाइ थाके हृदय जुडे सुधाकर ॥ १ ॥

प्रेमिक चायनाको जानि, चाय ना सुख्याति ।
भावे हृदय पूर्ण, हय ना लुब्ध रटले ग्रख्याति ।
ओ तार हस्तगत सुखेर चाबि, थाक्बे केन अन्य डर ॥ २ ॥
प्रेमिकेर चालूटे बेआड़ा, वेद विधि छाडा ।
आंधार कोणे चांद गेले तार मुखे नाइ साडा ।
ओ से चौद्द भुवन ध्यरा हतेयो आसमानेते बनाय घर ॥३॥

२२. कीर्त्तन. (तर्ज़—कैसे दयाल हो.)

अमृत निहार नाम, दीन शरण है,
शांतमन होय पाय प्राणरमण है ॥टेक॥
हो अमर नाम पाय, नाहिं मरण है,
होय तन नाम जाप, शान्ति भवन है ॥ १ ॥
नाम सर धाम पाय, जोई सुजन है,
अमृत सुधार न्हाय जाय तपन है ॥ २ ॥
नाम बल शीघ्र होय इन्द्रि दमन है,
साधु बन जाय पाय नाम जपन है ॥ ३ ॥
होय हरि नाम गान शुद्ध जीवन है,
नाम तव जाप पाय अमृत धन है ॥ ४ ॥
उस्तव हमार नाथ होय सुफल है,
भक्ति नव पाय जाय, दुःख मरण है ॥ ५ ॥

२३. धनाश्री. (तर्ज—जननी जननी अभिराम.)
क्या मधुर तेरा नाम, (दयामय) ॥ टेक ॥
सुन के दयामय नाम तुम्हारा, शांत भयो है प्राण ॥ १ ॥
दयामय दयामय नाम गान से, करे हैं अमृत पान ॥ २ ॥
सुखे तरू को ताजा बनावे, जीव को दे सुखधाम ॥ ३ ॥
जान पड़े न्हीं कहां से आयो, ऐसो मधुर तेरो नाम ॥४॥
नाम की महिमा सुन के प्रभूजी, प्राण हुआ मस्तान ॥५॥

२४. टोडी.
प्रभू तेरी लीला है अपरपार ॥ टेक ॥
तेरी लीला का पार न पाया, जो हैं अगम अपार ॥ १ ॥
पीर पैगम्बर और रिषी मुनि, कर न सके हैं विचार ॥२॥
घट घट वासी हृदय प्रकाशी, सतो ने कहो यह पुकार॥३॥
जो जा जिन्होंने उन्होंने पाया, ऐसे हो तुम दातार ॥ ४ ॥
लेवें सुध तू एकहि पुकार सें, जावें तुझ पर वलिहार ॥५॥

२५ टोडी. (तर्ज—प्रीति प्रभुसे)
मेरो सुंदर कहां मिले कत गलीजी ।
हर के संत बतावे मार्ग, हम पीछे लाग चली जी ॥टेक॥
प्रिय के वचन सुरते हियरी, इह चाल वनी है भली जी।
लहरी माधुरी ठाकुर भाई, ओ सुंदर हर दल मिली जी॥१॥
एको प्रिय सिख्या सब प्रियके, जो भावे परमा भली जी।
नानक गरीब क्या करें बिचारा, हर भाने तन राह चली जी॥२॥

२६. विलू.

तू मेरे स्वामी मैं हूं तेरी दासी, तुम हो प्रेम मैं प्रेम पियासी।टेक।
तव चरणन चित्त सदा आनंदित,
जीवन तुम्हारे निकट निवासी ॥ १ ॥
मेरे तो सब कुछ तुम ही हो प्रीतम,
पाया तुम्हें बन कर विश्वासी ॥ २ ॥

२७. होरी. (तर्ज—मेरे तो तुमही एक)

प्रभु सुनो विनय हमारी, कृपा वारी ॥ टेक ॥
इस जग में सुख सम्पति तुमहीं, मोको कभी न बिसारी ॥ १ ॥
धर्म कर्म अब मोसे होवें, रहो सदा सहकारी ॥ २ ॥
मन मेरो उपकार में लागे, दे सब-पाप निकारी ॥ ३ ॥
भक्ति प्रेम अटल मैं पाऊं, गाऊं महिमा तुम्हारी ॥ ४ ॥
तन मन धन तेरे अर्पण होवे, जीवन हो फलकारी ॥ ५ ॥

२८. खमाच, दादरा. (तर्ज—जय जय जगदीश्वर)

जय जय भगवंत दयासिंधु उपकारी ॥ टेक ॥
जय जय जगबंधु कृपासिंधु शांतिकारी ।
तुहीं प्रभु पूर्ण दयारुप विश्वधारी ॥ १ ॥
तेरी जग शक्ति करे निसदो प्रचारी ।
श्रद्धा अरु भक्ति तुम्हें नाथ है स्विकारी ॥ २ ॥
पापी हम होय सभी शर्णाली तिहारी ।
तुम्हीं अब आय हृदि देओहे सुधारी ॥ ३ ॥

पावे अब शांति दयासे सभी निहारी ।
लागे तब कार्य प्रभु ज़िंदगी हमारी ॥ ४ ॥

२९. भैरवी. (तर्ज़—प्रभु हम आय.)

माई मेरे मन की है यह प्यास ॥ टेक ॥
इकछण रह नसकू बिनप्रीतम दर्शन देखनको धारी मनआस ॥१॥
सिमरो नाम निरञ्जन करते, मन तन से सब कुल दुःख नाश ॥२॥
पूर्ण पार ब्रह्म सुख दाता, अविनाशी विमल जाको जास ॥३॥
सन्त प्रसाद मेरे पूर मनोरथ, कर कृपा भय गुण तास ॥४॥
शान्त सहिज सुख मन उपज्यो, कोट सूर नानक प्रकाश ॥५॥

३०. मुलतानी. (तर्ज़—प्रेम पदार्थ.)

अब मोहे प्रेम की भूख विधाता, प्रेम पदार्थ दीजे ॥ टेक ॥
जब लग जीऊं तब गुण गाऊं, येही कृपा मो पै कीजे ॥१॥
निश दिन मेरो मन अब यों लोचत, प्रेम पियाला पीजे ॥२॥
यह विश्वासी कर जोड़ मांगे, दीन विनय सुन लीजे ॥३॥

३१. कसूरी. त्रिताल. (तर्ज़—सुकृत करले.)

आओ भाइयो बहिनो प्यारे, ईश्वर के सब गुन गावें॥टेक॥
प्रभु तूं मेरा परम सखा है, बली बली तेरे ही जावें ।
हे जननी जगत की माता, तुम सग प्रीत लगावें ॥ १ ॥
प्रेम करें हम सत गुनी से, किस विध दरशन पावें ।
गोद में खेले तेरे निर्भय, भक्ति से शीश नवावें ॥ २ ॥

३२. कीर्त्तन. (तर्ज़—कैसे दयाल हो.)

साईंत्रहित मिल तेरे चरणोंमें आये हे पिता करोकृपा हमें ॥टेक॥
गातेहैं सबमिल भक्तिभाव से तेरे मधुरनाम हम दिल भरके॥१॥
तुम्ही मातपिनागुरु ज्ञानदाता मिलेहै तुमसे स्नेहऔरममता॥२॥
देओज्ञान हमें प्रीतिऔरभक्ति सेवाकी इच्छा औरकर्ममेंमति॥३॥
यहीकरो प्रभु सुखदुःखमें कभी नभूलेंतुमको हम क्षण भरभी॥४॥

---

३३. होरी. (तर्ज़—मेरे तो तुमही)

प्रेम नगर की राह बनादो हे साधो ॥ टेक ॥
प्रेम नगर हीमें जाना मोको, सीधी राह दिखादो हे साधो ॥१॥
प्रेम नगर का औघट रस्ता, उसमें वने पहुंचादो हे साधो ॥२॥
प्रेमकेजलसेतनमनकनडोलूं, अवमेरीप्यास बुझादो हे साधो॥३॥
यह विश्राम प्रेम का चौरा, प्रेम ही में भरमादो हे साधो ॥४॥

---

३४. दोहे.

अति सुंदर कुलिन चतुर सुत्र ज्ञानी धनवंत ।
नरक कहेईं नानक, जिन मनि नहीं भगवंत ॥ १ ॥

तुलसी संतन ने सुनी, सत यही विचार ।
तन धन चंचल अचल जग, जग जग पर उपकार ॥ २ ॥

माला फेरे क्या भया, मन फाटी कर वार ।
दरिया मन को फेरे, जामें बसे विकार ॥ ३ ॥

जीऊ तील माहिं तेल है, जीऊं चकमक में आग ।
तेरा सांई तुझ में, जाग सके तो जाग ॥ ४ ॥

विनय करूं कर जोर के, सुनिये कृपानिधान ।
भक्ति भाव मोहिं दीजिये, दया गरीबी दान ॥ ५ ॥

संगत कीजे भले की, जो हरी करावे याद ।
ओछी संगत नीच की, आठों पहर उपाद ॥ ६ ॥

सत्य सदा जय करन है, झूठ पराजय होत ।
सत्य बढ़ावे कान्ति को, झूठ निरावे जोत ॥ ७ ॥

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे बड़ी खजूर ।
पन्छी को छाया ना मिले, फल लागे अति दूर ॥ ८ ॥

करत करत अभ्यास के, दुर्मति होत सुजान ।
रस्सी आवत जात हैं, सिल पर पड़त निशान ॥ ९ ॥

बार बार कर जोर के, विनय करें जगदीश ।
हम सब की रक्षा करो, तुम्हें निवावें शीस ॥ १० ॥

दया धर्म का मुल है, नरक मूल अभिमान ।
तुलसी दया ना छोड़िये, जब लग घट में प्राण ॥ ११ ॥

चिड़ी चुंज भर लेगई, नदी ना घटयो नीर ।
दान दिये धन ना खुटे, कह गये भगत कबीर ॥ १२ ॥

---

(२) साधुओं के जीवनसंबंधी भजन आदि.

जीवन संबंधी भजन.

१ भैरवी

ऐसी लाल तुझ बिन कौन करे।
गरीब निवाज गुसईया मेरे माथ छत्र धरे ॥ टेक ॥
जाकी छूत जगत् को लागे, ता पर तू ही ढरे ॥ १ ॥
नीचों ऊच करे मेरा गोविंद काहू ते न डरे ॥ २ ॥
नामदेव कबीर त्रिलोचन, सधना सेन तरे ॥ ३ ॥
कहे रविदास सुनो रे संता हरि जी ते सब ही सरे ॥ ४ ॥

२ माड धमाल (तर्ज—करो हरि का भजन)

वैद बुलाया वैदगी, पकड़ ढंढोले बांह।
भोला वैद न जाने, करक कलेजे मांह ॥ टेक ॥
जा रे वैद घर आपने हमरी आह न ले।
हम रूसे साहब आपने तू दवा किसकूं दे ॥ १ ॥
ऐसा वैद सुवैद तू पहिले रोग पछाण।
ऐसा दवा लाय लह जिते सबी रोग पलाण ॥ २ ॥
जावा वैद घर आपने जाने कायम कोय।
जिन करते दुख लाया, नानक लाहे सोय ॥ ३ ॥

३ गजल—धमाल (तर्ज—संगत सतन की)

वैद्य नब्ज क्या देखे, मुझे दिल की बिमारी है ॥ टेक ॥
कब तो तू कफरोग बतावे, कभी तासीर गर्मी की ।
जिगर का हाल तूं जाने नाहीं, तूं तो ही अनारी है ॥ १ ॥
प्रभु की मोहनी मूरत बसी, दिल बीच है मेरे ।
मन में चैन नहीं है तन की, खबर सारी बिसारी है ॥ २ ॥
असर करती कोई नाहीं, दवाई किमिया तेरा ।
बिना दीदार हरि के ही, मिटे नहीं बेकरारी है ॥ ३ ॥
अगर दिलदार को मेरे मिलावे, तूं कभी मुझसें ।
परमानंद गुण गान करुं मैं, सदा यादगारी है ॥ ४ ॥

---

४ भैरवी (तर्ज—प्रार्थना हो मेरी सग)

जिस कूं लागी सोई जाने, दूजा क्या जाने भाई ॥ टेक ॥
एका लागी बेका लागी, लागी सधन कसाई ।
बलख बुखारे कूं ऐसी लागी, छोड़ चले बादशाही ॥ १ ॥
नामा लागी सधन्ना लागी, लागी मीराबाई ।
पीपाजी कूं ऐसी लागी, पड़े समुंदर माई ॥ २ ॥
ध्रुव लागी प्रल्हाद लागी, लागी बिभीखन भाई ।
सुदामा जी कूं ऐसी लागी, कंचन पुरी रचाई ॥ ३ ॥
तीर न लागी तलवार न लागी, घाव नजर न आई ।
दास कबीर कूं ऐसी लागी दिल में राम जमाई ॥ ४ ॥

---

५. गज़ल धमाल.

हमन है प्रेम के माते, हमन सब्ती दिवाने हैं ।
खुशी का राह त्यागा है, कठिन में जा समाने हैं ॥ टेक ॥
नहीं कुछ माल की परवाह, किसी की मित्रता क्या रे ।
हमन जैसे फकीरों को, जगत की नेमता क्या रे ॥ १ ॥
बसें हम प्रेम की नगरी, जहां प्रीतम प्यारा है ।
चढ़े किश्ती सबूरी की, हमारा पंथ न्यारा है ॥ २ ॥
कियो हम दर्द का खाना, लियो हम भस्म का बाना ।
हमें बस प्रेम है भाना, किसी की मसलता क्या रे ॥ ३ ॥
करूंगा एक की पूजा, न जानू और को दूजा ।
वली का यो ही प्यारा है, कि जिस का यह पसारा है ॥ ४ ॥

६. भैरवी.

रुकमिणी बृज मोहे विसरत नईयां ॥ टेक ॥
शीतल जल यमुना के अचवन, और कदंम की छईयां छईयां ॥१॥
सकल सुवर्ण की बनी है द्वारिका, गोकुल समान बसईयां बसईयां॥२॥
एक बेर बृज फेर बसावो, सूरदास बल जईया जईया ॥ ३ ॥ ✓

७ खेमटा (तर्ज़—पुड़ी उड़ाके प्यारे मेरे.)

जिन के हृदय हरि नाम बसे, तिन और का नाम लिया न लिया ॥टेक॥
जिनके घर एक सुपुत भयो, तिन लाख कुपुत हुवा न हुवा ॥ १ ॥
जिनके द्वार पर गंग बहे, तिन कूपका नीर पिया न पिया ॥ २ ॥
तुलसी जिन परण गंह हरिके, तिन और की देव सिया न सिया ॥३॥

८. झिंझोटी—कव्वाली.

मने चाकर राखो जी ॥ टेक ॥
चाकर रहसुं बाग बनासुं, नित उठ दर्शन पासुं ।
बिंद्रावन की कुंज गली में, तेरी लीला गासुं ॥ १ ॥
चाकरी में दर्शन पाऊं, सुमिरण पाऊं खरची ।
भाव भगति जागीरी पाऊं, तिनो बाता सरसी ॥ २ ॥
हरे हरे सब बन बनासुं, बिच बिच राखुं बारी ।
प्रभुजी के दर्शन पाऊं, पहिर कुसुमित सारी ॥ ३ ॥
जोगी आया जोग करन को, तप करने सन्यासी ।
हरि भजन को साधू आयो, बिंद्राबन के बासी ॥ ४ ॥
मीरा के प्रभु गहिर गंभीरा, हृदये रहोजी धीरा ।
आधी रात प्रभु दर्शन दीनो, प्रेम नदी की तीरा ॥ ५ ॥

९. भैरवी—त्रिताल. (तर्ज—सगत सतन की.)

बड़ी है राम नाम की ओट ॥ टेक ॥
शरण गये प्रभु काटी देत है, करत कृपा के ओट ॥ १ ॥
बैठत सभी सभा हरि जूं की, कोन बड़ो कौन छोट ॥ २ ॥
सुरदास पारस के परसे, मिटत लोह के खोट ॥ ३ ॥

१०. कीर्त्तन.

नाम महारस पियोनि सखियो, नाम महारस पीव ॥ टेक ॥
बिन रस चाखे बुड गई सगल, सुखी न होवे जीव ॥ १ ॥

मान महत न सरूत है कादि, साधा दासी यीन ॥ २ ॥
नानक से जन शोभावेंते, जिन मभु अपनों कीव ॥ ३ ॥

---

११. झिंझिट—एकताल. (तर्ज—दयामय हरि)

दीन बन्धु दिना नाथ मेरी सन हेरीये ॥ टेक ॥
भाई नाई बंधु नाहीं, कुटुम्ब परिवार नाहीं ।
ऐसा कोई मित्र नाहीं, जाके दिग जाईये ॥ १ ॥
सोने की सलैया नाहिं, रुपे का रुपैया नाहीं ।
कौड़ी पैसा गांठ नाहीं, जासे कछु लीजिये ॥ २ ॥
खेती नाहीं बारि नाहीं, बनिज ब्योपार नाहीं ।
ऐसा कोई सही नाहीं, जासो कुछ मांगिये ॥ ३ ॥
कहत मलुक दास, छोड़ दे पराई आस ।
राम धनी पायके, अब का की शरन जाईये ॥ ४ ॥

तुम भये तरुवर, मैं भई पंखिया ।
तुम भये सरवर, मैं तेरी मछीया ॥ १ ॥
तुम भये गिरिवर, मैं भई चारा ।
तुम भये चंदा, हम भये चकोरा ॥ २ ॥
तुम भये मोती प्रभु, हम भये धागा ।
तुम भये सोना, हम भये सुहागा ॥ ३ ॥
बाई मीरा के प्रभु, ब्रज के वासी ।
तुम मेरे ठाकुर, मैं तेरी दासी ॥ ४ ॥

---

१४. पिलू.

कैसी मधुर बांसरी, बजाई मोरे श्याम ने ।
तन की गत मोहे भूल गई, धुन आई मोरे काम में ॥ टेक ॥
गृह काज सब भूल गई, सुध ना रही मोरी ।
प्राण को मेरे खेंच गई, उसही की प्यारी छबी ॥ १ ॥
मीरांदासी वर मांगती, हे प्रभु कृष्ण चंद्र जी ।
हृदय धरो सभी सज्जनों के, छबी अपनी गोपाल जी ॥ २ ॥

---

१५. आसा. (तर्ज—असा नूं साहिब.)

प्रभु को पावे केवल प्रेम में ।
नां है ज्ञान में नां है ध्यान में, नाहीं कर्म कुल नेम में ॥ टेक ॥
नां है भारत नां है रामायण, नाहीं मनु ना है वेद में ।
नां है बाद मे नां है विवाद में, नाहीं मतन के भेद में ॥ १ ॥

नां है मंदिर मे नां है पूजा में, नाहीं घंटा की घोर में ।
हरिचंद प्रभु बांध डाले, एक प्रेम की डोर में ॥ २ ॥

१६. गजल.

प्रम में तेरे कोहे गम, शिरपे लिया जो हो सो हो ।
ऐसो निशात जिंदगी, छोड़ दिया जो हो सो हो ॥ टेक ॥
लाग की आग लग उठी, पुंबे तरहां से जलगया ।
रखते वजुदे जानो तन, कुछ न बचा जो हो सो हो ॥ १ ॥
अकुल के मद्रसे से उठ, इश्क के मैकदे में आ ।
जामे फना व बेखुदी, अब तो पिया जो हो सो हो ॥ २ ॥
इस मरीज को हे तबीब हात, तूं अपना मत लगा ।
राहे रजा पे छोड़ दे बाहिरे खुदा, जो हो सो हो ॥ ३ ॥
दुनिया के नेकी आबदि से काम, नेयाज हम कुं कुछ नहीं ।
जो आप से गुजर गया, फिर उसे क्या जो हो सो हो ॥ ४ ॥

१७. टोड़ी. (तर्ज—प्रीति प्रभु से.)

अब मैं कौन उपाय करूं ॥ टेक ॥
जेहें विध मनकी संशा चुके, भव नदी पार तरूं ॥ १ ॥
जन्म पाय कुछ भलो न किनो, ताते अधिक डरूं ॥ २ ॥
मन बचनसे हरि गुन नहीं गाये, यह जिया सोच धरूं ॥ ३ ॥
गुरुमत सुन कुछ ज्ञान न उपजो, पशुवत उदर भरूं ॥ ४ ॥
कहा नानक प्रभु बीद पछानो, तबहुं पतित तरूं ॥ ५ ॥

१७. टोडी. (तर्ज—प्रीति प्रभु से.)

अब मैं कौन उपाव करूं ॥ टेक ॥
जेहिं बिध मन को संशा चुके, भव नदी पार तरूं ॥ १ ॥
जन्म पाये कुछ भलो न किनो, ताते अधिक डरूं ॥ २ ॥
मन बचन से हरि गुन नहीं गाये, यह जिया सोच धरूं ॥ ३ ॥
गुरुमत सुन कुछ ज्ञान न उपज्यो, पशुवत उदर भरूं ॥ ४ ॥
कहो नानक प्रभु बिरद पछानो, तबहुं पतित तरूं ॥ ५ ॥

१८. पिलू. (तर्ज—बिसर गई सब)

बीत गये दिन भजन बिना रे ॥ टेक ॥
बाल अवस्था खेल गंवाई, जब ज्वानी तब मान किया रे ॥ १ ॥
लाहे कारण मूल गंवायो, अजहूं न मिटी मेरी मन तृष्णा रे ॥ २ ॥
कहत कबीर सुनो भाई साधो, पार उतर गये सन्त जना रे ॥ ३ ॥

१९. माड. धमाल. (करो हरि का भजन.)

छिमा हमारी माता कहिये, संतोष हमारा पिता ।
सत्त हमारा चाचा कहिये, जिन संग मनुवा जीता ॥ टेक ॥
सुन लालू गुण ऐसा ।
समझे लोक बंधन के बाधे, सो गुण कहिये कैसा ॥ १ ॥
भाव भाई संग हमारे, प्रेम प्रीति सों बेटा ।
धीय हमारी धीर्ज बनाये, ऐसा संग हमारा ॥ २ ॥
बाल हमारी संग सहेली, मत्त हमारी चेली ।
यह कुटुंब मेरा कहिये, श्वास श्वास हमारे सेली ॥ ३ ॥

नाच हो के अरपन में, मग्न मगन हो नृत करें ॥ ३ ॥
कहे नन्ददास, सुनले प्यारे, जान भगवन्की युक्त यूं के ।
पहावें ऐसी अवस्था में हि, सदाहि हम दूर रहें ॥ ४ ॥

---

२२. अभंग.

कैसे करूं ध्यान, करूं कैसे दर्शन ।
देवो मर्म दान, तूं ही देवा ॥ टेक ॥
कैसे करूं भक्ति, कैसे करूं सेवा ।
कौन भाव से हम, पावें तुम्हें ॥ १ ॥
कैसी कीर्ति वर्णू, कैसा ध्यान करूं ।
हे प्रभु कैसे, जानें तुझे ॥ २ ॥
कैसे गावें गीत, कैसे ध्यावें चित्त ।
कौन स्थिति मति, बता देवो मुझे ॥ ॥ ३
तुका कहे जैसे, दास किये देवा ।
अनुभव करावो मुझे हे देवा ॥ ४ ॥

---

२३. काफी—धमाल. (तर्ज—प्रभु मैं तुम पर.)

फागुण के दिन चार रे, होलि खेल मना रे ।
बिन करताल पखावज बाजे, अनहद की झनकार रे ॥ टेक ॥
बिन सुर राग छत्तीसों गावै, रोम रोम रंग सार रे ।
शील संतोष की केशर घोली, प्रेम प्रीत पिचकार रे ॥ १ ॥
उड़त गुलाल लाल भये बदरन, बरसत रंग अपार रे ।
घट के सब पट खोलो भाई, लोक लाज सब डार रे ॥ २ ॥

होली खेल प्यारी पिया घर आये, सोई प्यारी पिय प्यार रे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, चरण कमल बलिहार रे ॥ ३ ॥

२४. गज़ल धमाल. (तर्ज़—अगर है प्रेम)

हमन आशक दिवाने हैं हमन को होशदारी क्या ।
रहे आजाद ए जग में, हमें दुनिया से यारी क्या ॥ टेक ॥
न पल बिछुड़े पिया हमसे, न हम बिछुड प्यारे से ।
हमारा प्यारा है हम में, हमन को बेकरारी क्या ॥ १ ॥
जहांमें नाम अपने को, बहुत सब सिर पटकते हैं ।
में हूं गुरुज्ञान में शामिल, मुझे फिर नामदारी क्या ॥ २ ॥
जो पीवे प्रेम का प्याला, जिकर ओर फिकर क्या चाहिये ।
जो जानत है सकल पद की, उसे जाहिर पुकारा क्या ॥ ३ ॥
कबीरा जात का टुकड़ा, गहीं डार दी सिर से ।
क चलना राह नाजुक है, हमें सिर बोझ भारी क्या ॥ ४ ॥

२५. कीर्त्तन. (तर्ज़—तूंहै तूंहै तूंहै रे.)

राम हे राम है राम हे रे, मेरे हृदे कमल में राम है रे ॥ टेक ॥
इस पासे गंगा उस पासे जमना, बिचमें गोकल एक गाम है रे ॥१॥
हृदय वन में रास रचायत, खेले पखेले एक शाम है रे ॥ मेरे ॥ २ ॥
मीराबाई कहे प्रभु गिरधर नागर, अमृत पीने की मुझे आश है रे ॥३॥

२६. भैरवी. (तर्ज—रुकमिणी ब्रज मोहे.)

पतितन को पावन कीजे, तुम बिन कछुहु न सूझे हो ॥ टेक ॥
जो जो आय शरण तिहारे, ताहे प्रेम सुख दीजे हो ॥ १ ॥
राखो लाज बिरदबाने की, मोहे अपनो कर लीजे हो ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु अधम उधारन, पलपल यह तन छीजे हो ॥ ३ ॥

---

२७ काफी. (तर्ज—एक भरोसा.)

मन तन तेरा धन भी तेरा, तूं स्वामी ठाकुर प्रभु मेरा ।
जीव पिण्ड सब रास तुम्हारी, तेरा जोर गोपाल जी ॥ टेक ॥
सदा सदा तू है सुखदाई, निवों निवों लागा तेरी पाई ।
कार कमावा जे तुध भावे, जो तूं दे दयाला जी ॥ १ ॥
प्रभु तुम ते लीना तू मेरा गहना, जो तूं दे सो सुख सहना जी ।
जिथे रखे बैकुण्ठ तियाई, तू सबना के प्रतिपाला जी ॥ २ ॥
सिमर सिमर नानक सुख पाया, आठ पहर तेरे गुण गाया ।
सकल मनोरथ पूरे होए, कदे न होय दुखाला जी ॥ ३ ॥

२८. दोहे.

चलती चक्की देख के, दिया कबीरा रोय ।
दो पाटन के बीच में, साबत रहा न कोय ॥ १ ॥
सुनो कबीर लोई कहे, किले सो लिव लाय ।
दो पाटन के बीच में, तो सारा बच जाय ॥ २ ॥
साईं सत सतोष दे, भाव भगत तहिं दास ।
सिधक सबूरी साध दो मांगे दादू दास ॥ ३ ॥

प्रेम दिवाने जो भये, नेम धर्म गयो खोय ।
सहजु नरनारी हंसे, वा मन आनंद होय ॥ ४ ॥
नामा कहे तिलोचना, मुख से राम समाल ।
हाथ पाउं कर काम सब, चित निरंजन नाल ॥ ५ ॥
जो आवे संत संग में, जाति वर्ण कुल खोय ।
सहजु मैल कुचल, जल मिले सुगंगा होय ॥ ६ ॥
सहजु दर्शन साध का, दो नयनों भरि लेह ।
तहं ताप मिटि जायंगे, शीतल होगी देह ॥ ७ ॥

---

(२) विशेष भजन.

१. गजल—त्रिताल. (तर्ज—जगदीश ईश.)

धन्य दीनानाथ, प्रभु स्वामी हो हमारे ।
करके आकर्षण लिया, मुझे खेंच अपने द्वारे ॥ टेक ॥
पाप सागर के निकट में, खड़ा था गिरने को अब ।
दया पकड़ मेरी ले गये, निज धाम में उबारे ॥ १ ॥
पाप से घेरा था मैं, दिन रात इस संसार ।
अब तो आशा हो गई मेरी, बेडूंगा शरण तुम्हारे ॥ २ ॥
अब तो कुछ भी कहना नाहीं, धन्यवाद बिना तुम्हारे ।
धन्य धन्य स्वामी जी! मेरे, तुमहीं मुझ को उद्धारे ॥ ३ ॥

---

२. कसूरी. (तर्ज—सुकृत करले राम.)

हरि पर राखो भरोसा भाई ।
काहे सोच करे दिन राती, रहौ चरण लो लाई ॥ टेक ॥
गर्भ मे जी सुध अबलु ले है, जब नहीं दांत सो अब भी नहीं है ।
दांत दिये जिन अन भी देहै, कब सुध है बिसराई ॥ १ ॥
सुख कहा सोच से लेगा, और ताप संताप सहेगा ।
तन जिन दिया वह पर धन देगा, रीत सदा चलि आई ॥ २ ॥
तोहे सोच बस अपने एक का, हरि रक्षक ब्रह्मांड अनेक का ।
बिरला चले मारगही विवेक का, धीरज मेहर उपजाई ॥ ३ ॥

३. वनजारा. त्रिताल. (तर्ज—प्रभु कैसा है अपरंपारा.)

प्रभु तुम कैसे दीन दयाल,,तुम कैसे दीन दयाल ॥ टेक ॥
मीन रहे पानी के भीतर, पशु फिरे धरती के ऊपर ।
पक्षी उड़े हवा के अंदर, सब के तुम रखवाल ॥ १ ॥
अजगर नहीं किसी के पाकर,, पंछी काम कर नहीं मिलकर ।
मनुज आश का तुम पर निरभर,, सब के तुम रखवाल.॥ २.॥
चार पदारथ के तुम दायक, प्रतिपालक सब भांति सहायक ।
हे स्वामी नायकन के नायक, तुम सम कौन कृपाल ॥ ३ ॥
दया दृष्टि कृपा निधि कीजे, माया मोह कपट हर लीजै ।
भक्ति दान मेहर को दीजे,.हों अत्यंत निहाल ॥ ४ ॥

४. गजल.

मुझे दास चरणों का, अपने बनाओ ।
छवि सुंदर सुघड़ई की, अपनी दिखाओ ॥ टेक ॥

कोई और श्रय हो न, दिलदार मेरी ।
मुझे नाथ अपना ही, सेवक बनाओ ॥ १ ॥
तुझ से हो मेरी प्रीति, गहरी दिनों दिन ।
प्रेम की प्रभु अपनी, धारा बहाओ ॥ २ ॥
बढ़ाओ मेरी अपने, चरणों से प्रीति ।
तुम्हि ऊंच भावों में, मुझ को बिठाओ ॥ ३ ॥

---

५. जोगी. एकताल. (तर्ज प्रभु बिना में.)

मेरे दिलका मालिक तुहीं हो तुहीं हो, तुहीं एक रहत तुहीं जिन्दगी हो ॥टेक॥
मेरा जिस्म दुनियामें रहता कहीं हो, हो बिमार या के सलामत सही हो ॥१॥
पर हरजा मेरी आस तुझसे लगी हो, तेरे बिन न कोई मेरा दिलदार हो ॥२॥
हो गरमी या सरदी या बारिश झड़ी हो, हो पर्वत समुंदर या नाला नदी हो॥३॥
शहर जंगल महल या झोंपड़ी हो, लगन एकही तुझसे मेरी लगी हो ॥४॥
दौलत मेरे पास हो या मुफलसी हो, रखता कोई बैर या दोस्ती हो ॥५॥
हो उमदा खाना या फाकाकशी हो, तुझी एक में रूह मेरी रम रही हो ॥६॥
हो इज्जत या के बेइज्जती हो, खुशी हो मुसीबत या आकन्दगी हो ॥७॥
न तुजसे मेरी बेवफाई कभी हो, वही हो खुदा जिसमें तेरी खुशी हो ॥८॥

---

६ गजल—धमाल (तर्ज—करो हरि का)

फकीरी में मजा जिसको, अमीरी क्या बिचारी है ॥ टेक ॥
फिकर सब तजे दुनिया के, भय सब दुःख के छुटे ।
सदा ही एक में वासा, याद प्रभु की पियारी है ॥ १ ॥

नहीं नोकर किसी जन के, न दिल मे लालसा धनकी ।
सबूरी धारकर मन में, गृहवासी, विहारी है ॥ २ ॥
मिला सत्संग संतन का, चले निजज्ञान की चरचा ।
पिछाना रूप अपने को, दुर्गति दूर टारी है ॥ ३ ॥
सभी जग जीवसें प्रीति, बराबर मान अपमाना ।
परमानंद पुरण में, मगन दिन रैन सारी है ॥ ४ ॥

---

७. आसा.

मेरो मन रम रह्यो राम संग, रम रह्यो राम संग ॥ टेक ॥
कैसे मधुर रस पी रह्यो है, उछत आनंद तरंग ॥ १ ॥
विविध लीला की लहिरें लगत है, बरखूं कैसे रस रंग ॥ २ ॥
रोम रोम मेरे तन मन अदर, नाचत गावत उमंग ॥ ३ ॥
अपरूप भावों से भर कर मेरा, प्राण भयो अब दंग ॥ ४ ॥
रमत हुं राम मे राम मुझी में, धन्य धन्य यह प्रसंग ॥ ५ ॥

---

८. बरहस धमाल. (तर्ज—चलो मन हरि.)

संदेशा केशव इक लाया, जिसने नवविधान बताया ॥ टेक ॥
चार खंड के महा पुरुषों का, ज्ञान विविध है गाया ।
ब्राह्मधर्म को नूतन करके, एक ईश ब्रह्म जपाया ॥ १ ॥
भेदाभेद छुडा के सब का, हरि रस प्याला पिलाया ।
बलिहार जाऊं उन के ऊपर, जो सीधा रस्ता बताया ॥ २ ॥

---

९. गजल (तर्ज—हृदय में बस रहा.)

या रब तेरी ज्नाब में हर्गिज कमी नहीं ।
तुझसा जहान के बीच तो, कोई धनी नहीं ॥ टेक ॥
जो कुछ की खूबीया है, सो तेरी जात में ।
तेरे सिवाय ओर तो, कोई धनी नहीं ॥ १ ॥
आसी की अर्ज तुझसे है, तुं सुन ले ऐ गनी ।
अपने फज़्ल के गंज से, तूं कर मुझे धनी ॥ २ ॥

१०. कीर्त्तन.

किसने मुझे यह देही दीई है, जिसके भीतर प्रिय प्राण रख्या है ।
सभ तरह की शक्ति दीई है, वह जग की जननी ॥ टेक ॥
सदा मेरी वो रक्षा करत है, पल पल में मेरी सुध लेवत है ।
सभ तरह से सुखी करत है, वह मेरी जननी ॥ १ ॥
आनंद से मुझे खेल करावे, लीला दिखाकर मन हर्षावे ।
माता पिता से प्यार करावे, मेरी वोही जननी ॥ २ ॥
दिखावे सुपथ अंदर रही, कुपथ चलुं तो होता दुःख ही ।
आज्ञा मानुं तो होता सुखहीं, हे मेरी जननी ॥ ३ ॥
दया तेरी का कैसे हो वर्णन, उपकार करती हो तूंही छिन छिन ।
करूं धन्यवाद तेरा मैं निशदिन, हे मेरी जननी ॥ ४ ॥

११. झिंझिट. तर्ज—संगत संतन की.)

मेरी तो लगन लगी हर से, प्रीत एक जादूगर से ॥ टेक ॥
मन मोहन ने मन मोह लीना, मन मोहनी मन्तर से ।

प्रेम का पानी पच कर पुष्प पर, डार दिया ऊपर से ।
(ज्यों अमृत धारा तर से,) (मेरी तो लगन लगी हर से) ॥ १ ॥
मेरी तो लगन लगी एक हर से, वृक्ष लता फुलों से ।
रंग बरङ्गी मनोहर लीला में, एकोऽहं हरि दरसे ।
(देखुं मैं चाहे जिधर से,) (बाहर भीतर की नजर से ॥ मेरी ॥ २ ॥
मेरी तो लगन लगी एक हर से, सखी आखूं मैं प्रेम से ।
मैं तो पिया की प्रेम दिवानी लजवाँ हुं मैं दिल से ।
(प्रेम जीवन के पथ से,) (मिलूं अपने परमेश्वर से) ॥ मेरी ॥ ३ ॥
मेरी तो लगन लगी एक हर से, सखी चलो अमर हो वांह से ।
पाप को त्याग पवित्रता पकड़ो, मिल के अजर अमर से ।
(चूकें नहीं अब इस अवसर से,) (लोटें नहीं प्रेमनगर से) ॥ मेरी ॥४॥

---

१२. वरहंस—धमाल. (तर्ज—चलो मन.)

देखो रे प्यारे संभल संभल पग धरियो ॥ टेक ॥
साथी खोटे कपट करेंगे, इनका साथ न करीयो ।
लोभ मोहादि कांटे नोकीले, जन इन बीच मे न फसीयो ॥ १ ॥
विषय वासना आंधी सी आवे, वाको पीठ दे रहीयो ।
माया धन बहु सर्प है भाई, देख देख डग चलियो ॥ २ ॥
परम पिता की सेवा करलो, इस बिन नाहीं उबरीयो ।
भवभय भजन पाप निकंदन, प्रभु को साथी करीयो ॥ ३ ॥
इष्ट देव अरु मुख्य वही है, वाही चरण चित लिजीयो ।
अतुल प्रेम रस मस्त हो यारो, ब्रम्हानंद में रहीयो ॥ ४ ॥

---

१३ कीर्त्तन—खयरा

केशव चरित्र, परम पवित्र, मूर्त्तिमान् नूतन विधान ।
नव वृंदावन, प्रेमर मिलन, यथाय ईश्वर विराजमान ॥ टेक ॥
सक्रेटिश ईशा मूशा ओर भक्त प्रधान ।
जनक गौतम आदि नरोत्तम सबाकार मिलनेर स्थान (केशव जीवनेर) ॥१॥
महायोग महाज्ञान एकाधारे वर्तमान ।
उदारहृदय, सर्वतीर्थमय, धर्म्म समन्वय समाधान ॥ २ ॥
जार संगे कत लीला, करिलेन भगवान् ।
सेई साधुसंग, निगूढ़ कथन, ह'ये थाकि जेन एकप्राण (हे दयामय हरि ॥३॥

---

१४. आलेया झांपताल. (तर्ज—तुमको हीं किया.)

हरि के भक्त जन प्यारी बड़ी मुश्किल से मिलते हैं ।
न कहते हैं न सुनते हैं नहीं दिल जिनके हिलते हैं ॥ टेक ॥
कहीं प्रल्हाद ने भक्ति तनोमन धन को वारा है ।
नहीं विश्वास को छोड़ा असुर सब देख जलते हैं ॥ १ ॥
न खाने से न पीने से नहीं कुछ नींद से हासल ।
नहीं है शोक दुनिया का तेरी भक्ति से पलते हैं ॥ २ ॥
दुखाते हैं न उनको भी जो आते जाय पासे मे ।
भरे प्रेम से दिल जिनके वह चाँद समान चलते हैं ॥ ३ ॥
प्यारी कर साफ दिल अपना तभी प्रीतम मिलते हैं ।
सफाई बिन नहीं मिलती यह रहते दिल के दिल पे हैं ॥ ४ ॥

---

१५. कालंगड़ा. (तर्ज़—मन तृप्त हो तूं.)

साफ दिल होके जो करता है मुहब्बत मेरी ।
रात दिन रहता है उस दिल में, स्थितता मेरी ॥ टेक ॥
आंख दिल की खोल के जो, लोग मुझे देखते हैं ।
दिल में रखकर रात दिन मुहब्बत मेरी ॥
उनको हर शैमें मज़र, आती है ज्योति मेरी ।
जरें जरें से नज़र आती है, क़ुदरत मेरी ॥ १ ॥
क़ुर्बान हो जो मुझ पे, मैं उन पे क़ुर्बान हूं ।
सदा सुखी रहते हैं वो गोद में मेरी ॥
खुद फ़ना होके जो मिल जाये मुझ से कभी ।
जान सकता है वही, सच्ची हकीक़त मेरी ॥ २ ॥

---

१६. काफी. (तर्ज़—सफल यह विश्व है.)

प्रेम ने रास्ता मेरे, जीवन का ही पलटा दिया ।
क्या मैं बनना चाहता था, मुझे अब क्या बना दिया ॥ टेक ॥
इच्छा थी दिल में दुनिया की, दौलत ही मैं जोड़ रहूं ।
जो दुख है दौलतमंदों का, मुझे उसने दिखा दिया ॥ १ ॥
नेक नामी का था भूखा, देखकर उसने मुझे ।
प्रेम की एक घूट से इस, भूक को भी मिटा दिया ॥ २ ॥
खुद पसंदी खुदरवी, खुदबीनी से मुझे निकाल ।
नम्रता अधीनता की, खाक पर बिठला दिया ॥ ३ ॥
पहले था बेयकीनी की, गली में रहना मेरा ।
मन ने विश्वास के, कूचेमें ला बसा दिया ॥ ४ ॥

उड़ती थी स्वार्थ की आ खाक, दिल के खेत में मों।
शान्त के जल का छींटा, प्रेम ने है बरसा दिया ॥ ५ ॥
जावन का है जीवन वोही, तूं दिल से कर उसी से प्रेम।
प्रेमने विश्वासी को, मूल मंतर सिखा दिया ॥ ६ ॥

१७. टोडी. (तर्ज—प्रीति प्रभु से.)

पार नहीं तेरा प्रभुजी पार नहीं तेरा।
कितनी दया करा जीवन में, करो हृदय डेरा ॥ टेक ॥
मरने पर भी छाडत नाहीं, साथ देत मेरा।
धर्म ज्ञान बलदके करत, आनंद बहुतेरा ॥ १ ॥
जीवन आशा पूर्ण किया प्रभु, दया दृस्त फेरा।
नवविधान में लाया किया प्रभु, धन्य जीवन मेरा ॥ २ ॥

१८. जोग.

अंदर है अखुट भंडार, ढूंढ तूं अपने हृदय में।
सहज भाव से मिले भंडार, देख तूं अपने हृदय में ॥ टेक ॥
मागेशा आश जो है, अंदर में, रख आश उस दिल दर्पण में।
मिला है अब यह कर, विश्वास, करो शुकराना वारंवार ॥ १ ॥
है रखा सब सुख-तेरे अंदर में, मग्न रह तूं, मनमंदर में।
दे रहा है प्रभु सुख भंडार, लेलो दिल के हाथ पसार ॥ २ ॥
ब्रह्म कल्पतरु तेरे, अंदर में, काम है तेरा लेना अंदर में।
शांतिसे कर पलपल नमस्कार, सफल जीवन होगा यह बार ॥३॥

१९. छोटा दशकुशी. (तर्ज—ब्रह्मध्यान ब्रह्मज्ञान.)

शुद्ध सत्य चिद्घन निरंजन निरंजन, निष्कलंक पुण्यका आधार ॥टेक ।
पतितजन पावन, पाप संताप नाशन, अधम तारण निर्विकार ।
(हम जितने नरनारि,—तुमरे शरणार्थ में) अधम ॥ १ ॥
विनाश करन पाप भार, करने को और उद्धार, जगमें भेजे हो साधुगण
करें सिमरण अपरास, व्याकुलता से करें नाद, लेटें पड़े तव चरण ॥
(गाते करो, करो बोले) लेटेपड़े ॥ २ ॥

---

२०. आसा.

तुमही दया का भंडार स्वामी, कृपा करी तूं बलिहार स्वामी ॥ टेक ॥
शरण आये की लज्जा रखें तूं, दीनन दुखीयन की सुध लेवे तूं ।
निरधनियों का तूं सहकारी स्वामी ॥ कृपा ॥ १ ॥
माता गर्भ में रक्षा करे तूं, निद्रा समय में हि हाथ राखें तूं ॥
संकट में तूं ही आधार स्वामी ॥ कृपा ॥ २ ॥
तूंही सभी को रोज़ी खवावे, मेघ दया का सब पे बरसावे ।
दाता सभी का तूं हितकर स्वामी ॥ कृपा ॥ ३ ॥
महिमा पिता है तेरी अपारा, पाय सकें नहीं भेद तुम्हारा ।
सारी सृष्टि तेरा परिवार स्वामी ॥ कृपा ॥ ४ ॥
देवा दयालु सिर हम झुकावें, नित नित पिताजी तुमको ही ध्यावें ।
करुणा नयन से निहारो हे स्वामी ॥ कृपा ॥ ५ ॥

---

२१. आलेया. झापताल. (तर्ज—ब्रह्मानंद केशवचंद्र.)

यह ब्राह्मधर्म मेरे जीवन में, प्रभु होय सदाही मूर्तिमान ।
अब योगभक्ति सेही ज्ञान मिले, अरु कर्म्म मिलाके हों समान ॥ टेक ॥

यह विश्व सर्व तेरा मन्दिर है, प्रभु होय यहांही दर्शपान ।
अब ब्रह्म ध्यान तेरा तीरथ हो, अरु नित्य सत्यको शास्त्रज्ञान ॥ १ ॥
अब धर्ममूलही विश्वास गिनो, अरु साधन प्रीतिकाही आन ।
अब स्वार्थ त्याग हो बैराग यहों, प्रभु दास बनो हो सावधान । २ ॥

२२. काफी.

तेरा तुझमें है अंदर राम, क्यों देश देशांतर भटके ॥ टेक ॥
अंदर काबा किबला अंदर, अंदर मसिजिद मंदर अंदर ।
अंदर तुझ में रमत है राम, इधर उधर क्यों बाहर भटके ॥ १ ॥
अंदर ब्रह्मा विष्णु अंदर, अंदर शंकर शशिधर अंदर ।
अंदर मे है राबहि खान, क्यों नहीं मन की वृति मोड़े ॥ २ ॥
अंदर सूरज चंदर अंदर, अंदर जमना गंगा अंदर ।
अंदर तेरे अड्सठ धाम, तीर्थको और कहां तूं ढूंढे ॥ ३ ॥
अंदर योगी जोग लगावत, अंदर दिल में धुनी दुखावत ।
"अलच" बुलाके सुबह और शाम, क्यों नहीं मन की माला फेरे ॥४॥

२३. काफी.

आत्मा पखी प्रभु देश का, अपना आप तूं जान ॥ टेक ॥
प्रभु जब सर्वव्यापी है रे, जीव उस बिन कोई खाली नहिं रे ।
सब संतान उसीका है रे, फिर क्यों होता तूं हैरान ॥ १ ॥
आत्मा पखी तूं अमर है रे, मन तन का प्रभु संबल है रे ।
प्रभु तेरी पल पल रत्ता करे रे, फिर क्यों न धरत ईमान ॥ २ ॥
सच्चे धंधे में कर गुजराना, प्रभुजीका कर नित्त शुकराना ।
न हो गाफिल अरु दिवाना, प्रेम भक्ति से हो मस्तान ॥ ३ ॥

२४ सारंग—एकताल. (तर्ज—जो कोई इस विध)

आओ आओ भाई बहिनो सबही, प्रभु का ही भजन करो हाँ करो ।
नीच मलीन सब ख्याल छोड़के, मन को मस्त करो ही करो ॥ टेक ॥
हरि ही केवल शांति निकेतन, उसकी शरण पड़ो ही पड़ो ।
हरि रस अमृतरूपी बाणी, पल पल पान करो ही करो ॥ १ ॥
प्रभु प्यारे के चरण कमल में मन चित्त प्राण जोड़ो ही जोड़ो ।
प्रेम से सेवा करो प्रभुकी, भ र से हृदय भरो ही भरो ॥ २ ॥

२५ काफ़ी सितार (तर्ज—एक पुरातन पुरुष)

अब ध्यान धरो साक्षात हरि का, जिसका किया हम पूजन है ॥टेक ॥
पवित्र हृदय में परम देव का, निरखा रूप निरंजन है ।
प्रम भाव से गद गद होकर, देखा वो पुरुष सनातन है ॥ १ ॥
दिव्य दृष्टि का भिक्षा मांगो, धन्यवाद करो अर्पण है ।
डूब डूब के उनकी सत्ता में, सफल करो अब जीवन है ॥ २ ॥

२६. तिलंग

जब तक देही में है प्राण, सदा तु राम कह कह कह ॥ टेक ॥
होवें दूर बन्धन परिवारी, सच्चे सत नाम की बाणी ।
पीओ हरिनाम का पानी, सतान जिससे होवे बहु बहु ॥ १ ॥
सच्चे सतनाम बिन प्यारा, सब है अधाई अंधकारा ।
लग जिसे नाम धन प्यारा, होवें उसे दु ख सउ सउ सउ ॥ २ ॥
निशिदिन तुम जपो हरिनाम, उठे बैठे सिमर सत्त नाम ।
जपो तुम राम सुख पाओ, होवे न कोई भउ भउ भउ ॥ ३ ॥

पल पल राम ध्याओ तुम, लगाओ प्रेम हरि से तुम ।
मन का भ्रम मिटाओ तुम शरण प्रभु की तू पड पड पड ॥ ४ ॥

२७ कीर्तन. (तर्ज—मैं तो अच्छी)

कृपाकरो मेरे दीन दयाला ॥ टेक ॥
शर सदा में लिया है तुम ने, अपने पुराय की लगादो ज्वाला ॥ १ ॥
पाप ख्याल सब जल भुन जावे, जग सारा हो जावे निहाला ॥ २ ॥
देवता गण सारे खुश होवें, हम भी नाचें नाच निराला ॥ ३ ॥
तेरे नाम की जय जय करके, अमृत पीकर हावें मतवाला ॥ ४ ॥

२८ लावनी—अजब बनी तेरी जिंदगानी

हे जगत् स्वामी प्रभु जी, भेंदधरू क्या मैं तेरी ॥ टेक ॥
माल नहीं मेरे सपद नाहीं जिसको कहूं मैं मेरी ।
इस जग में हम ऐसे बिचरें, जोगी करें जो फेरी ॥ १ ॥
धनजन यौवन अपने माने, मूरख भूला भारी ।
तुझ बिन और सहाय न मेरा देख लिया मैं विचारी ॥ २ ॥
यह तन मन होय न अपना, है सब माल तुम्हारा ।
अब चाहे सभी तूं लेवे, नहीं कुछ जोर हमारा ॥ ३ ॥
तुमरे दरकी मैं कूकर स्वामी, लाज तुझे है मेरी ।
धर्म शर्म निज अर्पण करके देओ भक्ति मुझ बिन देरी ॥ ४ ॥

२९. आलैया—झांपताल.

ब्रह्मानंद केशवचंद्र, आदर्श भक्त जीवन ।
सन्मुख उनके रहने से, नहिं निराशा न रोदन ॥ टेक ॥
योग भक्ति कर्म ज्ञान, है सम्मिलित वर्तमान ।
जाग्रत अंतर उनके, है सदा आत्मदर्शन ॥ १ ॥
चरित्र उनका है अमर, आनंदमय उदार ।
उत्साह के हैं अवतार, जैसे अनंत अगन ॥ २ ॥
पथ पे हम उन्हींके चलें, विश्वास पै निर्भर करें ।
मोह पाप दूर करें, हम पावें अमर भवन ॥ ३ ॥

३०. बाहार. एकताल.

दीपक तुम्हारा प्रेम, अब लो एक क्षण में ।
रहें कहां संसार शोक, घोर विपद सामने ॥ टेक ॥
सूर्य उदय आधार जैसे, तुरत तमस छोड़ जाय ।
तैसे हि तुम्हारी ज्योति, मंगलमय विराजे हृदय ।
भक्त हृदय जाय शोक, तुम्हारे मुख सामने ॥ १ ॥
तुम्हरी करुणा तुम्हरा प्रेम, हृदय प्रभु भावने ।
बहत प्रेम अश्रु वारि, रोके कौन निवारिये ॥
जय करुणामय जय कल्याणमय, तुम्हारा गुण गाइये ।
जाय यदि हमरा माथ, तुम्हरे चरण सामने ॥ २ ॥

३१. तिलंग. (तर्ज—करो ध्यान सदा.)

कैसी तुम्हरी दया अनुपम ॥ टेक ॥
हम सब के मंगल के कारण, कीनी अद्भुत [illegible]

सब जन मेरे, बन गये पालक ।
हुए प्राण सखा बने रक्षक ॥ ३ ॥
कहे तुकाराम खेलत हूँ मौज मे ।
मिला सुख तेराही अंदर बाहिर में ॥ ४ ॥

३७ पद च्याल साधी.

जीवन सबल तुमहीं, तुमहीं एक प्राणाधार ।
तुम बिना दिल बन्धु, सबही असार ॥ टेक ॥
दैव सम्पद के हो तुमहीं, एक मात्र मूल आधार ।
प्रेम विश्वास पवित्रता, आनंन्द भाव के तुम भण्डार ॥ १ ॥
आत्मा की जिन्दगी के, एक तुमहीं हो आहार ।
तुम्हे छोड़ आत्म नाश, जीवन का नाहीं निस्तार ॥ २ ॥

३८. काफी. (तर्ज—जय जय हरि.)

प्रीत मेरी है अतिही, प्रभु मिलन वास्ते ।
प्रभु मिलन वास्ते, प्रभु दरश वास्ते ॥ टेक ॥
तूं तो मेरा प्राण सखा, कैसे तुम्हे छोड़ रहूं ।
पल पल मेरी दिल है आकुल, तुम्हें देखन वास्ते १ ॥ ॥
दया तेरा है बहुत, हम सभी के वास्ते ।
हर दम तेरा ध्यान धरुँ, आशीश लेने वास्ते ॥ २ ॥
विशाल संसार है तेरा परिवार, कैसे करें इसे धिक्कार ।
लगाऊं मैं प्रीत इसमें, आज्ञा पालन वास्ते ॥ ३ ॥
संसार सुंदर तेराही मंदर, है हमारे वास्ते ।
रहें मगन करे भजन, प्रेमी होन वास्ते ॥ ४ ॥

३९. जिल्हा—कवाली.

सो नर हान छिनमें प्रेमियोंके प्रेम से हरा ॥ टेक ॥
जाकों पाईबेके काज, जपी, तपी, ऋषि राज ।
अविचल समाधी साज, ध्यान रह धरी ॥ १ ॥
माप्त करन जोहि रत्न, ज्ञानवान कर प्रयत्न ।
ज्ञान सिंधु करत मथन, वह बेठ हर घड़ी ॥ २ ॥
पाईबेको परमआतुर, राज्यमान्य राजेश्वर ।
योग साधना रहे कर, राज्य परिहरि ॥ ३ ॥
तत्वज्ञानी तत्व तार, कवि जन जा रवि पार ।
शोधत गए हार, "नेति नेति" उच्चरी ॥ ४ ॥
भ्रम प्रेम मात्र है उपाय, उनको सहायक बनाय ।
जिनसे तर जाय बिकट, भव जल लहरी ॥ ५ ॥

४०. जोग.

एक तूंहि आधार, तुम बिन कोई न दीखें और ॥ टेक ॥
सबका स्वामी अन्तर्यामी, सृष्टि सृजन हार ॥ तुम ॥ १ ॥
माता पिता तुम सबका ही मालिक, प्रभु तूं पालनहार ॥ तुम ॥२॥
तूं चिंता निरंजन भय दु:ख भंजन, करत कृपा हैं करतार ॥ तुम ॥३॥
दया दृष्टि हे तुमरी हे दाता, तूंहि दयालु दातार ॥ तुम ॥ ४ ॥

४१. येमन, त्रिताल. (तर्ज—प्रार्थना हि मेरी.)

भले बुरे ख्याल बेवत हो जेस ।
आवेंगे बन कमकार ही वैसे ॥ टेक ॥

कामों के करत आदत पड़ती, आदतही फिर स्वभाव बनाती ।
फिर भाग है बनता स्वभाव से ही, शुभ ख्याल तुम राखो तबही ॥ १ ॥

४२. रायढ़ा (तर्ज—नित्य नए सुर.)

तुम खंडित भारत में विशाल भारत, स्थाप किये यह मन ।
(है तब तो बुलाओ—सब भाई भाई कर एकही ठाई ॥ है ॥
तभी कर्म के भीतर नुतन सजाकर, किया नवधर्म स्थापन ।
(आपही ने किया) नवधर्म स्थापन ॥ टेक ॥
जहा है पुराना बाद तुम फिरसे, बाधोगे नुतन घर ।
(एसा न हो तो कैसा होगा—महामिल समन्वय ॥ न हो तो ॥
(हम होंगे सबक सब ही हमार, नहीं कोई अन्यतर)
(भेदा भेद भुल जावे) नहीं कोई अन्य तर ॥ १ ॥
बहुतों के जीवन में तुमने गड़ा है, तरा नव देवालय ।
(अपने हाथस है मा (गड़ाहै गोपनमें) गोपनमें मन माफिक ॥ अपने॥
मानव जीवन है नव-जुग-तीर्थ, धर्म कर्म समन्वय ।
(नेह देवालय में) धर्म कम समन्वय ।
(नव-जुग-तीर्थ देह देवालय में
(नव जुग तीर्थ) है मानव जीवन में ।
धर्म कर्म समन्वय है मानव जीवन म ॥ २ ॥
जाहा बनगा यहा मक्का काशीधाम, नुतन जेरुशिलाम ।
(यहीतो है नववृंदावन—प्राण में ही तीर्थ समागम) ॥ यहीतो ॥
सब भेद भाव भूले जय जय बोले, गायेंगे तुम्हारा नाम ।
(समन्वय क्षेत्र में) गायेंगे तुम्हारा नाम ॥ ३ ॥
तबही नव भारत म सुनके शुभ, नुतन यह समाचार ।
(तुम आय हो आप—जाओं की दशा मलीन देखे ॥ तुम ॥

साधु भक्त साथ लेके। क्रिष्ट महम्मद लेके। गाध्य गौरचांद लेके ॥तुम॥
जनक नानक जरथुस्त्र लके—भक्त ब्रह्मानंद लेके ॥ तुम ॥
आओ बजाओ निशंक पंचमुखी शख, नव जुगे अनिवार।
(भारत में) नव जुगे अनिवार ॥ ४ ॥

---

४३. ठोठुकी.

स्वार्थेर प्रबल टान जाति प्रेम अभिमान भेदबुद्धि विद्वेष ज्वालाय।
(धरा ज्वलिया मरे—विद्वेष ज्वालाय आजि)।
(ओई शोनो शोनो गो—दुःखेर रोदन रोल)॥
दयाभक्ति स्नेहप्रीति, दलन दमने निति पथे घाटे धुलिते लुटाय।
(पथ चलिते नारि—धुलि अंध आख आजि—आधारे कातार भये।
लज्जा अपमान क्षोभे, पथ चलिते नारि)।
(कोथा आछो-आछो हे—विपद भयहारी हरि)॥
विनाशिते पापभार दुष्कृतेर अत्याचार धर्मराज्य करिते स्थापन।
(जुगे जुगे करो लीला—जुग अवतार सने)।
(लुकिहो सबे—तोमा हते सुदूर दूरे)।
(तबु हलो ना, होलो ना गो—तोमार इच्छार जय भवे)॥
धरा हबे स्वर्गधाम नव नामे प्राणाराम अशान्ति हबे अवसान।
(से दिन कबे वा हबे—आशा पथ चेये आछि)॥

---

४४. कीर्त्तन

ऊठत बैठत सोवत राम, राम बिना ना कोई रे।
जल थल महिथल राम हि रामा, तन_मन अदर सोइ रे।

तूं तो मन में बसें प्यारा तू है हमरा आधारा ।
तूहि है करतारा, तेरा देखुं यह पसारा ।
आहा ! तूं सुंदर अपारा, तुझ प जाय बलिहारा ॥ तू तो ॥

४५. कालंगड़ा (तर्ज—अब हरि की धूम)

अब खुली है हीर बहारी रे ॥ टेक ॥
सूर्ज चढ़े जोर भरे, थाड़ा देर में ।
राभ नाला नदि, तार भय अब आब में ।
होतो होती है पक्षी ललकारी रे ॥ १ ॥
फूल फुटे शोभा भरे, शाख शाख में ।
मेवा मिठा खूब अच्छा, भाड़ भाड़ में ।
आती आती चमन खुशबूदारी रे ॥ २ ॥
मालदार खुश बहार, मौज रंग में ।
कैसे घास पड़ा सब्ज अच्छा, सारे फैंस में ।
शोभा बनी है सब संसारी रे ॥ ३ ॥
शाह गदा रंगी सदा, भक्ति रंग में ।
मस्त होवो तुम भी जगके, भले काज में ।
भडे भडे दया दातारी रे ॥ ४ ॥

४६. जोग. (तर्ज—अब हरि की धूम)

पवित्र बोली उच्चार, प्यारे पवित्र बोली उच्चार ॥ टेक ॥
पवित्र राम है पवित्र माया है, पवित्र जग से हीं व्यवहार ॥ १ ॥
पवित्र तन है पवित्र मन है, पवित्र जीवन है हमार ॥ २ ॥
पवित्र काम पवित्र धाम है, पवित्रता से तूं दीन गुजार ॥ ३ ॥

पवित्र संग हो पवित्र प्रसंग हो, पवित्र हृ येहो ससार ॥ ४ ॥
पवित्र ध्यान हो पवित्र गान हो, पवित्र शांति हो मन में धार ॥ ५ ॥

४७. दोहे.

बहु शास्त्र बहु सिमृति, पेखे सर्व ढंढोल ।
पूजस नाहिं हरि हरि, नानक नाम अमोल ॥ १ ॥

पढ़ पढ़ थाके पंडिता, किनहूं न पाया पार ।
कथ कथ थाके मुनी जना, दादू नाद आधार ॥ २ ॥

दादू कुल हमारे केशवा, संगात सिरजन हार ।
जाति हमारी जगत, गुरु, परमेश्वर परिवार ॥ ३ ॥

रूप वरण याके नहिं, सहज़ु रंग न देह ।
मीत इष्ट याके नहीं, जात पात नहिं गेह ॥ ४ ॥

बैठे लेटे चालते, खान पान व्यवहार ।
जहां तहां सुमिरन करै, सहजू हिये निहार ॥ ५ ॥

पंथ पथ सब जगत के, बात बतावत तीन ।
राम हृदय मन में दिया, जन सेवा में लीन ॥ ६ ॥

क्या जीवे में जीवना, दर्शन बिन बेहाल ।
दादू सोई जीवना, प्रगट प्रसन्न लाल ॥ ७ ॥

दादु सम करि देखिये, कुंजर कीट समान ।
दादु दुविधा दुर करि, तजि आपा अभिमान ॥ ८ ॥

उत्सव कीर्तन.

१. पीलु.

क्या सुधा है नाम में तेरो, ऐ मेरो प्रीतम प्यारे ।
मेरा चित्त चकोरा होय मतवारा, नाम सुधा अब पान करे ॥ टेक ॥
परस रतन जो नाम है तेरो, लोहे को कांचन करे ।
मेरा चित्त चकोरा होय मतवारा, अब बोले मन हरे हरे ॥ १ ॥
अमृत सरोवर नाम है तेरो, भूख पियासा दूर करे ।
मेरा चित्त चकोरा होय मतवारा, अब बोले मन हरे हरे ॥ २ ॥

२. बाउल सुर—एकताल.

हमरा सकल तुम्हीं, सकल तुम्हीं,
सकल ही तो हो तुम्हीं,
जैसा काया छोड़के छाया नहीं नाथ, तैसा हम और तुम्हीं ॥ टेक ॥
हमरा बल तुम्हीं, हमरी बुद्धि तुम्हीं,
हो तुमहीं प्राण, हम प्राणी, तुम हो हृदय स्वामी ॥ १ ॥
जैसा चलाओ तुम्हीं, चलूं वैसा हम हीं,
चलावे जवी जैसा अत्र तैसा, हाथ में तुमरे हम हीं ॥ २ ॥
जैसा बोलाओ तुम्हीं, बोलूं वैसा हम हीं,
हे नाथ तुमहीं ज्ञान हम ज्ञानी, तुम हो अंतर्यामी ॥ ३ ॥

कबीर बास बड़ाई बुड़िया, इव मत डुबह कोय।
चंदन के निकट बसीये, बांस सुगंध न होय ॥ ९ ॥

कबीर सेवा को दुइ भले, एक संत एक राम।
राम जु दाता मुक्त को, संत जपावे नाम ॥ १० ॥

कबीर सभ ते हम बुरे, हम तज भलो सभ कोय।
जिन ऐसा कर बुझिया, मीत हमारा सोय ॥ ११ ॥

कबीर हमरा को नहीं, हम किसहुं की नाह।
जिन यह रचन चाईया, तिसे माह समाह ॥ १२ ॥

बिना भक्ति धोखे सभी, जोग यही आधार।
राम नाम हृदय धरो, सहजु यही विचार ॥ १३ ॥

सहजु दर्शन साध का, देखूं मारूं माथ।
जिन की कृपा पाईये, निर्भय पद निर्वान ॥ १४ ॥

कबीर जो मय चितौवना करे, क्या मेरे चित्तये होय।
अपना चित्तविया हर करे, जो मेरे चित्त न होय ॥ १

उत्सव कीर्त्तन.

१. पीलु.

क्या सुधा है नाम में तेरो, ऐ मेरो प्रीतम प्यारे ।
मेरा चित्त चकोरा होय मतवारा, नाम सुधा जब पान करे ॥ टेक॥
पारस रतन जो नाम है तेरो, लाहे को कांचन करे ।
मेरा चित्त चकोरा होय मतवारा, जब बोले मन हरे हरे ॥ १ ॥
अमृत सरोवर नाम है तेरो, भूख पियासा दूर करे ।
मेरा चित्त चकोरा होय मतवारा, जब बोले मन हरे हरे ॥ २ ॥

---

२. बाउल सुर—एकताल.

हमरा सकल तुम्हीं, सकल तुम्हीं,
सकल ही तो हो तुम्हीं;
जैसा काया छोड़के छाया नहीं नाथ, तैसा हम और तुम्हीं ॥ टेक॥
हमरा बल तुम्हीं, हमरी बुद्धि तुम्हीं;
हो तुमहीं प्राण, हम प्राणी, तुम ही हृदय स्वामी ॥ १ ॥
जैसा चलाओ तुम्हीं, चलूं वैसा हम ही;
चलावे जंत्री जैसा जन्त्र तैसा, हाथ में तुमरे हम ही ॥ २ ॥
जैसा बोलावो तुम्हीं, बोलूं वैसा हम ही;
हे नाथ तुमहीं ज्ञान हम ज्ञानी, तुम हो अंतर्यामी ॥ ३ ॥